गौरवशाली परम्परा का 107वां वर्ष

आज

आज मात्र 4.00 रुपया

website :- www.ajhindidaily.com | यहां भी पढ़ें :-निःशुल्क ई पेपर सब्सक्राइब | For e-Paper :- www.ajhindidaily.com

बरेली, रविवार 25 अक्टूबर ,2026 | उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड तथा उत्तराखण्ड से प्रकाशित | महानगर संस्करण पृष्ठ 12 मूल्य 4 रुपया

'डीपफेक' का आवरण ओढ़े अपराधियों को भी खोज निकालेंगे-मुख्यमंत्री

एआई मददगार हो सकता है, निर्णयाक नहीं बनना चाहिए

लखनऊ (आससे)। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) और 'डीपफेक' के दौर में अपराधी कितना भी तकनीक का आवरण ओढ़ ले, राज्य की वैज्ञानिक और विधिक क्षमता उसे खोज निकालेगी। मुख्यमंत्री लखनऊ स्थित उप्र राज्य फॉरेंसिक विज्ञान संस्थान में आयोजित तीन-दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन 'टेक संगम 2026' के दूसरे दिन के कार्यक्रम का उद्घाटन कर रहे थे। योगी ने कहा एआई हमारे लिए मददगार हो सकता है, लेकिन उसे निर्णायक नहीं बनना चाहिए। प्रौद्योगिकी का संचालन मानव विवेक से होना चाहिए, न कि मनुष्य तकनीक के विवेक पर निर्भर हो जाए। पूरी तरह एआई पर निर्भरता भविष्य में संकट बन सकती है। उन्होंने कहा कि वैज्ञानिक साक्ष्यों, फॉरेंसिक जांच और आधुनिक तकनीक के समन्वय से अपराध अनुसंधान को

प्रभावी बनाने के साथ न्याय मिलने में होने वाली देरी को भी कम किया जा सकेगा। एक बयान के मुताबिक, इस अवसर पर उन्होंने क्वांटम फॉरेंसिक्स और विधिक अनुपालन के क्षेत्र में कार्य करने वाले सेंटर ऑफ एक्सीलेंस का शुभारंभ किया। साथ ही कंसेंट मैनेजमेंट पोर्टल लॉन्च किया, अभेद्य परियोजना की आधारशिला रखी और एआई इन कंस्ट्रक्शन पुस्तक का अनावरण किया। सम्मेलन में साइबर सुरक्षा, डिजिटल साक्ष्य, क्वांटम तकनीक, फॉरेंसिक विज्ञान और एआई के न्यायिक एवं

योगीने टेक संगम २०२६ के दूसरे दिनका किया उद्घाटन

प्रशासनिक उपयोग पर विशेषज्ञों ने विचार साझा किए। मुख्यमंत्री ने प्रदेश में कानून-व्यवस्था में आए बदलाव का उल्लेख करते हुए बताया करीब 100 एकड़ की जिस जमीन पर आज विश्वस्तरीय फॉरेंसिक संस्थान खड़ा है, उस पर कभी लखनऊ के एक बड़े भू-माफिया का कब्जा था।

कार-ट्रक की भिड़ंत में छह की गयी जान

चूरू। राजस्थान के चूरू जिले के सादुलपुर क्षेत्र में शनिवार सुबह भीषण सड़क हादसे में एक ही परिवार के पांच सदस्यों समेत छह लोगों की मौत हो गयी। हादसा दरदेवा गांव के पास हुआ, जहां तेज रफ्तार कार आगे चल रहे ट्रक से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। कार में सवार लोगों को बाहर निकालने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। जानकारी के अनुसार, हनुमानगढ़ जिले के तारानगर क्षेत्र के सोमनसीसर गांव का एक परिवार गोगामेड़ी मंदिर में दर्शन करने जा रहा था। शनिवार सुबह करीब 8.30 बजे सादुलपुर क्षेत्र में दरदेवा गांव के पास उनकी कार आगे चल रहे ट्रक से टकरा गयी। प्रत्यक्षदर्शियों

के मुताबिक, टक्कर के समय जोरदार धमाका हुआ। हादसे में कार सवार छह लोगों की मौके पर ही मौत हो गयी जबकि सात माह की बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गयी। हादसे की सूचना मिलते ही आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और राहत कार्य में जुट गये। स्थानीय लोगों ने क्षतिग्रस्त कार से लोगों को बाहर निकालने में मदद की। घायलों को निजी वाहन से सादुलपुर के अस्पताल पहुंचाया गया। बताया गया कि पुलिस और एंबुलेंस भी घटनास्थल पर पहुंचीं। हालांकि, उनके पहुंचने में देरी होने की बात भी सामने आयी। मृतकों में एक ही परिवार के पांच सदस्य और कार का चालक शामिल बताया गया है। एक ही परिवार के कई सदस्यों की मौत की खबर से सोमनसीसर गांव सहित आसपास के क्षेत्र में शोक छा गया।

आजमगढ़ की मतदाता सूची में गड़बड़ी का मामला

कम्प्यूटर सहायक, पांच बूथ लेवल अधिकारी हटाये गये, अन्य दो अधिकारियोंके विरुद्ध एक्शनका फरमान

लखनऊ (आससे)। समाजवादी पार्टी द्वारा 15 अक्टूबर को प्रेस वार्ता के माध्यम से लगाये गये आरोप विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र 347-आजमगढ़ की मतदाता सूची में विकास यादव नामक व्यक्ति का नाम 10 बार अंकित होने का त्वरित संज्ञान लेते हुए प्रकरण की विस्तृत जांच आख्या जिला निर्वाचन अधिकारी आजमगढ़ से प्राप्त की गयी। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि जांच आख्या के अनुसार समान नाम,समान वल्दियत का एक मतदाता गोरखपुर के विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र चौरीचौरा से सम्बन्धित है, जो 13 प्रविष्टियों से भिन्न है। विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र 347-आजमगढ़ की मतदाता सूची में आरोप में उल्लिखित मतदाता ''विकास यादव'' का हिन्दी में नाम 13 बार अंकित होना पाया गया। 13 जगह मतदाताओं के नाम हिन्दी में ''विकास यादव'' प्रदर्शित होने के संदर्भ में 2 जगह पूर्व में ही नियमानुसार विलोपन की कार्यवाही की जा चुकी है। शेष 11 प्रविष्टियां आजमगढ़ के 11 अलग-अलग व्यक्तियों से सम्बन्धित हैं, जो अपने-अपने गांव में वर्तमान में निवास कर रहे हैं और 11 में वास्तविक ''विकास यादव'' को छोड़कर अन्य 10 व्यक्तियों के वास्तविक नाम एवं अन्य विवरण के संशोधन हेतु को फार्म-8 भरवा दिया गया है। मतदाता सूची के कार्य से तत्काल हटाते हुए उनकी सेवा समाप्त किये जाने सम्बन्धी नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए हैं। प्रकरण के लिए जिम्मेवार विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र 347-आजमगढ़ के कम्प्यूटर सहायक एवं बूथ लेवल अधिकारियों, तत्कालीन निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी तथा 2 सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों के विरूद्ध लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 की धारा-32 के अन्तर्गत कार्रवाई किये जाने से पूर्व नोटिस दिए जाने के निर्देश दिये गये हैं।

आगरामें तीन बूथों पर पुनर्मतदान कल

लखनऊ, (आससे)। उत्तर प्रदेश विधान परिषद चुनाव के बाद आगरा शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के तीन मतदान स्थलों पर दोबारा वोटिंग होगी। आयोग ने २६ अक्टूबर को सुबह ८ बजे से शाम ४ बजे तक फिर से मतदान कराने का आदेश दिया है। इस संबंध में रिटर्निंग ऑफिसर ने पुनर्मतदान कराने को लेकर भारत निर्वाचन आयोग को पत्र भेजा है।

जल निकायों की अनदेखी नहीं कर सकते : सु.कोर्ट

नयी दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि जब मूल्यवान जल निकायों की सुरक्षा नहीं की जा रही हो, तो अदालतें इस स्थिति की अनदेखी नहीं कर सकतीं। शीर्ष कोर्ट ने सभी राज्यों और संबंधित अधिकारियों को आर्द्रभूमियों (वेटलैंड्स) की मौके पर जाकर वास्तविक स्थिति की जांच करने और उनकी सीमाएं तय करने का निर्देश दिया है। न्यायमूर्ति अरविंद कुमार और न्यायमूर्ति विपुल एम पंचोली की पीठ ने कहा कि जल निकाय पीने के पानी का स्रोत हैं। इसलिए वे बेहद मूल्यवान (कीमती) हैं। वे संविधान के तहत मिले जीवन के अधिकार के दायरे में आते हैं। पीठ ने कहा, यह अदालत केवल मूकदर्शक बनकर नहीं रह सकती और जल निकायों को असुरक्षित छोड़ने के परिणामों की अनदेखी नहीं कर सकती। इस उद्देश्य को पूरा करने के लिए सुप्रीम कोर्ट ने राज्यों और आर्द्रभूमि प्राधिकरणों को अपने निर्देश फिर से याद दिलाए। कोर्ट ने कहा कि यदि जल निकायों की मौके पर जाकर वास्तविक स्थिति की जांच अभी तक नहीं की गई है, तो यह काम किया जाए। इसके बाद इस प्रक्रिया में अपनाए गए तरीके और कार्यप्रणाली का विवरण देते हुए अनुपालन हलफनामा दाखिल किया जाए। कोर्ट ने शुरुआत में कहा था कि ये हलफनामे अधिकतम चार सप्ताह के भीतर दाखिल किए जाने चाहिए। पीठ ने कहा, वरिष्ठ वकील शेखर नाफड़े ने जोरदार तरीके से दलील दी है कि अधिकारियों की ओर से मौके पर जाकर वास्तविक स्थिति की जांच करना समय लेने वाला काम होगा। उन्होंने इसके लिए छह से नौ महीने का उचित समय देने की मांग की है। पीठ ने कहा कि वह इस काम में लगने वाले व्यापक जमीनी प्रयासों और विभिन्न विभागों के बीच समन्वय की जरूरत से अवगत है। पीठ ने कहा, फिर भी स्थिति को ध्यान में रखते हुए हम इस पूरी प्रक्रिया को पूरा करने के लिए चार महीने का समय देना उचित समझते हैं। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि नियमों के प्रकाशित होने की तारीख से नौ साल बीत जाने के बाद भी जल निकायों की वास्तविक स्थिति की जांच और उनकी सीमाएं तय करने का काम पूरा नहीं हुआ है। सुप्रीम कोर्ट पक्षी प्रेमी आनंद आर्य, वकील एमके बालकृष्णन और गैर-सरकारी संगठन वनशक्ति की ओर से दायर जनहित याचिका पर सुनवाई कर रहा था।

पीएम मोदी आज पहुंचेंगे यूपी और ओडिशा

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 25 अक्टूबर को उत्तर प्रदेश और ओडिशा के दौरे पर रहेंगे। जहां वे कई सारी बहुप्रतीक्षित योजनाओं का उद्घाटन करेंगे. साथ ही वायुसेना की 94वीं वर्षगांठ पर भारतीय वायुसेना के कार्यक्रम में भी शामिल होंगे। प्रधानमंत्री सबसे पहले दिल्ली से अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी पहुंचेंगे। जहां वे सुबह करीब 11 बजे वाराणसी में अरविंद लिमिटेड की नई गारमेंट मैन्युफैक्चरिंग यूनिट का उद्घाटन करेंगे. इसके बाद वे भारतीय वायुसेना की 94वीं वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगे.इस कार्यक्रम की थीम विंग्स ओवर गंगा रखी गई है। यहां वे दोपहर करीब 1 बजे नमो घाट पर एयर फोर्स डे एरियल डिस्प्ले-2026 देखेंगे. इस एरियल डिस्प्ले में तेजस, एलसीएच प्रचंड, सुखोई-30 एमकेआई और राफेल लड़ाकू विमान शामिल होंगे. परिवहन विमानों के साथ भारतीय नौसेना और थलसेना के विमान भी इस कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे. सूर्य किरण एरोबेटिक टीम और सारंग हेलीकॉप्टर डिस्प्ले टीम भी यहाँ प्रदर्शन करेंगी. वाराणसी से कार्यक्रम में शामिल होने के बाद प्रधानमंत्री ओडिशा की राजधानी भुवनेश्वर पहुंचेंगे। जहां वे शाम करीब 4-45 बजे भारतीय रिजर्व बैंक के नए डेटा सेंटर और साइबर सुरक्षा प्रशिक्षण संस्थान का उद्घाटन करेंगे. भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) का यह डेटा सेंटर 169 करोड़ रुपये में बनकर तैयार हुआ साथ ही यह डेटा सेंटर 18.55 एकड़ क्षेत्र में फैला है. प्रधानमंत्री इस कार्यक्रम को संबोधित भी करेंगे। इस डेटा सेंटर में चार अत्याधुनिक डेटा सेंटर सुविधाएं होंगी. यहां भुगतान और निपटान से जुड़ी महत्वपूर्ण प्रणालियों सहित अन्य प्रमुख डिजिटल सेवाओं को होस्ट किया जाएगा. संस्थान में क्वांटम कंप्यूटिंग, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और अन्य उभरती तकनीकों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा. शाम करीब 6.30 बजे प्रधानमंत्री इस दौरे से रवाना हो जाएंगे।

एटीएस ने संदिग्ध को दबोचा

मुंबई। महाराष्ट्र आतंकवाद निरोधी दस्ते (एटीएस) ने मुंबई के माहिम इलाके से 33 वर्षीय एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। उस पर प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन जैश-ए-मोहम्मद से जुड़े होने का संदेह है। आरोपी की पहचान मोहम्मद हसन अबू सरमद अख्तर के रूप में हुई है। उ जांच एजेंसी के अनुसार, आरोपी रैपिडो राइडर और इत्र विक्रेता के तौर पर काम करने की आड़ में कट्टरपंथी विचारधारा का प्रचार कर रहा था। एटीएस का आरोप है कि वह विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के जरिए सांप्रदायिक नफरत और देश-विरोधी भावनाएं फैलाने की कोशिश कर रहा था। जांचकर्ताओं को उसके मोबाइल फोन से ऐसी गतिविधियों से जुड़ी सामग्री भी मिली है।एजेंसी के मुताबिक, आरोपी एक टेलीग्राम ग्रुप चलाता था। आरोप है कि एक जून को उसने इस रुप पर जैश-ए-मोहम्मद के सरगना मौलाना मसूद अजहर के भड़काऊ ऑडियो भाषण अपलोड किए थे, जिनमें बाबरी मस्जिद और अन्य मुद्दों का जिक्र था। एटीएस ने यह भी दावा किया कि वह इब्न-ए-कासिम नाम के एक पाकिस्तान-समर्थित कट्टरपंथी टेलीग्राम चैनल का सक्रिय सदस्य था। यह गिरफ्तारी उस घटना के कुछ महीनों बाद हुई है, जब जुलाई में गुजरात एटीएस ने जैश-ए-मोहम्मद से जुड़े एक आतंकी मॉड्यूल की जांच के दौरान पांच लोगों को हिरासत में लिया था।

प्रधान प्रशासक की मौत का कारण हैंगिंग,महिला पर उकसाने का आरोप

मीरगंज(आज ब्यूरो)। गांव पहुंचा बुजुर्ग में ग्राम प्रशासक राजेंद्र कुमार पाल की बुधवार को संदिग्ध हालत में हुई मौत के मामले में पीएम रिपोर्ट में मृत्यु का कारण हैंगिंग आया है। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। सीओ मीरगंज अजय कुमार ने बताया पुलिस प्रशासक की मौत की जांच कर रहा है उन्होंने कहा पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण हैंगिंग आया है।गांव प्रशासक ने फांसी क्यों लगाई। यह जानने के लिए सीडीआर निकालने की रिपोर्ट भेजी गई है।वहीं संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत के मामले में पुलिस ने मृतक के छोटे भाई राजेश कुमार पाल की तहरीर पर एक महिला के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज की है।पुलिस में पंजीकृत शिकायत के अनुसार

> पुलिस प्रशासक की मौत की जांच कर रही है पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण हैंगिंग आया है,मृतक के भाई की तहरीर पर नामजद महिला पर प्राथमिकी दर्ज की गयी है।
> **अजय कुमार**
> **सीओ मीरगंज**

मृतक की पिछले एक वर्ष से एक महिला से मोबाइल फोन पर बातचीत होती थी। महिला बातचीत के दौरान गांव प्रधान को मानसिक रूप से प्रताड़ित करती थी और आत्महत्या के लिए उकसाती थी। घटना से एक दिन पहले दोनों के बीच लगभग दो घंटे तक फोन पर बातचीत हुई थी। मृतक के मोबाइल फोन की फॉरेंसिक जांच कराने, कॉल डिटेल रिकॉर्ड की पड़ताल करने और अन्य डिजिटल साक्ष्यों की जांच से स्थिति स्पष्ट हो सकती है।पुलिस को सौंपी तहरीर में महिला की कई इंस्टाग्राम आईडी का भी जिक्र किया गया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि



शिकायत में लगाए गए आरोपों और उपलब्ध साक्ष्यों की जांच के बाद ही मामले की वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

लाखों की अफीम के साथ दो तस्कर पकड़े 3.45 लाख रुपये नकद व बाइक भी बरामद

आंवला(आज ब्यूरो)। आंवला के सिरौली थाना पुलिस ने शनिवार को बताया कि दो अंतरराज्यीय तस्करों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से 1 किलो 45 ग्राम अवैध अफीम, 3.45 लाख रुपये नकद, एक अपाचे बाइक और 3 मोबाइल फोन बरामद हुए। पुलिस ने दोनों पर एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज कर जेल भेज दिया है।पुलिस टीम बरेली-रामपुर बॉर्डर पर चेकिंग कर रही थी। टांडा की ओर से आ रहे अपाचे सवार दो संदिग्धों को रोकने का इशारा किया तो वे भागने लगे। जल्दबाजी में उनकी मोटरसाइकिल फिसल गई, जिसके बाद पुलिस ने उन्हें पकड़ लिया।तलाशी में तस्करों ने पैरों में रस्सी से बांधकर अफीम छुपाई हुई थी। पूछताछ में आरोपी अरविंद यादव ने बताया कि वह झारखंड से अफीम लाकर पश्चिमी यूपी, दिल्ली, पंजाब और हरियाणा में बेचता था। उसने 3 किलो अफीम लाई थी, जिसमें से 2 किलो बेच चुका था। बरामद रुपये उसी बिक्री के हैं दूसरे आरोपी धर्मेंद्र कश्यप ने बताया कि वह करीब दो साल से अफीम की खरीद-फरोख्त में शामिल है।वह झारखंड से अफीम मंगाकर पंजाब और हरियाणा में फुटकर (रिटेल) में बेचता है। उसने बताया कि एक किलो अफीम की बिक्री पर उसे 40,000 से 45,000 रुपये तक का मोटा मुनाफा होता है।इस बड़ी कामयाबी को हासिल करने वाली पुलिस टीम में वरिष्ठ उपनिरीक्षक श्रीपाल सिंह, उपनिरीक्षक एजाज खां, हेड कांस्टेबल राहुल कुमार गौतम, कांस्टेबल भारतवीर मलिक, सतेन्द्र कुमार, संजीव कुमार, रिक्रूट कांस्टेबल आकाश मलिक, विजय और अनुभव दांगी शामिल रहे।

न्यूज अपडेट

डीएम ने प्राथमिक विद्यालय धौरेरा माफी का किया निरीक्षण

बरेली(आज समाचार सेवा)। जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने

शनिवार को विकास खण्ड बिथरी चैनपुर स्थित प्राथमिक विद्यालय धौरेरा माफी एवं आंगनवाड़ी केंद्र का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विद्यालय में संचालित शैक्षणिक गतिविधियों एवं अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने विद्यालय में अध्ययनरत बच्चों से संवाद कर उनकी पढ़ाई, कक्षा में दी जा रही शिक्षा तथा विद्यालय में उपलब्ध सुविधाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने बच्चों से पढ़ाई से जुड़े प्रश्न भी पूछे और उनकी शैक्षणिक प्रगति के बारे में जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने विद्यालय की रसोई में तैयार किए जा रहे भोजन की गुणवत्ता का परीक्षण किया। उन्होंने भोजन की गुणवत्ता, स्वच्छता एवं बच्चों को उपलब्ध कराए जा रहे मध्याह्न भोजन की व्यवस्था का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने विद्यालय की व्यवस्थाओं का निरीक्षण करते हुए बच्चों को स्वच्छ वातावरण में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराने के महत्व पर जोर दिया।

आनंद आश्रम वार्षिकोत्सव: भगवान के उपदेश सुन अर्जुन का मोह हुआ भंग:स्वामी ज्योतिर्मानंद सरस्वती

बरेली(आज समाचार सेवा)।आनंद आश्रम रामपुर बाग बरेली के वार्षिक उत्सव के तृतीय दिवस में रायबरेली से पधारे साथ ही कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे पूज्य स्वामी ज्योतिर्मानंद सरस्वती ने अपने प्रवचन में बताया की

मोह से ग्रसित अर्जुन को जिसकी दृष्टि में अपने सगे संबंधियों को देखकर मोह आ गया तभी भगवान ने अर्जुन को गीता का उपदेश किया भगवान के उपदेश को सुनकर अर्जुन का मोह भंग हो गया इसी क्रम में बृजघाट से पधारे सर्वेश्वरानंद सरस्वती ने प्रवचन में बताया की गुरु की महिमा पर प्रकाश डालते हुए गुरु बिन भवनिधि तरई ना कोई ध्रुव और प्रहलाद को भी भगवान की प्राप्ति गुरु कृपा से हुई स्वामी अक्षयानंद महाराज ने प्रवचन में बताया की जीव व ब्रह्म के मिलन में कामना ना रह जाए यही भक्ति है पूज्य नरेश शास्त्री ने अपने प्रवचनों में गुरु की कृपा का व्याख्या की तथा कहा कि गुरुदेव की चरण धूलि को जो सिर पर धारण करता है अर्थात गुरु से सच्चि निष्ठा रखता है तब गुरु उसके जीवन को पावन बना देते हैं कार्यक्रम की शुरुआत गुरु वंदना व गणेश वंदना से हुई इस अबसर पर राधा संकीर्तन मंडल बरेली द्वारा संतों का सम्मान किया, आश्रम के मंत्री अनिल अग्रवाल ने बताया की वार्षिक उत्सव 25 अक्टूबर तक चलेगा श्वास (दमा) की दवा 24 एवं 25 अक्टूबर को निशुल्क वितरित की जाएगी उत्सव मेंसभी भक्तों से आने का अनुरोध किया कार्यक्रम में प्रबंध समिति के अध्यक्ष प्रेम शंकर अग्रवाल, उपाध्यक्ष पंकज अग्रवाल, मंत्री अनिल अग्रवाल, दीपेश खंडेलवाल, शशिकांत मोदी, विवेक अग्रवाल, नरसिंह मोदी रजनिश अगृवाल ने व्यवस्था में सहयोग किया और उपस्थित रहे

पुलिस से शिकायत करने के शक में की मारपीट, दी तहरीर

बिशारतगंज (आज ब्यूरो)। थाना क्षेत्र के ग्राम मिलक जैतपुर निवासी नेकसू पुत्र ख्यालीराम ने थाने पहुंचकर तहरीर दी की गांव के होरीलाल पुत्र डालचंद ने नेकसू को देखकर बिना बात गालियां देने लगा और कहने लगा साले तू तूने मेरे तीनों बेटों को पकड़वा दिया है तू साले पुलिस का मुखबिर है गालियां देने से नेकसू ने मना किया और विरोध जताया तो होरीलाल व उनके लड़के बुद्ध पाल टिक्कू संजू ने एक राय होकर नेकसू पर हमला बोल दिया और मारपीट करने लगे नेकसू के थप्पड़ मारे कपड़े फाड़ दिए संजू ने नेकसू के कान पर थप्पड़ मारने कान से खून आ गया दाहिने कान से बिल्कुल सुनाई नहीं आ रही है होरीलाल सहित इन लोगों के हाथों में लाठी डंडे तमंचा था और बताया कि यह लोग मादक पदार्थ तस्कर हैं थाना बिशारतगंज सहित पंजाब में तस्करी में पकड़े भी जा चुके हैं अगर बाहर व थाने की पुलिस दबिश देती है या मादक पदार्थों को बरामद कर पकड़ती है तो यह लोग नेकसू पर शक करते हैं कि इसने पकड़वा दिया

यादगारे मुकेश' गायन प्रतियोगिता व सांस्कृतिक संध्या कल

बरेली(आज समाचार सेवा)।यादगारे मुकेश' गायन प्रतियोगिता एवं सांस्कृतिक संध्या का आयोजन 26 अक्टूबर 2026 को शाम 6:30 बजे गोल्डन फार्म, पीलीभीत बाईपास रोड, में किया जाएगा। कार्यक्रम को लेकर आयोजकों द्वारा तैयारियां की जा रही हैं। कार्यक्रम के आयोजक रॉबर्ट जॉनसन हैं, जबकि वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं सामाजिक कार्यकर्ता अजय शुक्ला इस आयोजन के संरक्षक हैं।

कार्यक्रम के संबंध में जानकारी देते हुए संरक्षक अजय शुक्ला ने बताया कि 'यादगारे मुकेश' केवल एक संगीत कार्यक्रम नहीं, बल्कि महान गायक मुकेश जी के प्रति श्रद्धांजलि और उनकी अमर संगीत विरासत को जीवित रखने का 42 वर्षों से जारी एक महत्वपूर्ण प्रयास है। उन्होंने कहा कि मुकेश जी की आवाज़ ने कई पीढ़ियों को भावनाओं, प्रेम, विरह और जीवन के विभिन्न पहलुओं से जोड़ने का काम किया है। उनके गीत आज भी उतने ही लोकप्रिय हैं और संगीत प्रेमियों के दिलों में विशेष स्थान रखते हैं। इस वर्ष के आयोजन का प्रमुख आकर्षण मुंबई फिल्म जगत के चर्चित कलाकार किशोर भंसाली होंगे, जिन्हें बरेली आने की सहमति प्राप्त हुई है। किशोर भंसाली ने कई चर्चित फिल्मों में काम किया है और अपनी अभिनय शैली से दर्शकों के बीच पहचान बनाई है। उनके कार्यक्रम में शामिल होने से आयोजन को विशेष आकर्षण मिलने की उम्मीद है। 'इस दौरान ऋषि कुमार शर्मा च्यवन उपस्थित रहे। यादगारे मुकेश' के मंच के माध्यम से पूर्व वर्षों में रंजीत, राजा मुराद, राहुल राय, राजपाल यादव, किरण कुमार, राकेश बेदी और अरुण बख्शी जैसे चर्चित कलाकारों को बरेली की जनता से रूबरू होने का अवसर मिला है। इस परंपरा ने कार्यक्रम को शहर के संगीत एवं सांस्कृतिक आयोजनों में विशिष्ट पहचान दिलाई है।

मतदाता सूची का सत्यापन अपर नगर मजिस्ट्रेट द्वितीय ने किया औचक निरीक्षण

बिशारतगंज (आज ब्यूरो)। नगर के उच्च प्राथमिक विद्यालय में नगर मजिस्ट्रेट आलोक कुमार का औचक निरीक्षण, बूथ संख्या 279 से 283 तक मतदाता सूची संबंधी कार्यों का लिया जायजामतदाता सूची से संबंधित कार्यों के लिए लगाए गए बीएलओ बूथ का अपर नगर मजिस्ट्रेट (द्वितीय) बरेली आलोक कुमार ने औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मतदाता सूची के सत्यापन, नए मतदाताओं के नाम जोड़ने तथा नाम और अन्य विवरणों में संशोधन से संबंधित कार्यों की जानकारी ली।विद्यालय में बूथ संख्या 279 से 283 तक मतदाता सूची संबंधी कार्य किए जा रहे हैं। इन बूथों की जिम्मेदारी पांच बीएलओ संभाल रही हैं। बूथ संख्या 279 पर श्रीमती नीलम कुमारी, बूथ संख्या 280 पर श्रीमती सयमा खानम, बूथ संख्या 281 पर श्रीमती मुमताज जहां, बूथ संख्या 282 पर श्रीमती रीना तथा बूथ संख्या 283 पर श्रीमती प्रवेश कुमारी तैनात हैं।निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने मतदाता सूची से जुड़े कार्यों की जानकारी ली।

मतगणना की गोपनीयता किसी भी स्थिति में भंग न की जाए : सीडीओ

बरेली(आज समाचार सेवा)। मुख्य विकास अधिकारी देवयानी की अध्यक्षता में शनिवार को बरेली-मुरादाबाद खण्ड शिक्षक निर्वाचन-2026 हेतु मतगणना कार्मिकों का प्रशिक्षण विकास भवन स्थित सभागार में सम्पन्न हुआ। प्रशिक्षण

के दौरान मुख्य विकास अधिकारी ने समस्त मतगणना कार्मिकों को निर्देशित किया कि वे मतगणना स्थल पर अपनी पहचान-पत्र (आईडी) अनिवार्य रूप से साथ लेकर जाएं तथा निर्धारित समय पर उपस्थित हों। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार जनपद बरेली में बरेली-मुरादाबाद खण्ड शिक्षक निर्वाचन का मतदान शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुआ है, उसी प्रकार मतगणना भी शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं व्यवस्थित ढंग से सम्पन्न कराई जाए। इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए।प्रशिक्षण में बताई जा रही प्रक्रियाओं एवं निर्देशों को भली-भांति समझ लें, ताकि मतगणना के दौरान किसी प्रकार की त्रुटि न हो। उन्होंने निर्देश दिए कि मतगणना स्थल में पोलिंग एजेंटों द्वारा पूछे जाने वाले प्रश्नों का शांतिपूर्वक एवं नियमानुसार उत्तर दिया जाए। उन्होंने कहा कि कोई भी कर्मचारी अपनी ड्यूटी कटवाने के प्रयास में इधर-उधर न घूमे तथा सौंपे गए दायित्वों का पूरी जिम्मेदारी से निर्वहन करें। प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिला विकास अधिकारी दिनेश कुमार, जिला विद्यालय निरीक्षक सहित समस्त मतगणना कार्मिक उपस्थित रहे।

आज निकलेगी महाराजा अग्रसेन की भव्य शोभायात्रा

फतेहगंज पूवी(आज ब्यूरो)।नगर में रविवार को अग्रवाल समाज की ओर से महाराजा अग्रसेन की शोभायात्रा निकाली जाएगी। शोभायात्रा को लेकर समाज के लोगों में उत्साह है।शोभायात्रा में महाराजा अग्रसेन के स्वरूप के साथ अग्रवाल समाज के 18 गोत्रों की झांकियां आकर्षण का केंद्र रहेंगी।अग्रवाल सेवा समिति के अध्यक्ष रवीन अग्रवाल ने बताया कि शोभायात्रा के माध्यम से महाराजा अग्रसेन के आदर्शों, सामाजिक एकता और भाईचारे का संदेश दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि महाराजा अग्रसेन ने समाज को समानता, सेवा और सहयोग की प्रेरणा दी। उनके आदर्श आज भी समाज के लिए प्रासंगिक हैं।शोभायात्रा के आयोजन का उद्देश्य महाराजा अग्रसेन के विचारों को जन-जन तक पहुंचाना और समाज में एकता की भावना को मजबूत करना है। आयोजन को लेकर तैयारियां की गई हैं।

ससूर की हत्या करने वाला कलयुगी दामाद गिरफ्तार

बहेडी(आज ब्यूरो)। नगर के मोहल्ला शेखुपुर मे बीती 18 अक्तूबर की रात्रि पति पत्नी के झगडे मे ससुर द्वारा दोनों को बचाने पर दमाद ने ससुर के सिर मे लोहे की राड मार दी थी।जिसने डंडा लगते ही ससुर की मौके पर ही मौत हो गई थी। शनिवार को पुलिस ने हत्या आरोपी के घर पर दविश मारकर उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।जानकारी के अनुसार नगर के मोहल्ला शेरनगर निवासी तौफिक अहमद पुत्र जमील अहमद की बेटी काफी दिनो से अपने पिता के घर रह रही थी। बीती 18 अक्टूबर की रात्रि करीब 8 बजे दामाद राहिद पुत्र मजीद अहमद अपनी ससुराल आया। और पत्नी से किन्ही घरेलू बातों पर लडने लगा। झगडे की खबर जब तौफिक अहमद को लगी तो वह दामाद राहिदऔर बेटी को बचाने लगे। इसी बीच दामाद ने उनके सिर मे लोहे की राँड मार दी.. जिससे वह जमीन पर गिरे और उनकी मौके पर ही भौत हो गई। हमलावर मौके से फरार हो गया था। थाने मे मृतक के भाई की ओर से नामजद रिर्पोट दर्ज कराई गई थी। पुलिस ने शनिवार को मोहम्मद राहिद पुत्र अब्दुल माजिद निवासी मोहल्ला शेर नगर को गिरफ्तार कर जेल भेजा।

सहकारी समितियों के कर्मचारी हड़ताल पर, खाद , बीज वितरण ठप

मीरगंज(आज ब्यूरो)। मीरगंज समेत तहसील क्षेत्र की सहकारी समितियों के कर्मचारियों ने बकाया वेतन भुगतान सहित विभिन्न मांगों को लेकर कार्य बहिष्कार आंदोलन शुरू कर दिया है। उनका कहना है कि उन्हें बकाया वेतन भुगतान के साथ राज्य कर्मचारी भी घोषित कर प्रति माह वेतन दिया जाए। सहकारी समितियां का व्यवसाय घाटे में होने से उन्हें काफी समय से वेतन नहीं मिल पा रहा है। जिस कारण आर्थिक तंगी से जूझ रहे हैं।और बच्चों को स्कूल नहीं भेज पा रहे हैं। इस हड़ताल के कारण सहकारी समितियों पर खाद ,बीज वितरण ठप हो गया है। ऐसे में किसान खासे परेशान हैं। इस समय गेहूं और गन्ने की बुवाई का समय है।ऐसे में खाद ,बीज न मिलने से किसानों के सामने संकट खड़ा हो गया है। अगर यह समस्या जल्द हल नहीं हुई, तो बुवाई के काम पर असर पड़ेगा ।सहायक विकास अधिकारी सहकारी समितियां ज्ञानेंद्र कुमार भास्कर ने स्वीकार किया कि सहकारी समिति कर्मी हड़ताल पर है।उनकी मांगों से जिले पर अवगत करा दिया गया है। समझा-बुझाकर जैसे तैसे उनसे काम लिया जा रहा है। ताकि किसान हित प्रभावित न हो। किसी भी समिति पर पूरी तरह से कार्य बंद नहीं है।

धान खरीद और खाद-बीज की कमी पर भाकियू टिकैत की चेतावनी

अधिकारियों के घेराव व धरने की दी चेतावनी

आंवला(आज ब्यूरो)। आंवला में भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) की शाखा ने शनिवार को पंचायत की। किसानों ने धान खरीद, खाद-बीज की कमी और प्रशासनिक लापरवाही पर नाराजगी जताई।यूनियन ने चेतावनी दी है कि समस्याओं का तुरंत हल न होने पर अधिकारी घेराव और धरने के लिए तैयार रहें।किसानों ने बताया कि धान क्रय केंद्र ठीक से काम नहीं कर रहे। लेखपालों की लापरवाही से पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन नहीं हो पा रहे। खाद की कमी भी है; जो मिल रही है, उसके साथ जबरन दूसरा सामान दिया जा रहा है। रबी की बुवाई नजदीक होने पर भी सरकारी बीज गोदामों पर गेहूं का अच्छा बीज नहीं है।अधिकारियों पर चुनाव में व्यस्त रहने का आरोप है, जिससे सुनवाई नहीं हो रही। भाकियू नेताओं ने प्रशासन को तुरंत समस्या हल करने को कहा। समाधान न होने पर अधिकारियों का घेराव और सहकारी समितियों पर प्रदर्शन होगा। कानून-व्यवस्था की जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।पंचायत में भाकियू के प्रदेश महासचिव चौधरी शिशुपाल सिंह, तहसील अध्यक्ष महाराज सिंह यादव और जिला उपाध्यक्ष पंकज कुमार शर्मा समेत कई किसान और पदाधिकारी मौजूद थे।

दशहरा मेले के दूसरे दिन भीड़ उमड़ी, प्रतियोगिताओ की धूम

बरेली(आज समाचार सेवा)।रोटरी क्लब बरेली साउथ के तत्वावधान में बरेली क्लब मेला ग्राउंड में आयोजित 40वें विराट दशहरा मेले के दूसरे दिन का उद्घाटन में मुख्य अतिथि शंभू कुमार मंडलायुक्त द्वारा किया गया ।इस अवसर पर उन्होंने कहा कि दशहरा मेला जैसे आयोजन समाज के सभी वर्गों को एक मंच पर लाने का काम करते हैं। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से बच्चों और युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलता है। उन्होंने मेले के सुव्यवस्थित आयोजन की सराहना करते हुए आयोजकों को शुभकामनाएं दीं ।अतिथियों का स्वागत डॉ. आई.एस. तोमर, रवि प्रकाश अग्रवाल, डॉ. रवि मेहरा, मेला डायरेक्टर अंकुर बंसल, क्लब अध्यक्ष रोहित जिंदल, सह मेला डायरेक्टर अनुराग गोयल व नयन अग्रवाल, सचिव शिशिर पांडे, कोषाध्यक्ष वीरेश मित्तल, घनश्याम खंडेलवाल और दिनेश गोयल ने किया ।ग्रुप डांस प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने आकर्षक प्रस्तुतियां दीं ।वहीं, वॉइस ऑफ बरेली प्रतियोगिता में जूनियरऔर सीनियर वर्ग के बच्चों ने गायन प्रतिभा दिखाई ।सरतापुर स्थित रोटरी

पब्लिक स्कूल के छात्र-छात्राओं ने भी नृत्य प्रस्तुति दी ।स्कूल के बच्चों की मनमोहक प्रस्तुति से दर्शकों की खूब तालियां बटोरी ।कार्यक्रमों का संचालन अजय जसोरिया, संदीप मेहरा, अनिल अग्रवाल, डॉ. अमित अग्रवाल, अनुपम कपूर, और हिमांशु कौशिक ने किया । विशिष्ट अतिथि श्रीमती सौम्या उपाध्यक्ष, बरेली विकास प्राधिकरण और संतोष कुमार पुलिस अधीक्षक, (उत्तरी) द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इंडियन आइडल फेम गायिका भारती गुप्ता की शानदार प्रस्तुतियों पर दर्शक देर रात तक झूमते रहे। वर्षा शर्मा और ए वी डांस ग्रुप ने देर रात तक मनमोहक प्रस्तुति दी। दूसरे दिन बड़ी संख्या में पहुंचे लोगों ने चूड़ी, ब्रास का सामान, कालीन, साड़ी की खरीदारी की । और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आनंद लिया। आयोजन को सफल बनाने में संजय अग्रवाल, राकेश अग्रवाल, पंकज अग्रवाल, डॉ. विनोद पागरानी, अमित मल्होत्रा, अनिल मनोहर, रमेश वार्ष्णेय, रतन गुप्ता, मुकेश जैन, अनुपम कपूर, अपूर्व गुप्ता, अंकुर अग्रवाल, अंकित गोयल ,रोशन अग्रवाल, मुकेश गुप्ता, शरद कुमार, सोहिल अग्रवाल, संदीप अग्रवाल, अन्नू कांत बास, शरद अग्रवाल, संजीव मित्तल, अंकित गोयल, शोभित अग्रवाल , संजीव खंडेलवाल , सुजीत जायसवाल, डॉ एस के भारद्वाज और अमित अग्रवाल का सहयोग रहा।

विशेष अभियान के दौरान बूथों पर उमड़ी नए वोटरों की भीड़

मीरगंज(आज ब्यूरो)। विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की मतदाता सूचियों के निरंतर पुनरीक्षण के तहत आज शनिवार को विशेष अभियान चलाया गया। इसके अन्तगर्त प्रत्येक बूथ पर विशेष शिविर लगाये गये।इस दौरान नए मतदाता बनने के इच्छुक युवाओं और सूची में नाम दर्ज कराने से छूटे पात्र नागरिकों की भीड़ लगी रही। विशेष शिविरों में बीएलओ सुबह 10 बजे से मौजूद रहकर लोगों को मतदाता पंजीकरण की प्रक्रिया की जानकारी देते रहे।अभियान का उद्देश्य सूची से वंचित पात्र नागरिकों, पहलीबार मतदान करने वाले युवाओं ओर महिलाओं को मतदाता बनाना रहा। पहली बार मतदाता बनने वाले युवाओं ने मतदान केंद्रों पर पहुंचकर फॉर्म-6 प्राप्त किया और पंजीकरण के लिए आवेदन किया। बीएलओ ने आवेदकों को फॉर्म भरने, जरूरी दस्तावेज लगाने और आवेदन जमा करने की प्रक्रिया के बारे में जानकारी देते रहें। विभिन्न राजनीतिक दलों के बीएलए अपनी-अपनी पार्टी के मतदाताओं के वोट बनवाने में लगे रहे। एसडीएम निधि शुक्ला ने चुरई दलपतपुर ,गुगई , मनकरा , मुगरा ,बनईया मीरगंज जबकि तहसीलदार आशीष कुमार सिंह ने जुनहाई , गौसगंज ,बीथम आदि गांव में पहुंचकर बूथ निरीक्षण किया और बूथ पर मिले ग्रामीणों को सुनकर जागरूक किया।

विवाहिता को मारपीट का घर से निकला ससुर पर दामाद ने किया धारदार हथियार से हमला

फतेहगंज पूर्वी (आज ब्यूरो)। थाना क्षेत्र के मोहल्ला लेखपाल कॉलोनी निवासी एक युवक ने अपनी पत्नी को मारपीट कर मोटरसाइकिल लाने के लिए मजबूर कर दिया जब ससुराल वालों ने मोटरसाइकिल नहीं दिलवाई तो युवक ने अपनी पत्नी को मारपीट कर एक महा पूर्व घर से भगा दिया शनिवार को महिला का पिता राजेश कुमार पुत्र ओमप्रकाश निवासी गांव काबिलपुर थाना मदनापुर जिला शाहजहांपुर अपनी लड़की की ससुराल में दामाद विपिन पुत्र दुर्गापाल निवासी लेखपाल कॉलोनी फतेहगंज पूर्वी को समझाने आया था अचानक बात करते-करते राजेश का दामाद विपिन उग्र होकर गालियां देने लगा ।

भाजपा कार्यकर्ताओं को डॉ. राघवेंद्र शर्मा ने बांटे दीपावली के उपहार

बिशारतगंज(आज ब्यूरो)। 6-बी रेलवे फाटक स्थित लाइनपार बारात घर में दीपावली एवं भैया दूज के उपलक्ष्य में भाजपा विधायक डॉ. राघवेंद्र शर्मा के नेतृत्व में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान बूथ लेवल और क्षेत्रीय कार्यकर्ताओं को एक-एक बैग में मिष्ठान वितरित किया गया।

बरेली सिनेमा जगत में
ता 23 से रोजाना 3 शो
रेट 30 50
द पैराडाइज

सार्वजनिक सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्रार्थी फर्म **मैसर्स हिना राईस मिल पता विलेज डांडी हमीर रिछा,** बरेली 243201 जिसकी पंजीकरण सं. BAR/0026138 है, फर्म दिनांक 12-06-2023 से निरन्तर सुचारू रूप से कार्य कर रही है, फर्म से पूर्व साझेदार श्री फाजीलत हुसैन, नरगिस,जुल्फिकार अहमद दिनांक 29-04-2026 को स्वेच्छा से सेवानिवृत्त हो गये है। सेवानिवृत्त साझेदारों का फर्म पर व फर्म का सेवानिवृत्त साझेदारों पर कोई शेष बकाया नहीं है। दिनांक 29-04-2026 को उक्त फर्म में दो नये साझेदार **मो. फैसल व श्री तौफीक अहमद** स्वेच्छा से सम्मिलित हो गये है। उपरोक्त फर्म में वर्तमान में कुल सात साझेदार क्रमशः **1-फजल-उर-रहमान, 2-अता-उर-रहमान, 3-खातून बेगम,4-नजील अहमद,5-नदीम अहमद,-6 मो. फैसल, 7-तौफीक अहमद है**। एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि उक्त साझेदारी के गजट के सम्बन्ध में समस्त विधिक औपचारिकतायें मेरे द्वारा पूर्ण कर ली गयी। जिसके हेतु सार्वजनिक सूचना का प्रकाशन किया जा रहा है।
फजल-उर-रहमान
साझेदार
पी.सी.न.8783

केसर भूमि की नीलामी आज भी हुई रद्द , हंगामा

बहेड़ी(आज ब्यूरो)।केसर चीनी मिल के गन्ने का भुगतान का इन्तेजार कर रहे किसानो को शनिवार को भी निराशा मिली। मिल की जमीन की नीलामी चार खरीददारो में से सिर्फ एक के पास डिमान्ड ड्राफ्ट (डीडी) होने से रदद हुई।नाराज किसानो ने तहसील परिसर मे हंगामा किया। एडीएम सन्तोष कुमार ने सोमवार को चारो खरीदारो के डीडी के साथ के साथ नीलामी का आश्वासन दिया, जिसके बाद किसान शांत हुए थे। केसर चीनी मिल की 11,443 हेक्टेयर जमीन की नीलामी आज शनिवार 24 अक्टूबर को होना तय की थी। व्यूनतम बोली भूल्य 35 करोड रूपये थी। किसानो को उम्मीद थी लि नीलामी से रुका गन्ना मूल्य भुगतात उन्हे मिल जायेगा । नीलामी मे ग्यारसी लाल अग्रवाल एमपी ट्रेडर्स, एसएनजीइं इंफ्रा इंजीनियरिगं लिमिटेड और अजय पाल यादव समेत चार खरीददार पहुंचे ।सिर्फ एसएनजी इंफ्रा इंजीनियरिंग ने डी डी जमा किया। एडीएम सन्तोष कुमार ने बोली के लिए बताया कि कानूनी नियम के अनुसार बोली के लिए कम से कम तीन परीददार चाहिए।

ट्रैक्टर टच होने पर विवाद युवक को लाठी-डंडों से पीटा

आंवला(आज ब्यूरो)। आंवला में ट्रैक्टर टच होने की मामूली बात पर एक युवक को लाठी-डंडों से पीटा गया। युवक को गंभीर चोटें आईं। चार लोगों पर केस दर्ज हुआ है।पीडित ने बताया कि घटना गुरुवार (22 अक्टूबर) दोपहर करीब 12 बजे अखा रेलवे क्रॉसिंग पर हुई। सुभाषनगर के सोहिल (22) अपना ट्रैक्टर लेकर जा रहा था। क्रॉसिंग बंद होने पर उसने ट्रैक्टर रोका, जो एक डल्लप से हल्का सा टच हो गया।आरोप है कि इतनी सी बात पर अखा गांव के नैना, अतुल यादव, रिंकू और अन्ना वहां आ गए।विरोध करने पर चारों ने मिलकर उस पर लाठी-डंडों से हमला किया। आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गए।घायल सोहिल को उसका भाई सानू बिशारतगंज थाने ले गया। सानू की शिकायत पर पुलिस ने चारों आरोपियों नैना, अतुल यादव, रिंकू और अन्ना के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

पूर्व विधायक ने किया रामलीला का शुभारम्भ

फतेहगंज पूर्वी आज ब्यूरो। नगर के रामलीला मैदान में आज शनिवार को देर शाम रामलीला कमेटी के द्वारा श्री आदर्श रामलीला का मंचन शुरू कर दिया गया इस अवसर पर उद्घाटन समारोह में मीरानपुर कटरा के पूर्व विधायक वीरेंद्र प्रताप सिंह मुन्ना के द्वारा रामलीला मेले का फीता काट कर उद्घाटन किया गया इस अवसर पर वीरेंद्र प्रताप सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि हमें राम के चरित्र को अपने जीवन में धारण करना चाहिए और उनकी बताए हुए मार्ग के अनुसार सर्व समाज के कल्याण की कामना एवं कार्य करना चाहिए।इस अवसर पर रामलीला कमेटी के अध्यक्ष पवनराज मिश्रा कोषाध्यक्ष रवि प्रकाश मिश्रा प्रदीप पंडितहंसदेव शर्मा,ईशान ग्वाल,जवाहर लाल, छत्रपाल सिंह दिवाकर, वीरेंद्र प्रताप सिंह, संजय पाठक, कुंवर दीपक ठाकुर, पंकज अग्रवाल, कामराज मिश्रा, अनूप तिवारी, रजनीश पाठक, सतेंद्र मिश्रा, मयंक त्रिवेदी पुष्पेंद्र यादव, प्रमोद राठौर, ऋषभ मिश्रा,डॉ यशपाल सिंह उर्फ रामू, सभासद संजीव गुप्ता उमेश गौतम संचालन,चंद्रजीत मिश्रा,राजीव अग्रवाल, डॉ प्रमोद चक्रवर्ती,प्रदीप श्रीवास्तव, संजीत मिश्रा उर्फ बिट्टू,अभिषेक मिश्रा,अतुल शर्मा, प्रशांत मिश्रा,आदि उपस्थित रहे।

हलचल

मंत्री ने मतदाता सूची पुनरीक्षण का लिया जायजा

आंवला(आज ब्यूरो)। आंवला तहसील क्षेत्र में शनिवार को केबिनेट मंत्री धर्मपाल सिंह ने आंवला विधानसभा के ग्रामीण इलाकों का दौरा किया। उन्होंने निर्वाचन आयोग के निर्देश पर चल रहे मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य का जायजा लिया और मतदाताओं से सीधे बात की।दौरे के दौरान मंत्री ने मोहब्बतगंज गौटिया, लोहारी, अलीगंज, खटेटा, गुरुगवां मुस्तकिल, सिरौली, हरदासपुर, संग्रामपुर और रामनगर जैसे कई गांवों का दौरा किया। उन्होंने बूथों और मतदाता पंजीकरण केंद्रों का निरीक्षण किया।इस दौरान उन्होंने युवाओं और नए मतदाताओं से मुलाकात की। उन्हें मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने की प्रक्रिया बताई और फॉर्म भरने के लिए प्रेरित किया।मंत्री ने कहा कि हमारा उद्देश्य है कि क्षेत्र का कोई भी पात्र नया मतदाता अपने वोट के अधिकार से वंचित न रहे। हर एक वोट देश के भविष्य के लिए जरूरी है।स्थानीय ग्रामीणों ने इस पहल की तारीफ की। कई युवाओं ने मौके पर ही नाम जुड़वाने की प्रक्रिया पूरी की।

क्रय केंद्रों पर धान की आवक शुरू , 45 किवंटल से हुई बोहनी

मीरगंज (आज ब्यूरो)। स्थानीय मंडी यार्ड पर खोले गए क्रय केंद्रों पर आज शनिवार से धान की खरीद शुरू हो गई।हालांकि धान की खरीद 12 अक्टूबर से ही लिखापढ़ी में शुरू हो गई थी लेकिन शनिवार को क्रयकेंद्रों पर आवक शुरू हो गई है। धान लेकर पहुंचे किसानों शमशाद और रामपाल सिंह का केंद्र प्रभारी गरिमा दुबे और महेंद्र प्रताप सरोज ने माला पहनाकर स्वागत किया। मंडी वार्ड में विपणन विभाग ने चार क्रय केंद्र खोले हैं। शनिवार को क्रय केंद्र पर आए किसानों शमशाद व रामपाल सिंह से 45 किवंटल धान की तौल की गई। कहने को तो 13 अक्टूबर से ही क्रय केंद्र आवश्यक साज सज्जा के साथ खुले हुए हैं।बोहनी तक न होने की स्थिति में एसडीएम निधि शुक्ला , तहसीलदार आशीष कुमार सिंह की पहल पर केंद्र प्रभारियों ने गांव की ओर मुंह किया और गांव-गांव चौपाल लगाकर किसानों को जागरूक किया। नतीजतन धान की आवक क्रय केंद्रों पर शुरू हो गई। क्षेत्रीय विपणन अधिकारी गरिमा दुबे के मुताविक विपणन विभाग के क्रय केंद्रों प्रथम व तृतीय पर 45 किवंटल धान को किसानों से क्रय किया गया। क्रय केंद्रों पर बोहनी हो जाने से उम्मीद जगी है कि क्रय केंद्रों पर सूनापन अब नही रहेगा। बता दें कि समर्थन मूल्य से अधिक मूल्य में मंडी में हाथों हाथ धान बिक रहा है।जिसकारण किसान धान को खेत से उठाकर सीधे मंडी अथवा आढ़ती के पास ले जाकर बेंच रहे हैं।केंद्र प्रभारी चाहकर भी इस स्थिति को नहीं रोक पा रहे हैं।

युवक को नशीला पदार्थ दिया, हालत गंभीर

आंवला(आज ब्यूरो)। आंवला थाना क्षेत्र में एक युवक को संदिग्ध हालात में नशीला पदार्थ दिया गया। हालत बिगड़ने पर उसे शनिवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद आंवला में भर्ती कराया गया। डॉक्टरों ने उसे जिला अस्पताल रेफर किया है। युवक की हालत नाजुक बनी हुई हैबबलू उर्फ अजय (30) के भाई पुत्तन उर्फ रविंद्र ने बताया कि बबलू 22 अक्टूबर को सुबह 9 बजे बरेली कोर्ट में मुकदमे की तारीख पर घर से निकला था। परिवार के अन्य भाई भी कोर्ट पहुंचे, पर बबलू वहां नहीं आया।देर रात बबलू नशे की हालत में घर पहुंचा। उसकी बिगड़ती हालत देख परिजनों ने स्थानीय डॉक्टरों से इलाज कराया, पर सुधार नहीं हुआ। परिजनों का आरोप है कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने जानबूझकर बबलू को नशीला पदार्थ दिया है।

बच्चों की कहासुनी में घर में घुस कर मारपीट

मीरगंज (आज ब्यूरो)।बच्चों की कहासुनी को लेकर घर में घुसकर कर कुछ लोगों ने परिवार के लोगों से जमकर मारपीट की। प्रेमवती पत्नी बाबूराम निवासी जाम का आरोप है कि शुक्रवार सुबह बच्चों की कहासुनी को लेकर वीर सिह, भूरी, किरण एवं सुनीता निवासी जाम गालियां देते हुए उनके घर में घुस गए।

पत्नी से फोन पर कहासुनी के बाद युवक ने लगायी फांसी

सीबीगंज(आज ब्यूरो)। पत्नी से फोन पर कहासुनी होने के दौरान एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जानकारी होने पर परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। जिसके बाद मौके पर सीओ द्वितीय नितिन कुमार थाना प्रभारी विनोद सिंह व फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल करते हुए शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेजा। घटना से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। बताया जाता है कि सीबीगंज के खलीलपुर निवासी 42 वर्षीय ललित कुमार पाल पुत्र ओमप्रकाश पाल का कई वर्षों से पत्नी से विवाद चल रहा है और उनकी पत्नी कीर्ति अपने 6 वर्षीय पुत्र के साथ जयपुर में रह रही है। शुक्रवार रात्रि को उनका पत्नी से फोन पर किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई और वह कमरे में चले गए। इसी दौरान ललित ने गले में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। शनिवार सुबह करीब 7 बजे परिजन सोकर उठे तो घटना की जानकारी हुई। जिसके बाद घर में कोहराम मच गया। वहीं सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया और मामले की जांच शुरू कर दी। मृतक ललित कुमार पाल तीन बहन भाइयों में सबसे बड़ा था।

मृतक का फाइल फोटो

आईएसए क्रिकेट टूर्नामेंट में जीपीएम इलेवन की शानदार जीत

गर्व राज के 70 रन व2 विकेट की बदौलत मानस्थली स्कूल को 19 रन से हराया

बरेली(आज समाचार सेवा)। आईएसए क्रिकेट टूर्नामेंट के पहले मुकाबले में जीपीएम 11 ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मानस्थली स्कूल को 19 रन से हराया। यह मुकाबला केपीएस स्कूल के ग्राउंड में खेला गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए जीपीएम 11 ने 12 ओवर में 133 रन बनाए। गर्व राज ने मात्र 37 गेंदों में 70 रन की शानदार पारी खेली, जबकि जयंत तोमर ने 23 रन का योगदान दिया। गेंदबाजी में गर्व राज ने 2 विकेट तथा अनंत शंकरधर, देविक और अयांश विरमानी ने 1-1 विकेट हासिल किया। शानदार ऑलराउंड प्रदर्शन के लिए गर्व राज को मैन ऑफ द मैच चुना गया। मैच के सफल आयोजन में अंपायर जितेंद्र एवं पिंटू चौधरी, सरफराज, इंद्रजीत, रविंद्र परिहार और केपीएस के समस्त स्टाफ का सराहनीय सहयोग रहा। जीपीएम कॉलेज की प्रधानाचार्या सीमा कपूर एवं उप-प्रधानाचार्या अपर्णा शर्मा ने हार्दिक बधाई एवं आगामी मुकाबलों के लिए शुभकामनाएं दी।

भागवत कथा सुनकर लौट रहे युवक को दबंगों ने मारी गोली

सीबीगंज(आज ब्यूरो)। मंदिर से भागवत कथा सुनकर अपने घर लौट रहे एक युवक को मुकदमा वापस न लेने से बौखलाए गांव के ही दबंग युवक ने अपने साथियों के साथ मिलकर रास्ते में रोककर गोली मार दी। इसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया। गोली की आवाज सुनकर आसपास लोग मौके पर पहुंचे और घटना की सूचना परिजनों व पुलिस को दी। जिसके बाद घटनास्थल पर एसपी सिटी चिराग जैन सीओ द्वितीय नितिन कुमार डॉग स्क्वॉड व फॉरेंसिक टीम सहित पुलिस फोर्स मौके पर पहुंची और घायल युवक को महानगर स्थित एक अस्पताल उपचार हेतु भिजवाया। जहां उसकी हालत नाजुक बताई जा रही है। पुलिस ने पीड़ित महिला की शिकायत पर मुख्य आरोपित ललित समेत 6 के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। सीबीगंज के गांव मथुरापुर निवासी जाविश्री पत्नी संतोष ने दर्ज मुकदमे में आरोप लगाते हुए बताया है कि पीड़ित महिला के पति संतोष साहू(40) शुक्रवार रात करीब 10 बजे गांव के ही मंदिर से भागवत कथा सुनकर घर लौट रहे थे जैसे ही वह अपने घर के पास पहुंचे कि मुकदमा वापस न लेने से बौखलाए आरोपी ललित उर्फ लाला पुत्र ओमप्रकाश पुत्र ओमी अपने अन्य पांच साथियों के साथ मिलकर अबैध तमंचा से लैस होकर उन्हें रोक लिया और जान से मारने के नियत से संतोष के सर में सटा कर दो गोली मार दी। जिसमें वह घायल होकर जमीन पर गिर पड़ा और आरोपी मौके से फरार हो गए। गोली की आवाज सुनते ही गांव में हड़कंप मच गया और अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलने पर परिजन मौके पर पहुंचे। लहूलुहान हालत में जमीन में पड़े युवक को देख परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पाकर घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल करते हुए घायल युवक को महानगर स्थित अस्पताल उपचार हेतु भेज दिया। जहां उसकी हालत नाजुक बताई जा रही है। पुलिस ने पीड़ित महिला की तहरीर के आधार पर इस मामले में ललित उर्फ लाला करन मदनलाल रोहतास पुत्र ओमप्रकाश विनोद व महेंद्र के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।सीबीगंज थाना प्रभारी विनोद सिंह ने बताया कि मथुरापुर में एक युवक को गोली मारने की सूचना मिली थी। जिसके बाद घटनास्थल पर पहुंचकर घायल को अस्पताल भेज दिया गया है। मामले में 6 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। घटना का जल्द खुलासा कर आरोपियों को जेल भेजा जाएगा।

वूथों पर बीएलओ वं लोगो के सहयोग को दौरा

बरेली(आज समाचार सेवा)। महानगर कांग्रेस कमेटी बरेली के पदाधिकारीयों ने अलग-अलग टीमों के साथ महानगर अध्यक्ष दिनेश दददा एड. की अगुवाई में शहर विधानसभा के कुंवर रणजीत सिंह इंटर कॉलेज, केंद्रीय विद्यालय एन इ आर, कटघर, बाकरगंज, सीबीगंज एवं कैंट विधानसभा के बालजाती कन्या इंटर कॉलेज, आजाद इंटर कॉलेज, रविंद्र टैगोर इंटर कॉलेज आदि के वूथों का दौरा किया एवं बी. एल. ओ. एवं वोट बनवाने आए लोगों बातचीत की और उनका सहयोग किया। उन्होंने कहा कि कोई भी पात्र व्यक्ति मतदाता बनने के अधिकार से वंचित न रह जाए, इसलिए वे 28 अक्टूबर तक अपने बूथों के बी एल ओ से व्यक्तिगत संपर्क करके भी वोट बनवा सकते है और ऑनलाइन भी अपना वोट बनवा सकते हैं। वूथों पर दौरा करने वालों में सर्वश्री आशीष रुस्तम, तीरथ मधुकर, पीके गुप्ता, डॉ सरताज हुसैन, सुरेश दिवाकर, उल्फत सिंह कठेरिया जितेंद्र बाबू मोहम्मद शाहिद आदि शामिल रहे।

वन एवं पर्यावरण राज्य मंत्री डॉ अरुण कुमार ने पत्रकार की दिवंगत पत्नी को दी श्रद्धांजलि

सीबीगंज(आज ब्यूरो)। वरिष्ठ पत्रकार आशीष सक्सेना की पत्नी रजनी सक्सेना(45) के 13वीं संस्कार में वन एवं पर्यावरण राज्य मंत्री डॉ अरुण कुमार ने पहुंचकर दिवंगत आत्मा के चित्र पर पुष्प अर्पित किये। उन्होंने कहा कि रजनी सक्सेना का असमय इस संसार से विदा होना एक अपूरणीय क्षति है जिसे पूरा करना असंभव है। उन्होंने कहा कि वे इस दुख की घड़ी में स्व.रजनी सक्सेना के परिवार के साथ खड़े हैं और परिवार की हर संभव मदद करेंगे। इस दौरान वरिष्ठ भाजपा नेता राजन श्रीवास्तव पार्षद ज्ञान प्रकाश लोधी योगेश सक्सैना लेखपाल संजय सक्सेना वरिष्ठ पत्रकार अनुज शर्मा अशफाक इदरीसी अंकुर सक्सेना अर्पित सक्सेना दक्ष शिवम अमन हर्ष आदि काफी संख्या में लोग मौजूद रहे और सभी ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करते हुए प्रसाद ग्रहण किया।

सपा जिला सचिव डॉ. सत्यपाल मैथिल व मुक्ता प्रसाद ने बूथों पर बढ़वाए वोट

क्योंलडिया(आज ब्यूरो) समाजवादी पार्टी के जिला सचिव डॉ. सत्यपाल मैथिल और पूर्व जिला पंचायत सदस्य. मुक्ता प्रसाद ने संयुक्त रूप से विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों का सघन दौरा कर ग्रामीणों से जनसंपर्क किया। इस दौरान नेताओं ने ग्रामीणों को मतदान के महत्व के प्रति जागरूक करते हुए मतदाता सूची में नाम जुड़वाने की अपील की। इसके बाद उन्होंने क्षेत्र के कई मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया और तैनात बीएलओ से मिलकर चल रहे पुनरीक्षण कार्य की जानकारी ली। डॉ.मैथिल और डॉ. मुक्ता प्रसाद की उपस्थिति में पात्र युवाओं व छूटे हुए नागरिकों के जरूरी फॉर्म भरवाकर नए वोट बढ़वाए गए। नेताओं ने कार्यकर्ताओं से हर घर तक पहुंचकर शत-प्रतिशत मतदाता पंजीकरण सुनिश्चित करने का आह्वान किया।

21बां विशाल चित्रांश समागम, कायस्थ वैवाहिक परिचय सम्मेलन व वैवाहिक स्वर्ण जयंती समारोह 13 दिसम्बर को, तैयारियां शुरू

बरेली(आज समाचार सेवा)। श्री चित्रगुप्त समाज कल्याण सेवा ट्रस्ट एवं अखिल भारतीय चित्रांश ट्रस्ट के संरक्षक एंव वन एंव पर्यावरण मंत्री डॉ अरुण कुमार ने बताया कि यह कार्यक्रम विगत 21 वर्षों से समान समारोह में 75 वर्ष की आयु के लोगो को भी सम्मानित किया जायेगा अध्यक्ष राकेश कुमार सक्सेना ने बताया

महासभा के संयुक्त तत्वावधान मे, 21 बा विशाल चित्रांश समागम, कायस्थ वैवाहिक परिचय सम्मेलन एवं वैवाहिक स्वर्ण जयंती समारोह का आयोजन दिनाँक 13-12-26 को प्रातः 10 बजे मनोहर भूषण इंटर कालेज प्रांगण मे आयोजित होगा इस संदर्भ में एक प्रेसवार्ता का आयोजन किया गया जिसमे बरेली में किया जा रहा है इस कार्यक्रम के माध्यम से अब तक 6000 से ज्यादा युवक/युवतियां परिणय सूत्र में बंध चुके हैं इस कार्यक्रम में वैवाहिक स्वणजयंती सम्मान समारोह का आयोजन भी किया जा रहा है, जिन दंपतिओ ने अपने वैवाहिक जीवन के 25 वर्ष पुरे कर लिये है साथ ही वृद्ध जन कि इस सम्मेलन में उतर प्रदेश ही नहीं उत्तराखंड मध्य प्रदेश देहली आदि प्रदेशों से भी वैवाहिक बायो डाटा प्राप्त होते हैं इस अवसर पर राकेश कुमार सक्सेना, अनूप सक्सेना, प्रदीप सक्सेना, रिनकेश सौरखिया, रवि जौहरी, संदीप कुमार, विकास चित्रांश, प्रतिभा जौहरी, ममता जौहरी,नीलम रानी, अखिलेश कुमार, रूपम जौहरी, आदि लोग उपस्थित थे ।

इंडिपेंडेंट स्कूल एसोसिएशन बास्केटबॉल टूर्नामेंट में राधा माधव व बिशप कॉनराड बने चैंपियन

बालिका वर्ग में राधा माधव व बालक वर्ग में बिशप कॉनराड ने जीता खिताब, मानस स्थली व बिशप कॉनराड ने हासिल किया तीसरा स्थान

फरीदपुर (बरेली)। मानस स्थली रेजिडेंशियल स्कूल, फरीदपुर में आयोजित इंडिपेंडेंट स्कूल एसोसिएशन बास्केटबॉल टूर्नामेंट-2026 का शनिवार को उत्साहपूर्ण माहौल में समापन हुआ। प्रतियोगिता के तीसरे और अंतिम दिन तीसरे स्थान के मुकाबलों के साथ बालक एवं बालिका वर्ग के फाइनल खेले गए। रोमांच, शानदार खेल प्रदर्शन और खिलाड़ियों के उत्साह से भरे मुकाबलों में बालिका वर्ग में राधा माधव स्कूल तथा बालक वर्ग में बिशप कॉनराड स्कूल ने खिताब अपने नाम किया।बालक वर्ग के फाइनल में बिशप कॉनराड स्कूल ने कड़े संघर्ष के बाद राधा माधव स्कूल को 29-26 से हराकर चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। वहीं, बालिका वर्ग के फाइनल में राधा माधव स्कूल ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए सेंट मारिया स्कूल को 22-12 से पराजित कर खिताब पर कब्जा जमाया।तीसरे स्थान के लिए खेले गए बालक वर्ग के मुकाबले में मेजबान मानस स्थली रेजिडेंशियल स्कूल ने दमदार प्रदर्शन करते हुए दिल्ली पब्लिक स्कूल को 44-15 से शिकस्त दी। बालिका वर्ग में बिशप कॉनराड स्कूल ने गुलाब राय मोंटेसरी स्कूल को 27-12 से हराकर तीसरा स्थान प्राप्त किया।समापन समारोह में फ्यूचर यूनिवर्सिटी के कुलपति डॉ. मुकेश गुप्ता मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। मानस स्थली ट्रस्ट के अध्यक्ष सत्येंद्र प्रकाश गोयल विशिष्ट अतिथि रहे। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. अनिल कुमार त्रिपाठी, इंडिपेंडेंट स्कूल एसोसिएशन के अध्यक्ष निर्भय बेनीवाल तथा बास्केटबॉल एसोसिएशन के सचिव सोनेंद्र श्रोतिया सहित अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।इंडिपेंडेंट स्कूल एसोसिएशन के अध्यक्ष निर्भय बेनीवाल ने प्रतियोगिता के सफल आयोजन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए जिला बास्केटबॉल एसोसिएशन, मानस स्थली रेजिडेंशियल स्कूल, आयोजकों और सभी प्रतिभागी टीमों के प्रति आभार जताया। उन्होंने खिलाड़ियों के प्रदर्शन की सराहना करते हुए सभी टीमों को शुभकामनाएं दीं।मानस स्थली ट्रस्ट के अध्यक्ष सत्येंद्र प्रकाश गोयल ने अतिथियों, आयोजकों और प्रतिभागियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि खेल व्यक्ति के शारीरिक एवं मानसिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। खेलों के माध्यम से अनुशासन, सहयोग, एकता और आपसी सद्भाव जैसे जीवनोपयोगी गुण विकसित होते हैं। उन्होंने खिलाड़ियों को खेल भावना के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. अनिल कुमार त्रिपाठी ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया तथा प्रतियोगिता के सफल आयोजन में योगदान देने वाले सभी व्यक्तियों एवं संस्थाओं के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने विजेता और उपविजेता टीमों के साथ सभी प्रतिभागियों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बधाई दी।तीन दिनों तक चली इस प्रतियोगिता ने खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा और कौशल प्रदर्शित करने का मंच प्रदान किया। टूर्नामेंट के सफल समापन पर खिलाड़ियों, आयोजकों और उपस्थित अतिथियों में उत्साह देखने को मिला। प्रतियोगिता ने न केवल खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित किया, बल्कि खिलाड़ियों के बीच अनुशासन, आपसी सहयोग और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना को भी मजबूत किया।

बीबीएल में तीन दिवसीय वॉलीबाल व टेबल टेनिस प्रतियोगिता का शुभारंभ

बरेली(आज समाचार सेवा)। बीबीएल पब्लिक स्कूल, अलखनाथ रोड, बरेली में 24 से 26 अक्टूबर, 2026 तक 10वीं श्री बृज भूषण लाल अंतर-विद्यालयीय वॉलीबाल प्रतियोगिता, 15वीं श्री बृज भूषण लाल जी मेमोरियल अंतर विद्यालयीय टीम चैंपियनशिप एवं जूनियर जिला टेबिल टेनिस प्रतियोगिता का शुभारंभ शनिवार को उत्साहपूर्ण वातावरण में किया गया।समारोह का उद्घाटन विद्यालय प्रबन्धक श्री राघव कृष्ण अग्रवाल जी ने श्री बृज भूषण लाल जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि के साथ किया। तत्पश्चात् अंतर्राष्ट्रीय निशानेबाज श्री विश्वास शर्मा जी को मंच पर शॉल ओढ़ाकर एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।तीन दिवसीय खेल के इस आयोजन में बरेली जनपद के 48 विद्यालयों की 96 टीमें प्रतिभाग कर रही हैं। वॉलीबाल प्रतियोगिता में बालक एवं बालिका वर्ग की सीनियर एवं जूनियर टीम अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन कर रही हैं। वहीं टेबिल-टेनिस प्रतियोगिता में अंडर-17, अंडर-15, अंडर-13 एवं अंडर-11 आयु वर्ग के बालक-बालिकाएँ भाग लेंगे। दोनों प्रतियोगिता में 1450 प्रतिभागी हिस्सा ले रहे हैं।विद्यालय के अध्यक्ष श्री सर्वेश अग्रवाल ने इस अवसर पर प्रतिभागियों को संदेश देते हुए कहा कि खेल विद्यार्थियों में उत्कृष्टता, अनुशासन और स्वस्थ स्पर्धा की भावना विकसित करने का सशक्त माध्यम है। ऐसे आयोजन युवा प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के साथ खेल संस्कृति को भी समृद्ध बनाते हैं।विद्यालय के प्रबन्धक महोदय श्री राघव कृष्ण अग्रवाल जी ने कहा कि विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ खेलों में भी आगे बढ़ने के समान अवसर मिलना आवश्यक है। इस प्रकार की प्रतियोगिताएँ उनमें नेतृत्व क्षमता, टीम भावना और आत्मविश्वास विकसित करती हैं।विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ0 श्यामेश ने कहा कि खेल विद्यार्थियों को चुनौतियों का सामना करने, त्वरित निर्णय लेने और जीत-हार को सकारात्मक रूप से स्वीकार करने की सीख देते हैं। ये गुण उनके व्यक्तित्व को निखारने और जीवन में आगे बढ़ने में सहायक होते हैं। इस आयोजन के माध्यम से खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने, खेल कौशल निखारने तथा आपसी सहयोग एवं सौहार्द को बढ़ावा देने का अवसर मिलेगा। विद्यालय परिवार प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए उत्साहित है। दोनों प्रतियोगिताओं में चयनित दल ही द्वितीय दिवस में अपने विद्यालय की ओर से खेल सकेंगे। आयोजन सचिव श्री दीपक गुप्ता ने बताया कि अगले दिन के मैच प्रातः 08:00 बजे से आरंभ होंगे।प्रथम दिवस के दोनों प्रतियोगिताओं के परिणामो में **बालीबॉल सीनियर बालिका** सोबतीस पब्लिक स्कूल ने 2-0 से जीता,बेदी इण्टरनेशनल ने 2-0 से जीता,सेक्रेट हार्ट नैनीताल रोड ने 2-0 से जीता,जी0डी0 गोयनका ने 2-0 से जीता, **जूनियर बालिका** बी0बी0एल0 अलखनाथ ने 2-0 से जीता,ब्लू वर्ल्ड स्कूल ने 2-1 से जीता,सेक्रेट हार्ड के-2 ने 2-0 से जीता,राधा माधाव ने 2-1 से जीता,सेक्रेट हार्ट नैनीताल रोड ने 2- सेजीता **सीनियर बालक** जी0आर0एम0 नैनीताल रोड ने 2-0 से जीता,सेक्रेट हार्ट नैनीताल रोड ने 2-0 से जीता विनायक इण्टरनेशनल ने 2-0 से जीता ***जुनियर बालक*** बी0बी0एल0 अलखनाथ ने 2-0 से जीता,पुलिस मॉर्डन स्कूल, नकटिया ने 2-0 से जीता **टेबिल-टेनिस के परिणाम अंडर-11 (बालक वर्ग)**कुशाग्र जोशी, बीबीएल पीलीभीत रोड ने समृद्ध गुप्ता, जीआरएम डोहरा को 2-0 से हराया,वियान खण्डेलवाल, जी0आर0एम0 नैनीताल रोड ने कौशियान अली, जी0के0 सिटी को 2-0 से हरायापर्व खण्डेलवाल, जी0आर0एम0 नैनीताल रोड ने आर्यन सोलंकी, दिल्ली पब्लिक स्कूल को 2-0 से हराया **अंडर-11 (बालिका वर्ग)**अनीशी उपाध्याय, राधा माधव ने इवांशी अरोरा जी0आर0एम0 डोहरा को 2-1 से हराया अनीसा अग्रवार, हार्टमैन कॉलेज ने वानी जौहरी जी0आर0एम0 नैनीताल रोड को 2-0 से हरायापीहू अरोरा, चिक्कर इण्टरनेशनल ने शिफा अल्वी, सेक्रेट हार्ट को 2-1 से हराया,मिराया तिवारी, चिक्कर इण्टरनेशनल ने इरम बी, सेक्रेट हार्ट को 2-0 से हराया**अंडर-13 (बालक वर्ग)** आराध्य कुमार, जी0आर0एम0 नैनीताल रोड ने समर्थ चड्डा, जी0आर0एम0 डोहरा को 2-0 से हराया आरव आनन्द, व्यास वर्ल्ड ने अविरल अग्रवाल जी0आर0एम0 नैनीताल रोड को 2-0 से हरायासार्विक गुप्ता, जी0आर0एम0 नैनीताल रोड ने राजीवर मानचन्द हार्टमैन को 2-1 से हराया**अंडर-13 (बालिका वर्ग)** नन्दिनी, जी0डी0 गोयनका ने काव्या अग्रवाल, जी0आर0एम0 नैनीताल रोड को 3-1 से हरायाभौनीत कौर, व्यास वर्ल्ड ने तेजस्विनी मेंहदीरत्ता, हार्टमैन कॉलेज को 2-0 से हराया वानी अग्रवाल, चिक्कर इण्टरनेशनल ने रिद्धी चैहान, बी0बी0एल0 अलखनाथ को 2-1 से हरायाइशिता, बेदी इण्टरनेशनल ने आरना नरूला, व्यास वर्ल्ड को 3-0 से हराया। **अंडर-15 (बालक वर्ग)**अपार शक्ति, क्रियेथिक्स ने अंश खण्डेलवाल जी0आर0एम0 डोहरा को 2-0 से हराया।अग्रिम अरोरा, बी0बी0एल0 पीलीभीत रोड ने अमय सिंह, जी0डी0 गोयनका को 2-0 से हराया आदित्य सागर बी0बी0एल0 पीलीभीत रोड ने अर्शलान अहमद, जी0के0 सिटी को 2-0 से हराया। माधव मंदुदला, हार्टमैन ने युगम गर्ग, बी0बी0एल0 पीलीभीत रोड को 2-1 से हराया। **अंडर-15 (बालिका वर्ग)**चन्द्रिका पाण्डे, जी0आर0एम0 डोहरा ने भाव्या, दिल्ली पब्लिक स्कूल को 2-0 से हरायानन्दिका अग्रवाल, जी0आर0एम0 डोहरा ने एंजेल, बी0बी0एल0 पीलीभीत रोड को 2-1 से हरायावानी मित्तल, जी0आर0एम0 डोहरा ने ओजस्वी, बी0बी0एल0 पीलीभीत रोड को 2-0 से हराया **अंडर-17 (बालक वर्ग)** पार्थ मिश्रा, राधा माधव ने अश्विनी कश्यप, बी0बी0एल0 अलखनाथ को 2-0 से हरायापारस, वासुबरल स्कूल ने हार्दिक, राधा माधव को 2-0 से हराया।लक्ष्य चांदनी, माधवराव सिंधिया ने हार्दिक गुप्ता, बी0बी0एल0 अलखनाथ को 2-0 से हराया।विश्वजीत सिंह, राधा माधव ने अराध्य गुप्ता, बी0बी0एल0 अलखनाथ रोड को 2-0 से हराया**अंडर-17 (बालिका वर्ग)** शिवी शर्मा, बी0बी0एल0 पीलीभीत रोड ने नूहा अहमद, जी0आर0एम0 डोहरा को 2-0 से हरायारिद्धिमा सारस्वत, व्यास वर्ल्ड ने प्रेमका सक्सेना, बी0बी0एल अलखनाथ रोड को 2-0 से हराया अमिशी उपाध्याय, बी0बी0एल0 पीलीभीत रोड ने यशस्वी, सोबतीस स्कूल को 3-1 से हराया इस अवसर पर प्रशासक एवं आयोजन सचिव दीपक गुप्ता, जिला बॉलीवाल संघ के अध्यक्ष उपेन्द्र बहादुर सिंह, उपाध्यक्ष मो0 उजैर, कोषाध्यक्ष श्री बी0पी0 शर्मा, जिला टेबिल टेनिस संघ से संजीव सक्सेना, मुकुल रेफरी भुवनेश चन्द्रा, सुशील कुमार, घनश्याम यादव व प्रीति शुक्ला आदि मौजूद रहे।

शील, शक्ति व सौंदर्य का समन्वय है बाल रामायण:डॉ दीपंकर गुप्त

बरेली(आज समाचार सेवा)। डॉ दीपंकर गुप्त द्वारा रचित बाल रामायण संपूर्ण ,संक्षिप्त सचित्र एवं सरस है ।जिसमें मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम का आदर्श रूप हमें मानवीय गुणों ,संस्कारों एवं नैतिक मूल्यों के साथ उच्चतम रूप में सर्वत्र दिखाई देता है ।प्रभु श्री राम की आदर्शवादिता हमें अपने पूज्य माता-पिता, गुरुजन ,पत्नी ,भाई ,मित्र, सखा, मंत्री ,राजा आदि के साथ समाज और परिवार के मध्य अत्यंत शालीनता के साथ मर्यादित रूप में भव्य एवं दिव्य छवि के रूप में दृष्टिगोचर होती है ।आज भौतिकवादी युग में जहां भारतीय जनमानस अपने जड़ों से कटता जा रहा है ,वह अपने गौरवशाली विश्व वंदनीय इतिहास और संस्कृति से विरक्त होता जा रहा है। अपनी भावी पीढ़ी को अंग्रेजी सभ्यता के दूषित रंग में रंगता जा रहा है और अपने पूज्य पूर्वजों के प्रति उदासीनता का भाव दर्शाते हुए पतनोन्मुख है ऐसे में आज श्री राम के आदर्शों को उनके मानवीय मूल्यों को अपनाना भावी कर्णधारों को पठन-पाठन के माध्यम से प्रेरित करना बहुत ही आवश्यक है ताकि हमारे भारत की सनातन पीढ़ी अपने राष्ट्र ,धर्म और संस्कृति की रक्षा कर सके ।उपर्युक्त विचार आज डॉ दीपंकर गुप्त ने बी आर जीनियस इंटरनेशनल स्कूल बरेली की बालसभा में व्यक्त किये ।इस अवसर पर उन्होंने विद्यालय के प्रधानाचार्य सहित अध्यापक अध्यापिकाओं को बाल रामायण की प्रतियां भेंट करने के साथ-साथ श्री राम पटका पहनाकर उन्हें सम्मानित किया । साथ ही मेधावी छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर उन्हें पुरस्कृत किया ।इस अवसर पर श्री सुनील कुमार,सुश्री कल्पना, सुश्री ज्योति,सुश्री मधु, सुश्री रजनी,सुश्री ऋषिका एवं श्रीमती कौशल्या आदि उपस्थित रहीं।

स्वामी ज्ञानमंडल प्राईवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक ओम प्रकाश शुक्ला एवं मुद्रक संजीव कृष्ण त्रिपाठी द्वारा **आज** हिन्दी दैनिक प्लाट संख्या ई.12, ई.13, रोड नं. 3, परसाखेड़ा इन्डस्ट्रियल एरिया बरेली से मुद्रित एवं प्रकाशित
वाराणसी-संत कबीर मार्ग,**गोरखपुर**-बैंक रोड,**प्रयागराज**-3 लीडर रोड,**कानपुर**-बांस मण्डी,**झांसी**-झोंकन बाग, **लखनऊ**-1 जापलिंग रोड, **आगरा**-महात्मा गांधी रोड, **पटना**-फ्रेजर रोड, **रांची**-नामकुम इण्डस्ट्रियल एरिया, **जमशेदपुर**- न्यू काली माटी रोड साकची।

सम्पादकः
शार्दूल विक्रम गुप्त

स्थानीय प्रबन्धक
संजीव कृष्ण त्रिपाठी

वर्ष-37 **पूर्ण संख्या**-*13273*

आर.एन.आई.पंजीयन संख्या-51068/90
पंजीकृत संख्या-बी.आर.189

दूरभाष
9412293665

ajbareilly@yahoo.com
aajbareilly@gmail.com

रजिस्ट्रेशन संख्या 205/99

पी.आर.वी.अधिनियम के अन्तर्गत समाचार चयन के लिए स्थानीय सम्पादक जिम्मेदार होंगे तथा समस्त विवाद बरेली न्यायालय के अधीन होंगे।

एमजेपीआरयू में वित्तीय सलाहकार समिति की बैठक सम्पन्न

बरेली(आज समाचार सेवा)। विश्वविद्यालय की वित्तीय सलाहकार समिति की महत्वपूर्ण बैठक आज दिनांक 23 अक्टूबर 2026 को कुलपति कार्यालय स्थित समिति कक्ष में आयोजित की गई। इस बैठक की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति, प्रो. अनिल कुमार राय ने की। बैठक में विश्वविद्यालय की आधारभूत संरचनाओं के विकास, नवाचार, आईटी, एआई, 200 बेड के अस्पताल, एविएशन कोर्स तथा ऑर्गेनिक खेती को शुरू करने के संबंध में व्यापक विचार-विमर्श किया गया।कुलपति प्रो. अनिल कुमार राय के दूरदर्शी नेतृत्व में समिति ने इन प्रस्तावित पाठ्यक्रमों एवं परियोजनाओं के वित्तीय प्रबंधन हेतु सीएसआर (कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी) फंड से व्यवस्था किए जाने पर विचार किया गया। इस हेतु ओला, ओएनजीसी, भारत जिंक लिमिटेड, आईबीएम, विप्रो आदि कंपनियों से संपर्क करके फंड जुटाने के लिए विचार-विमर्श किया गया।बैठक में विश्वविद्यालय के पुरातन छात्रों से संपर्क कर प्रतिवर्ष उनका पुनर्मिलन कार्यक्रम आयोजित कराकर उनसे सहयोग प्राप्त करने के संबंध में भी विचार-विमर्श किया गया। कुलपति महोदय के मार्गदर्शन में समिति ने निम्नलिखित महत्वपूर्ण निर्णय लिए:सीएसआर के माध्यम से फंड जुटाकर विश्वविद्यालय परिसर के छात्रों के लिए बीमा की व्यवस्था की जानी चाहिए।सीएसआर फंड के माध्यम से ही एक एंबुलेंस एवं कूड़ा प्रबंधन हेतु एक वाहन की व्यवस्था की जानी है।विश्वविद्यालय परिसर में बैचलर ऑफ कंप्यूटर एप्लीकेशन (बीसीए) का पाठ्यक्रम शुरू किया जाना चाहिए।पुरातन छात्र सम्मेलन की सहमति बनी, जिसके लिए एक मोबाइल एप भी बनाया जाएगा।दिसंबर माह के आसपास विश्वविद्यालय द्वारा एक मेगा जॉब फेयर एवं किसान महोत्सव का आयोजन किया जाना चाहिए।छात्रों को अपने घर के निकट एवं अपने आसपास की समस्याओं एवं आवश्यकताओं को चिन्हित कर उसके निदान हेतु उपाय एवं समाधान सुझाने होंगे, इसके लिए सार्थक प्रयास भी करने होंगे। 'श्रवण सारथी' एवं 'वृद्ध वरदान' कार्यक्रम के नाम से यह कार्य किया जाएगा, जिस हेतु छात्रों को दो क्रेडिट प्रदान किए जाएंगे।समिति की इस बैठक में ऑनलाइन माध्यम से श्री एस. आर. ओला, डॉ. अजीत पाठक, श्री सेहुल शाह, श्री के. लक्ष्मण तथा डॉ. अमित राय जैन उपस्थित रहे। ऑफलाइन माध्यम से प्रो. अमरीका सिंह तथा डॉ. रामपाल सिंह, कुलसचिव श्री महेंद्र कुमार सिंह तथा वित्त अधिकारी श्री महिमा चंद उपस्थित रहे। कुलपति प्रो. अनिल कुमार राय के कुशल एवं दूरदर्शी नेतृत्व में विश्वविद्यालय निरंतर नवाचार, आधारभूत संरचना विकास एवं छात्र कल्याण के क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। उनके मार्गदर्शन में लिए गए ये निर्णय विश्वविद्यालय के सर्वांगीण विकास एवं छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होंगे।

लेखिका संघ की काव्य गोष्ठी में कवियों ने बांधा समां

बरेली(आज समाचार सेवा)। लेखिका संघ बरेली क़े तत्वावधान में ग्रीनपार्क कॉलोनी में कवि गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता संस्था की संरक्षक श्रीमती निर्मला सिँह ने की तथा मुख्य अतिथि हिमांशु श्रोत्रिय निष्पक्ष रहे। विशिष्ट अतिथि का दायित्व मिथलेश राकेश ने संभाला।कवि गोष्ठी का संचालन गीतकार कमल सक्सेना ने किया। कवि गोष्ठी का शुभारम्भ दीप प्रज्ज्वलन से शुरू हुआ। माँ शारदे की वंदना अविनाश अग्रवाल ने की।निर्मला सिँह ने अपनी कविता पढ़ते हुए कहा कि,,,हर आने वाला दिन हमारी जिंदगी की देह एक नया लिबास ओढ़ती है। और बीते दिन का लिबास उतार कर वक़्त की अरगनी पर टांग देती हैहिमांशु श्रोत्रिय निष्पक्ष ने अपनी ग़ज़ल कुछ ऐसे पढ़ी,,गज़ाला पर ग़ज़ल कहने की कोशिश है मुहब्बत में,यही लिखकर के भेजा है उसे पहले-पहल ख़त में। सितारों से भरे इस आस्मां को ओढ़नी कर दूँ,यही कोशिश है दीवाने की जो डूबा है उल्फ़त में। जिसपर सभी ने जोरदार तालियाँ बजायीं।कमल सक्सेना ने श्रृंगार क़े कुछ मुक्तक सुनाये जिन्हें सभी ने पसंद किया। तथा उसके बाद अपनी ग़ज़ल कुछ ऐसे पढ़ी,,,तन्हाइयों की रात ज़ब आधी गुज़र गयी। इस दिल क़े आईने में इक सूरत उतर गयी। हम ज़िन्दगी क़े कारवां को देखते रहे। इक अजनबी क़े साथ वो जाने किधर गयी। जिसे सभी ने पसंद किया।मिथलेश राकेश ने अपनी ग़ज़ल पढ़ते हुए कहा कि,,,सफर जितना करो घर लौटकर आना जरूरी है। बहुत ऊँचा उठो लेकिन ज़मीं पाना जरूरी है। अगर मशहूर होने की तमन्ना पाल बैठे हो, मुखालिफ ग़र हवा है उससे टकराना जरूरी है। पसंद की गयी।संस्था की अध्यक्ष व आयोजक अल्पना नारायण ने अपनी ग़ज़ल कुछ ऐसे पढ़ी,,,बुझी कब प्यास इस दिल की नदी आई स्वयं लब तक।बिखरते रेत से सपने संभाले हम इन्हे कब तक। तुम्हें समझा तुम्हें जाना न जाने क्यों मगर फिर भी.न समझे तुम हमें अब तक न समझे तुम हमें अब तक। ग़ज़ल पर जोरदार तालियाँ बजीं।सीमा सक्सेना असीम ने अपनी रचना पढ़ते हुए कहा कि,,,यह महफ़िल सजती रहे सदा, दिलों में मोहब्बत बसती रहे सदा। मेरी हँसी मेरी शायरी मेरी कविता मेरी हर शाम रोशन करती रहे सदा।मीरा प्रियदर्शनी ने अपनी कविता इस तरह पढ़ी,,,मिट्टी का दीपक कहता है खुद जलकर उजियारा दो।टूटे हुए दिलों को जोड़ो सबको प्रेम का सहारा दो।मोना प्रधान ने कहा कि,,पंछी उड़े आकाश में, मछली नीरे तीरमनुआ तो चहुं दिशा उड़े, फिर भी रहे अधीर ।दरिया का कतरा बोला, ये सागर क्यों है इठलाता इसका खारा जल क्या जाने, किसी पथिक प्यासे की पीर।अविनाश अग्रवाल ने अपनी ग़ज़ल पढ़ते हुए कहा कि,,गिरा जा रहा है महल मेरे दिल का जरा आकर कर जाओ इसकी मरम्मत।मीना अग्रवाल ने अपनी ग़ज़ल कुछ ऐसे पढ़ी,,,,सारा जिस्म मेरा इश्क़ की आग में जल गया। तड़पने क़े लिये यह दिल क्योंकर बच गया नीतू गोयल ने अपनी कविता कुछ ऐसे पढ़ी,,,प्रेम से ठगी गयी हूँ जान गयी हूँ जीवन के कठोर नियमरिश्तों में बंध कर रहना है तो ठगे जाती रहो कोई नुकसान नहीं।अंत में कवि गोष्ठी की आयोजक अल्पना नारायण ने सभी का आभार व्यक्त किया।

सपा नेता हाजी रियाजत नूर खां मतदाता जोड़ो अभियान में निभा रहे सक्रिय भूमिका

-आज समाचार सेवा-

पूरनपुर (पीलीभीत)। मतदाता जोड़ो अभियान समाजवादी पार्टी के नेता हाजी रियाजत नूर खां सक्रिय भूमिका निभाते हुए लोगों के वोट बनवाने के साथ ही संशोधन आदि कार्यों को लेकर ग्रामीणों का हर संभव सहयोग कर रहे हैं। साथ ही तमाम तरह की खामियां मिलने पर उच्च अधिकारियों को अवगत कराने से भी वह पीछे नहीं हट रहे हैं।

विकास खंड पूरनपुर अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत शेरपुर कलां में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा चलाए जा रहे मतदाता जोड़ो अभियान में अपनी टीम के साथ पहुंचे पूर्व जिला अध्यक्ष सपा अल्पसंख्यक सभा हाजी रियाजत नूर खान ने अपनी टीम जिसमें दानिश खान, बशीर खान, अनीश अंसारी, धर्मपाल, रजबल खान, भगवान दास, रईस खान, लाला के साथ मॉडल इंग्लिश विद्यालय नंबर 1 में बूथ संख्या 195 196 197 198 पर नए मतदाता बनवाने के साथ-साथ मतदाता सूचियो का बारीकी से निरीक्षण भी किया। जिसमें वोटर लिस्ट में तुरस्तियां भी निकली। जिसको लेकर वहां पर उपस्थित सुपरवाइजर फुरकान एवं बूथ बीएलओ को मतदाता सूचियां की खामियों से अवगत भी कराया। हाजी रियाजत नूर खान ने कहा कि मतदाता सूचियों की खामियां शीघ्र दूर नहीं की गई तो जिला निर्वाचन अधिकारी जिला मजिस्ट्रेट पीलीभीत को मतदाता सूचियां के प्रकरण से अवगत कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि एक मोहल्ले को दो बूथ संख्या पर कर दिया गया है, जबकि दूसरा एक ही परिवार के मकान संख्या के वोटर को दो जगह कर दिया गया। तीसरा ग्राम पंचायत टंडोला का रास्ता माजरा तालुके खैरपुर मतदाताओं को ग्राम पंचायत शेरपुर के नाम की सूची में जोड़ दिया जो पहचानना मुश्किल है। उन्होंने कहा कि खैरपुर के मतदाताओं को मतदान करने शेरपुर आना पड़ता है। इस तरीके की गंभीर त्रुटि वोटर लिस्ट में है, जिसका खामियाजा आम जनता भुगत रही है, जबकि गलती निर्वाचन का कार्य करने वालों की हैं।

भाकियू (चढूनी) ने तहसील गेट बंद कर दिया धरना

-आज समाचार सेवा-

पूरनपुर (पीलीभीत)। मंडी समिति में धान खरीद की अव्यवस्थाओं को लेकर भारतीय किसान यूनियन चढूनी के कार्यकर्ताओं ने शनिवार दोपहर करीब साढ़े बारह बजे तहसील गेट बंद कर धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। किसानों का आरोप है कि धरने पर बैठे किसानों के खिलाफ एसडीएम ने कार्रवाई कराने की चेतावनी दिए जाने से मामला बिगड़ गया। इससे प्रदर्शन कर रहे किसान भड़क उठे। सूचना पर कोतवाल पवन पांडे पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और किसानों को समझाकर स्थिति संभाली। इसके बाद तहसील गेट खुलवाया गया और धरना-प्रदर्शन समाप्त कराया गया। किसानों ने अपनी समस्याओं को लेकर नौ सूत्रीय ज्ञापन एसडीएम को सौंपा और दो दिन के भीतर समाधान कराने की मांग की। भाकियू चढूनी ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों का समाधान नहीं हुआ तो सोमवार को हाईवे जाम कर आंदोलन किया जाएगा। वहीं नवागत एसडीएम नागेंद्र पांडे ने कहा कि उन्होंने अभी कार्यभार ग्रहण किया है। उन्होंने किसानों की समस्याओं का समाधान कराने का आश्वासन दिया है। अब किसानों की मांगों पर प्रशासन की कार्रवाई का इंतजार है। इस दौरान संगठन के जिलाध्यक्ष रंजीत सिंह कहलो, जोगा सिंह जिला उपाध्यक्ष, जगविंदर सिंह पूरनपुर अध्यक्ष, सर्वजीत सिंह, अमरीक सिंह, त्रिलोचन सिंह, संजय पांडेय, अर्पण सिंह सहित कई किसान मौजूद थे।

वर्षों की परंपरा में फिर जगी आस्था की लौ, ऐतिहासिक दशहरा मेले का आगाज

-आज समाचार सेवा-

लखीमपुर खीरी। आस्था की लौ, रामायण के प्रसंग और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की छटा के बीच शुक्रवार को शहर के ऐतिहासिक दशहरा मेले का शुभारंभ हुआ। डीएम अंजनी कुमार सिंह और एसएसपी डॉ. ख्याति गर्ग ने नगर पालिकाध्यक्ष डॉ. ईरा श्रीवास्तव, ईओ संजय कुमार और मेला अध्यक्ष रवींद्र रावत 'डब्बू' के साथ विधि-विधान से पूजन-अर्चन कर दीप प्रज्वलित किया। इसके साथ ही नगर की वर्षों पुरानी गौरवशाली परंपरा का उत्सव शुरू हो गया।

नगर पालिकाध्यक्ष डॉ इरा श्रीवास्तव ने अपने स्वागत वक्तव्य में जिला प्रशासन, जनता का आभार व्यक्त करते हुए अतिथियों का सम्मान किया। उद्घाटन सत्र का संचालन समाजसेवी साहित्यकार राम मोहन गुप्त द्वारा किया।

उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए डीएम अंजनी कुमार सिंह ने कहा कि ऐतिहासिक दशहरा मेला और रामलीला किसी एक व्यक्ति या प्रशासन के प्रयासों का परिणाम नहीं, बल्कि नगरवासियों के निरंतर सहयोग, समर्पण और सहभागिता का प्रतिफल हैं। पांच पीढ़ियों ने अपने योगदान से इस परंपरा को समृद्ध किया है। उन्होंने नगरवासियों को बधाई देते हुए कहा कि ऐसे आयोजन सामाजिक एकता, अखंडता और सांस्कृतिक विरासत को मजबूती प्रदान करते हैं।

डीएम ने कहा कि अक्टूबर और नवंबर के महीने भक्ति और उल्लास से सराबोर रहते हैं। नवरात्र, दुर्गा पूजा, रामलीला, रावण दहन और दीपावली जैसे पर्व समाज में समरसता, आनंद और शांति का संदेश देते हैं। मेले की परंपरा को आगे बढ़ाने में जनभागीदारी सबसे अहम है।

रामचरितमानस से दिया विनम्रता का संदेश-डीएम ने श्रीरामचरितमानस की चौपाई 'सो सब तव प्रताप रघुराई, नाथ न कछू मोर प्रभुताई' का उल्लेख करते हुए कहा कि अच्छे कार्यों की सफलता का श्रेय किसी एक व्यक्ति को नहीं, बल्कि ईश्वर की कृपा और जनसामान्य के सहयोग को दिया जाना चाहिए। उन्होंने मेले के सफल और शांतिपूर्ण आयोजन की कामना करते हुए आयोजकों एवं नगरवासियों के प्रति आभार जताया।

रामायण की प्रस्तुतियों ने बांधा समां- नगर पालिका परिषद की ओर से आयोजित मेला दशहरा-2026 के पहले दिन लखनऊ के नित्यांजलि फाउंडेशन के कलाकारों ने रागिनी श्रीवास्तव के निर्देशन में रामायण आधारित मनमोहक नृत्य-नाटिका प्रस्तुत की। सीता स्वयंवर, राम वनगमन, रावण वध और श्रीराम के राजतिलक के प्रसंगों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में राजकुमार त्रिवेदी एडवोकेट, पूर्व सभासद शिवकांत मिश्रा और आचार्य अजय शास्त्री को शॉल एवं स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान सीओ सिटी महक शर्मा, मेलाधिकारी समरा सईद, सभासदों, नगर पालिका के अधिकारियों - कर्मचारियों सहित बड़ी संख्या में दर्शक मौजूद रहे।

थाना हैदराबाद पुलिस टीम द्वारा 02 नाबालिक युवतियों को बहला फुसलाकर कर ले जाने वाले अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार

लखीमपुर खीरी। प्रभारी निरीक्षक मितौली के नेतृत्व में थाना हैदराबाद पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय वादी की सूचना पर पंजीकृत मु0अ0स0 297/26धारा 137(2)/87 बी0एन0एस से सम्बंधित वांछित अभियुक्त उपेन्द्र कुमार उर्फ कल्लू पुत्र स्व0 मुन्नालाल नि0ग्राम रसूलपुर पनाह थाना गोला जनपद खीरी उम्र करीब 30 वर्ष को आज दिनांक 24.10.26 को ममरी बरगदिया के पास से गिरफ्तार कर वास्ते विधिक कार्यावाही हेतू मा0न्यायालय खीरी के समक्ष भेजा गया।गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उ0नि0धर्मेन्द्र कुमार थाना हैदराबाद,का0 रवि कुमार थाना हैदराबाद,का0 प्रेमशंकर थाना हैदराबाद,म0का0 जूही थाना हैदराबाद,म0का0 अशिंका थाना हैदराबाद जनपद खीरी शामिल रहे।

लखीमपुर खीरी। ओएल खीरी नगर पंचायत क्षेत्र के अनेक भागो में निरंकुश घूम रही गाये,बन्दर तथा कुत्ते जन जीवन में निरंतर समस्या बनते जा रहे है नगर में सर्वेक्षण के दौरान नगर क्षेत्र के विभिन मोहल्ला वाशियों ने भेट वार्ता में बताया कि मोहल्ले में निरंकुश घूम रहे

तलाश गुमशुदा

सर्व सम्बन्धित को सूचित किया जाता है कि गुमशुदा श्रीमती अनिला राय पत्नी आशीष राय उम्र करीब 55 वर्ष नि0 ग्राम मियांपुर थाना मोहम्मदी , जिला खीरी दिनांक 13.09.2026 को घर से बिना बताये कही चली गयी है। जिसके सम्बन्ध में थाना मोहम्मदी, खीरी पर गुमशुदगी संख्या 23/2026 पंजीकृत है।

जिसका हुलिया निम्न प्रकार है:-लम्बाई लगभग 05 फिट 04 इंच, अण्डाकार चेहरा रंग गोरा , लम्बे काले बाल,उम्र लगभग 55 वर्ष

पहनावा:- हल्के खाकी कलर की साडी जिसे काली बूंदो के छोटे - छोटे निसान है।जिस किसी व्यक्ति को कोई जानकारी प्राप्त हो तो नीचे दिये फोन नम्बरो पर अवगत कराने की कृपा करे ।

उ0नि0 शिवबहादुर सिंह
थाना मोहम्मदी,खीरी
मो0- 9721501006

PCM-8782

प्रभारी निरीक्षक
थाना मोहम्मदी,खीरी
मो0 9454403788

पल्लेदार की हत्या का मुख्य आरोपी गिरफ्तार कर पुलिस ने बरामद किया आला कत्ल

-आज समाचार सेवा-

पूरनपुर (पीलीभीत)। मामूली विवाद के चलते पल्लेदार ने अपने साथ काम करने वाले दूसरे पल्लेदार की दिनदहाड़े बांका से हमला कर हत्या कर दी थी। पुलिस ने हत्या के मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया था। पूछताछ के पश्चात पुलिस ने आरोपी की निशान देही पर आला कत्ल बरामद कर लिया है। बताया जाता है कि आरोपी के इस कृत्य में उसके भाई और पिता ने भी सहयोग किया, जो कि फरार चल रहे हैं। पुलिस फरार चल रहे आरोपियों की गिरफ्तारी के हर संभव प्रयास कर रही है।

तहसील क्षेत्र के गांव रामपुर ता. महाराजपुर में पल्लेदार अरबाज की हत्या के मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी शहबाज को गिरफ्तार कर लिया था। पुलिस ने उसकी निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त बांका भी बरामद किया है। आरोपी को वैधानिक कार्रवाई के बाद शुक्रवार को न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है। पुलिस के मुताबिक, 22 अक्टूबर को रामपुर निवासी अरबाज पुत्र मुन्ने खां गणपति राइस मिल में मजदूरी करने जा रहा था। मिल में काम के दौरान मजाक-मजाक में हुई गाली-गलौज को लेकर अरबाज और शहबाज के बीच विवाद हो गया था। मौके पर मौजूद लोगों ने उस समय मामला शांत करा दिया। आरोप है कि लंच के बाद मिल जाते समय शहबाज ने अपने भाई शेरखान और पिता शकील उर्फ गुन्नू खां के साथ मिलकर अरबाज की गर्दन पर धारदार हथियार से वार कर दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। मृतक के पिता मुन्ने खां की तहरीर पर पुलिस ने शहबाज सहित तीन आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए शहबाज पुत्र शकील उर्फ गुन्नू खां, निवासी रम्पुरा ता0 महाराजपुर को गिरफ्तार कर लिया। इस मामले में फरार चल रहे अन्य आरोपियों की पुलिस द्वारा तलाश की जा रही हैं।

युवक की नाक काटने के मामलें में चार आरोपियों पर मुकदमा दर्ज

-आज समाचार सेवा-

पूरनपुर (पीलीभीत)। मोबाइल छीनने के आरोप को लेकर विवाद हो गया। आरोप है कि चार लोगों ने मिलकर एक व्यक्ति के साथ मारपीट की और इसी दौरान सब्जी काटने वाली छुरी से उसकी नाक काट दी। घटना के बाद घायल ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने घायल का मेडिकल परीक्षण कराने के उपरांत चारों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

ग्राम पंचायत पूरनपुर देहात के मोहल्ला हबीबगंज गौटिया निवासी बृजमोहन शर्मा पुत्र मदन लाल शर्मा के मुताबिक, 21 अक्टूबर की रात करीब आठ बजे वह कोटेदार लल्ला की दुकान पर खड़े थे। तभी मोहल्ले के अंकित कुशवाहा, प्रदीप पासवान, दीपक और लालू वहां पहुंच गए। आरोप है कि अंकित कुशवाहा ने बृजमोहन पर मोबाइल छीनने का आरोप लगाया। विरोध करने पर चारों ने एकराय होकर उनके साथ मारपीट शुरू कर दी। इसी बीच अंकित कुशवाहा ने सब्जी काटने वाली छुरी से उनकी नाक काट दी। घटना के बाद घायल ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने उसी रात उनका चिकित्सीय परीक्षण कराया। मामले में पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

मतदाता सूची में नाम जोड़ने को बूथों पर जुटा प्रशासन, डीएम ने परखी अभियान की रफ्तार

लखीमपुर खीरी। लोकतंत्र की मजबूती के लिए हर पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में दर्ज होना जरूरी है। इसी उद्देश्य से शनिवार को भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर जिले के सभी मतदेय स्थलों पर विशेष कैंप लगाकर मतदाता पंजीकरण अभियान चलाया गया। सुबह 10 बजे से शाम चार बजे तक बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) अपने-अपने बूथों पर मौजूद रहे और मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने से छूटे लोगों तथा पहली बार मतदान के लिए पात्र युवाओं को पंजीकरण का अवसर उपलब्ध कराया। अभियान की जमीनी हकीकत परखने के लिए डीएम अंजनी कुमार सिंह ने राजकीय इंटर कॉलेज, परिषदीय विद्यालय सलेमपुर और गुरु नानक इंटर कॉलेज में स्थापित बूथों का निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित बीएलओ से अभियान की प्रगति की जानकारी ली। डीएम ने नए मतदाताओं के पंजीकरण के लिए प्राप्त फॉर्म-6 की स्थिति भी जानी और पात्र नागरिकों को मतदाता सूची से जोड़ने के कार्य को गंभीरता से पूरा करने पर जोर दिया। वही प्राप्त फार्मो को आज ही ऑनलाइन फीड करने के निर्देश दिए। डीएम ने बीएलओ की भूमिका को महत्वपूर्ण बताते हुए उन्हें पूरे मनोयोग और जिम्मेदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने के लिए प्रेरित किया। अभियान का उद्देश्य केवल फॉर्म भरवाना नहीं, बल्कि यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी पात्र नागरिक मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने से वंचित न रह जाए। निरीक्षण के दौरान एसडीएम सदर ज्वाइंट मजिस्ट्रेट चेलवा राजू आर, तहसीलदार मुकेश कुमार वर्मा सहित संबंधित सुपरवाइजर और राजस्व अधिकारी मौजूद रहे। वहीं, जिले के सभी उप जिला मजिस्ट्रेट अपने-अपने क्षेत्रों में भ्रमणशील रहकर विशेष कैंपों की निगरानी करते रहे और बीएलओ का उत्साह बढ़ाया।

पात्र नागरिकों से पंजीकरण की अपील- प्रशासन का जोर है कि मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने से छूटे पात्र नागरिक और पहली बार मतदान के लिए पात्र युवा निर्धारित प्रक्रिया के तहत फॉर्म-6 भरकर अपना पंजीकरण कराएं। मतदाता सूची में नाम दर्ज होना लोकतांत्रिक प्रक्रिया में भागीदारी की पहली और जरूरी सीढ़ी है।

मोटोरोला ने की बिग बिलियन मोटो डील्स के तहत विशेष त्योहारी ऑफर्स की घोषणा

मेरठ। मोबाइल टेक्नोलॉजी में दुनिया की अग्रणी और भारत के प्रमुख एआई स्मार्टफोन ब्रांड मोटोरोला ने फ्लिपकार्ट की बिग बिलियन डेज सेल 2026 के दौरान बिग बिलियन मोटो डील्स के तहत अपने लेटेस्ट स्मार्टफोन पोर्टफोलियो पर विशेष त्योहारी ऑफर्स की घोषणा की है। मोटोरोला के नए एआई इनोवेशन, प्रो.ग्रेड कैमरा सिस्टम, प्रीमियम पैंटोन वैलिडेटेड डिजाइन, शानदार डिस्प्ले और लंबे समय तक चलने वाली बैटरी इनोवेशन को एक साथ लाते हुए, इस कैंपेन का उद्देश्य हर वर्ग के ग्राहकों तक आधुनिक स्मार्टफोन अनुभव आसानी से पहुँचाना है। यह सेल अब फ्लिपकार्ट पर लाइव है और बिग बिलियन डेज सेल अवधि के दौरान जारी रहेगी। ऑफर्स के दौरान मोटोरोला के नये स्मॉर्टफोन मोटोरोला एज70 फ्यूजन, मोटोरोला एज70 प्रो, मोटोरोला एज70 प्रो प्लस, मोटो जी मैक्स, मोटो जी77 पॉवर, मोटो जी37 पॉवर एवं मोटोरोला सिग्नेचर पर ग्राहकों को आकर्षक छूट का आफर दिया जा रहा है।

उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए पेश किया नया उत्पाद

नई दिल्ली। अग्रणी एफएमसीजी समूह और बहु.व्यावसायिक कॉर्पोरेशन धर्मपाल सत्यपाल ग्रुप डीएस ग्रुप, के लोकप्रिय ब्रांड्स में से एकए कैच सॉल्ट एंड स्पाइसेज ने कैच जिंजर गार्लिक पेस्ट के लिए एक नया टेलीविज़न विज्ञापन जारी किया हैए जिसके साथ भारत में इस कैटेगरी की पहली स्क्वीज़ी बोतल पेश की गई है। वीएमएल इंडिया द्वारा परिकल्पित यह कैंपेन ,स्क्वीज़ी है, ईज़ी है लाइन पर आधारित है और रसोई में रोज़मर्रा की सुविधा को कम्युनिकेशन के केंद्र में रखता है।अर्नब घटक चौधरी, सीनियर जनरल मैनेजर, मार्केटिंग, कैच सॉल्ट एंड स्पाइसेज, डीएस ग्रुप ने कहाए श्पैकेज्ड जिंजर गार्लिक पेस्ट रसोई की सबसे तेज़ी से बढ़ती कैटेगरी में से एक है और आज के उपभोक्ता स्वाद से समझौता किए बिना सुविधा चाहते हैं। कैच हमेशा से असली स्वाद का पर्याय रहा है।बबीता बरुआ, सीईओए वीएमएल इंडिया ने कहा, वीएमएल में हमारा मानना है कि दमदार क्रिएटिव काम की शुरुआत उपभोक्ता की गहरी समझ से होती है। कैच जिंजर गार्लिक पेस्ट का स्क्वीज़ी फ़ॉर्मेट इस बात का शानदार उदाहरण है कि कैसे पैकेजिंग में एक सरल इनोवेशन रसोई की रोज़मर्रा की असली परेशानी को दूर कर देता है। हमारा ष्स्क्वीज़ी हैए ईज़ी है कैंपेन रोज़ाना खाना पकाने की दिनचर्या से जुड़ी एक दिलचस्प और अपनी.सी लगने वाली कहानी के ज़रिए इस सहूलियत को जीवंत करता है।

रेलवे ने बाउंड्री का निर्माण कराया तो बन्द हो जायेगी जल निकासी, ग्रामीणों की पक्का नाला बनवाने की मांग

-आज समाचार सेवा-

पूरनपुर (पीलीभीत)। नगर पालिका क्षेत्र के पानी की निकासी को लेकर राजागंज देहात के लोगों ने एसडीएम से शिकायत कर पक्का नाला बनवाने की मांग उठाई है। लोगों ने चेतावनी दी कि समय रहते समस्या का समाधान नहीं हुआ तो विरोध प्रदर्शन किया जाएगा।

ग्राम पंचायत पूरनपुर देहात सहित क्षेत्र के कई ग्रामीणों द्वारा की गई शिकायत के अनुसार वर्ष 2021 में तत्कालीन जिलाधिकारी पुलकित खरे और विधायक बाबूराम पासवान के हस्तक्षेप के बाद नगर पालिका ने करीब 130 मीटर पक्का नाला और रास्ते का निर्माण कराया था। शेष 400 से 500 मीटर निर्माण कराने का आश्वासन दिया गया, लेकिन अब तक काम पूरा नहीं हुआ। अब रेलवे की ओर से पटरी के दोनों तरफ बाउंड्री बनाने की तैयारी की जा रही है। 15 अक्टूबर को रेलवे और तहसील प्रशासन की संयुक्त टीम ने पैमाइश कर आवागमन के लिए कहीं 10 तो कहीं 15 फीट चौड़ा चकमार्ग निर्धारित किया।अहमदनगर में निर्माण के लिए खुदाई भी शुरू हो चुकी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि बाउंड्री बनने से नगर पालिका क्षेत्र के पानी की निकासी बंद हो सकती है। इससे मोहल्लों में जलभराव होने और घरों तक पानी पहुंचने की आशंका है। कच्चा नाला खोदने से बच्चों और बुजुर्गों के लिए भी खतरा पैदा हो सकता है। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि नगर पालिका जनहित में पक्का नाला बनवाए या पानी की निकासी के लिए नगर क्षेत्र में ही वैकल्पिक व्यवस्था करे। ताकि स्थाई जल निकास हो सके अगर नगरपालिका ने मामले को गंभीरता से नहीं लिया तो भबिष्य में कच्चा नाला बनाने का स्थानीय लोग विरोध करेगें। ऐसी समस्या से बचने के लिए अभी से नगरपालिका किसी योजना के तहत जल निकासी हेतू नाला निर्माण कार्य अभी से शुरू करा दे, जिससे समस्याओं से बचा जा सके। इस दौरान नाजिम खान, कासिम खान, फईम खान, अशफाक, फिरासत, आरिफ मौजूद रहे।

वन मिलियन फार वन बिलियन द्वारा एआई प्रज्ञा के अंतर्गत राजकीय पॉलिटेक्निक में हुआ 2 दिवसीय एआई प्रशिक्षण

-आज समाचार सेवा-

पूरनपुर (पीलीभीत)। आईबीएम स्किल बिल्ड के इंप्लीमेंटेशन पार्टनर वन मिलियन फार वन बिलियन ने उत्तर प्रदेश सरकार की पहल एआई प्रज्ञा के अंतर्गत राजकीय पॉलिटेक्निक पूरनपुर,पीलीभीत में दो दिवसीय नि:शुल्क आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में 300 से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस दौरान विद्यार्थियों को आईबीएम स्किल बिल्ड के अंतर्गत आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की मूल अवधारणाओं, इसके व्यावहारिक उपयोग, भविष्य में उभरते रोजगार अवसरों तथा आवश्यक डिजिटल एवं फ्यूचर स्किल्स के बारे में जानकारी दी गई। इंटरैक्टिव और हैंड्स ओंन सेशन के माध्यम से विद्यार्थियों को एआई को वास्तविक जीवन की समस्याओं और अपने करियर से जोड़कर समझने का अवसर मिला।

संस्थान के प्रधानाचार्य विल्सन, ट्रेनिंग प्लेसमेंट हेड अजय गुप्ता और ट्रेनर अभिनव कश्यप एवं अन्य संकाय सदस्यों ने एआई प्रज्ञा पहल की सराहना करते हुए इसे विद्यार्थियों को भविष्य की तकनीकी और रोजगार संबंधी आवश्यकताओं के लिए तैयार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। एआई प्रज्ञा के माध्यम से 1एम1बी, आईबीएम के सहयोग से, उत्तर प्रदेश में पॉलिटेक्निक, आईटीआई, डिग्री कॉलेजों और विद्यालयों के विद्यार्थियों को एआई एवं फ्यूचर स्किल्स से जोड़ने तथा उन्हें रोजगार, नवाचार और बदलती डिजिटल अर्थव्यवस्था में उभरते अवसरों के लिए तैयार करने की दिशा में कार्य कर रहा है।

एडसीएम कलीनगर ने माधोटांडा में मतदान केन्द्रों का किया निरीक्षण, बीएलओ को दिए सख्त निर्देश

-आज समाचार सेवा-

पूरनपुर (पीलीभीत)। मतदाता सूची से जुड़े कार्यों को प्रभावी और व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से कलीनगर के उपजिलाधिकारी (एसडीएम) पवन कुमार ने ग्राम माधोटांडा पहुंचकर मतदाता बूथों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बूथों पर चल रहे कार्यों की स्थिति का जायजा लिया और संबंधित बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान एसडीएम पवन कुमार ने बीएलओ को निर्देशित किया कि मतदाता सूची से संबंधित कार्य पूरी गंभीरता, पारदर्शिता और जिम्मेदारी के साथ किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि पात्र मतदाताओं का नाम सूची में शामिल करने तथा मतदाता संबंधी विवरणों को सही ढंग से दर्ज करने में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। उन्होंने निर्देश दिए कि मतदाता सूची के कार्य में विशेष सतर्कता बरती जाए, ताकि कोई भी पात्र मतदाता छूटने न पाए। साथ ही सभी संबंधित कार्यों को निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार प्रभावी ढंग से पूरा करने पर जोर दिया। एसडीएम के निरीक्षण को मतदाता सूची संबंधी कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। प्रशासन का उद्देश्य है कि मतदाता सूची से जुड़े कार्यों में शुद्धता बनी रहे और पात्र मतदाताओं को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

मुख्यमंत्री खाद्य प्रसंस्करण ग्राम स्वरोजगार योजना के अंतर्गत जमुनिया में हुआ दो दिवसीय प्रशिक्षण

-आज समाचार सेवा-

पूरनपुर (पीलीभीत)। खाद्य प्रसंस्करण विभाग, राजकीय सामुदायिक फल संरक्षण एवं प्रशिक्षण केंद्र पीलीभीत द्वारा मुख्यमंत्री खाद्य प्रसंस्करण ग्राम स्वरोजगार योजना के अंतर्गत जनपद पीलीभीत के विकास खंड पूरनपुर अंतर्गत आने वाले ग्राम जमुनिया में दिनांक- 22.10.2026 से 23.10.2026 तक दो दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया।

आयोजित कार्यक्रम का उद्घाटन ग्राम प्रधान इंद्रावती, बलवीर सिंह द्वारा किया गया। कार्यक्रम में लाभार्थियों को खाद्य प्रसंस्करण से जुड़ी जानकारी देकर आत्मनिर्भर करने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन केंद्र प्रभारी असीम कुमार वर्मा के निर्देशन में किया गया। लाभार्थियों को साहित्य वितरित किया गया। प्रशिक्षण में शामिल लोगों के लिए अल्पाहार व जलपान की व्यवस्था की गई। कार्यक्रम में व्याख्यान दाताओं के रूप में वीरेंद्र कुमार पाली (पूर्व प्रभारी खाद्य प्रसंस्करण), पवन कुमार, अखिलेश कुमार, अमन आदि मौजूद रहे। यहां खाद्य प्रसंस्करण के विषयों की विस्तार से जानकारी दी गई। प्रधानमंत्री खाद्य सूक्ष्म उन्नयन योजना (पीएमएफएमई) के अंतर्गत मिनी फ्लोर मिल, मिनी रईस मिल, मिनी ऑयल एक्सपेलर, दलिया बनाना व मसाला उद्योग मिल्क बेस्ट प्रोडक्ट आदि की जानकारी दी गई। अंत में 30 लाभार्थियों को प्रमाण पत्र भी वितरित किया गया। कार्यक्रम में खुशबू राणा, परवीन देवी, मंजू देवी, बसंती, परविंदर सिंह, प्रेम प्रकाश, भूपेंद्र कुमार, सतपाल, विनोद सिंह, विक्रम सिंह आदि मौजूद रहे।

ग्राम पंचायत पैला गांव में सफाई व्यवस्था बदहाल, ग्रामीण खुद सफाई करने को मजबूर

लखीमपुर खीरी। बेहजम ब्लॉक की ग्राम पंचायत पैला गांव में सफाई व्यवस्था को लेकर ग्रामीणों में नाराजगी देखने को मिल रही है।गांव की गलियों और सार्वजनिक स्थानों पर नियमित साफ-सफाई न होने के कारण जगह-जगह गंदगी और कूड़े के ढेर नजर आ रहे हैं।इससे ग्रामीणों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।ग्रामीणों का कहना है कि गांव में सफाई व्यवस्था को दुरुस्त रखने की जिम्मेदारी संबंधित विभाग और ग्राम पंचायत की है, लेकिन इसके बावजूद नियमित रूप से सफाई नहीं कराई जा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि गांव की सफाई व्यवस्था केवल कागजों तक सीमित न रहे, बल्कि धरातल पर भी दिखाई दे। अब देखना यह है कि जिम्मेदार अधिकारी ग्रामीणों की समस्या का संज्ञान लेकर कब तक कार्रवाई करते हैं।

जिलाधिकारी की अध्यक्षता में थाना समाधान दिवस के अवसर पर कोतवाली सदर में की गई जनसुनवाई

पीलीभीत। जिलाधिकारी आलोक कुमार की अध्यक्षता में आयोजित थाना समाधान दिवस के अवसर पर कोतवाली सदर में पहुंचकर जन शिकायतों की सुनवाई की गई। इसके साथ ही साथ आपसी विवादों संबंधी शिकायतों के संबंध में सम्बन्धित क्षेत्र के लेखपाल व पुलिस कर्मचारियों द्वारा मौके पर जाकर समस्या के निस्तारण करने के निर्देश दिये गये। उन्होंने थाना प्रभारी को निर्देशित करते हुये कहा कि जनसुवाई के दौरान आई समस्त शिकायतों में सम्बन्धित क्षेत्र के राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम बनाकर मौके पर जाकर दोनों पक्षों को बुलाकर समस्या का समाधान कराया जाये, किसी भी दशा में कोई भी शिकायत अधिक समय तक लम्बित न रहे। थाना समाधान दिवस के दौरान पुलिस अधीक्षक सुर्कीति माधव, थानाध्यक्ष, लेखपाल, सहित अन्य पुलिस अधिकारीगण उपस्थित रहे।

जिलाधिकारी, जिला निर्वाचन अधिकारी ने विशेष कैंप दिवस पर मतदेय स्थलों का किया निरीक्षण

पीलीभीत। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण 2026 अभियान के अंतर्गत मतदाता सूची में नाम पंजीकृत कराने से छूटे हुए अर्ह नागरिकों एवं प्रथम बार 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर रहे योग्य निर्वाचकों के नाम सम्मिलित किए जाने के उद्देश्य से आज जनपद के विभिन्न मतदान केंद्रों, मतदेय स्थलों पर विशेष कैंप का आयोजन किया गया। इसी क्रम में जिलाधिकारी, जिला निर्वाचन अधिकारी आलोक कुमार द्वारा मतदान केंद्रों पर पहुँचकर चल रहे कार्यों का औचक निरीक्षण किया एवं व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने सदर तहसील के बीआरसी सेंटर, देवहा चैकी, ललित हरि आयुर्वेदिक कालेज, टण्डोला, हिम्मतनगर-चिरैंदापुर के मतदेय स्थलों का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने बूथों पर तैनात बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) से नए नाम जोड़ने हेतु प्राप्त फार्म-6, 7, तथा संशोधनध्स्थान परिवर्तन हेतु प्राप्त फार्म-8 के आवेदनों की अद्यतन स्थिति एवं प्रगति के संबंध में विस्तृत जानकारी प्राप्त की। जिलाधिकारी ने उपस्थित बीएलओ को निर्देश देते हुए कहा कि कोई भी पात्र मतदाता सूची में नाम दर्ज होने से वंचित न रहे तथा प्राप्त फार्मों का समयबद्ध व पारदर्शी तरीके से निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। जिलाधिकारी ने तहसील सदर पहुंचकर बीआरसी सेंटर का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सेंटर पर चल रहे कार्यों का जायजा लिया। सेंटर पर मतदाता सूची, आवश्यक प्रपत्रों के रख-रखाव व संसाधानों की उपलब्धता को देखा। उन्होंने मौके पर उपस्थित कर्मचारियों को निर्देश दिये कि समस्त कार्यों को समयबद्ध किया जाये। इस दौरान अपर जिलाधिकारी (वि.ध्रा.) प्रसून द्विवेदी सहित अन्य उपस्थित रहे।

जिलाधिकारी ने प्राथमिक विद्यालय हिम्मतनगर का किया औचक निरीक्षण एवं शिक्षा की गुणवत्ता परखी

पीलीभीत। जिलाधिकारी आलोक कुमार ने विकासखण्ड मरौरी क्षेत्रान्तर्गत प्राथमिक विद्यालय हिम्मतनगर का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विद्यालय में पठन-पाठन की गुणवत्ता, शौचालय, पेयजल, रसोई सहित आधारभूत सुविधाओं जायजा लिया तथा उपस्थिति पंजिका की जांच की गई। निरीक्षण के दौरान अध्यापिका साधना शुक्ला अनुपस्थित पाई गई। उन्होंने विद्यालय में छात्र-छात्राओं की उपस्थिति की जांच की 94 में से 53 छात्र-छात्रा मौके पर पाए गए। उन्होंने विद्यालय में छात्र-छात्राओं की उपस्थिति बढ़ाने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया। प्राथमिक विद्यालय हिम्मतनगर के निरीक्षण के दौरान उन्होंने छात्र-छात्राओं से गिनती, पहाड़े सुनकर व किताब पढ़वाकर विद्यालय में दी जा रही शिक्षा की गुणवत्ता को परखा और अध्यापकों को शिक्षा में और सुधार लाने के निर्देश दिए। इस दौरान विद्यालयों के अध्यापक कृष्णहरि अग्रवाल, अध्यापिका शिपारा शुक्ला व लक्ष्मी देवी उपस्थित रहीं।

जमुनिया में खाद्य प्रसंस्करण प्रशिक्षण शिविर आयोजित, 30 लाभार्थियों को मिले प्रमाण पत्र

पीलीभीत। खाद्य प्रसंस्करण विभाग एवं राजकीय सामुदायिक फल संरक्षण एवं प्रशिक्षण केंद्र पीलीभीत की ओर से मुख्यमंत्री खाद्य प्रसंस्करण ग्राम स्वरोजगार योजना के अंतर्गत विकासखंड पूरनपुर के ग्राम जमुनिया में 22 और 23 अक्टूबर 2026 को दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीणों को खाद्य प्रसंस्करण से संबंधित जानकारी देकर स्वरोजगार के लिए प्रेरित करना और उन्हें आत्मनिर्भर बनाना रहा। कार्यक्रम का उद्घाटन ग्राम प्रधान श्रीमती इंद्रावती एवं बलवीर सिंह ने किया। केंद्र प्रभारी असीम कुमार वर्मा के निर्देशन में आयोजित प्रशिक्षण में लाभार्थियों को खाद्य प्रसंस्करण के विभिन्न पहलुओं की विस्तार से जानकारी दी गई। प्रशिक्षकों ने ग्रामीणों को छोटे उद्योग स्थापित कर रोजगार के अवसर विकसित करने के लिए प्रेरित किया। प्रशिक्षण के दौरान प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना (पीएमएफएमई) के अंतर्गत मिनी फ्लोर मिल, मिनी राइस मिल, मिनी ऑयल एक्सपेलर, दलिया निर्माण, मसाला उद्योग और दूध आधारित उत्पादों से जुड़े उद्योगों की स्थापना एवं संचालन के संबंध में जानकारी दी गई। वक्ताओं ने बताया कि खाद्य प्रसंस्करण के क्षेत्र में छोटे उद्योग स्थापित कर ग्रामीण क्षेत्रों में स्वरोजगार के अवसर पैदा किए जा सकते हैं। कार्यक्रम में पूर्व खाद्य प्रसंस्करण प्रभारी वीरेंद्र कुमार पाली सहित पवन कुमार, अखिलेश कुमार, अमन आदि ने व्याख्यान दिए। इस दौरान लाभार्थियों को प्रशिक्षण साहित्य भी वितरित किया गया। प्रशिक्षण में शामिल लोगों के लिए अल्पाहार एवं जलपान की व्यवस्था की गई। दो दिवसीय प्रशिक्षण के समापन पर कुल 30 लाभार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। कार्यक्रम में खुशबू राणा, परवीन देवी, मंजू देवी, बसंती, परविंदर सिंह, प्रेम प्रकाश, भूपेंद्र कुमार, सतपाल, विनोद सिंह और विक्रम सिंह सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

मतदाता सूची पर सवाल, छह हजार प्रविष्टियों में गड़बड़ी का आरोप

बीसलपुर। सदर विधानसभा क्षेत्र की मतदाता सूची में गड़बड़ी के मामले में एसडीएम के खिलाफ एफआईआर दर्ज होने के बाद अब बीसलपुर की मतदाता सूची पर भी सवाल उठे हैं। सपा नेत्री दिव्या गंगवार ने प्रेसवार्ता कर करीब छह हजार मतदाता प्रविष्टियों में हेराफेरी का आरोप लगाया है। उनका दावा है कि अभी सूची के लगभग 25 से 30 प्रतिशत हिस्से की ही पड़ताल हो सकी है। दिव्या गंगवार ने आरोप लगाया कि एक ही नाम और पिता के नाम वाली प्रविष्टियां विभिन्न बूथों की मतदाता सूचियों में दर्ज हैं। कुछ जगह एक ही मकान संख्या पर हिंदू और मुस्लिम मतदाताओं के नाम दर्शाए गए हैं। उन्होंने मतदाताओं के नाम की वर्तनी में बदलाव किए जाने का भी आरोप लगाया। सपा नेत्री के मुताबिक, अब तक की पड़ताल में करीब छह हजार संदिग्ध प्रविष्टियां सामने आई हैं। उन्होंने आशंका जताई कि पूरी मतदाता सूची की जांच होने पर यह संख्या 25 से 30 हजार तक पहुंच सकती है। हालांकि, एक जैसे नाम और पिता के नाम की प्रविष्टियां होने मात्र से दोहरा पंजीकरण साबित नहीं होता। इसी तरह एक मकान संख्या पर अलग-अलग समुदायों के मतदाताओं के नाम दर्ज होना भी अपने आप में गड़बड़ी का प्रमाण नहीं है। आरोपों की पुष्टि संबंधित मतदाताओं के विवरण और निर्वाचन अभिलेखों के मिलान से होगी। उपलब्ध जानकारी में इन आरोपों पर निर्वाचन विभाग का पक्ष सामने नहीं आया है।

दशमोत्तर छात्रवृत्ति के लिए संशोधित समय-सारिणी जारी, 13 नवंबर तक कर सकेंगे ऑनलाइन आवेदन

पीलीभीत। वित्तीय वर्ष एवं शैक्षिक सत्र 2026-27 में दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजनान्तर्गत अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, सामान्य वर्ग, अन्य पिछड़ा वर्ग और अल्पसंख्यक वर्ग के छात्र-छात्राओं के लिए संशोधित समय-सारिणी जारी की गई है। निदेशक अल्पसंख्यक कल्याण, उत्तर प्रदेश, लखनऊ द्वारा 23 अक्टूबर 2026 को जारी पत्र के क्रम में छात्रवृत्ति वितरण से संबंधित विभिन्न प्रक्रियाओं को निर्धारित समयसीमा में पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं। यह समय-सारिणी कक्षा 11 और 12 को छोड़कर उच्च कक्षाओं में अध्ययनरत विद्यार्थियों के लिए लागू होगी। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी ने बताया कि छात्रवृत्ति प्रक्रिया के तहत शिक्षण संस्थानों को अपना मास्टर डाय तैयार करने के लिए 23 अक्टूबर से 5 नवंबर 2026 तक का समय दिया गया है। विश्वविद्यालय एवं एफिलिएटिंग एजेंसी द्वारा फीस आदि का सत्यापन 23 अक्टूबर से 7 नवंबर तक तथा मास्टर डाय का सत्यापन 23 अक्टूबर से 10 नवंबर तक किया जाएगा। वहीं, अल्पसंख्यक वर्ग के लिए एनएसपी पोर्टल पर पंजीकृत निजी क्षेत्र के शिक्षण संस्थानों की मार्किंग 24 अक्टूबर से 10 नवंबर 2026 तक की जाएगी। कक्षा 12 से उच्चतर कक्षाओं में अध्ययनरत नवीनीकरण के छात्र-छात्राओं को 23 अक्टूबर से 13 नवंबर 2026 तक अपना आवेदन नवीनीकृत कर उसकी हार्डकॉपी शिक्षण संस्थान में जमा करनी होगी। शिक्षण संस्थानों द्वारा विद्यार्थियों का बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण करने, प्राप्तांक, पूर्णांक एवं उपस्थिति दर्ज करने तथा अपात्र विद्यार्थियों का डाय निरस्त कर पात्र विद्यार्थियों के आवेदन ऑनलाइन सत्यापित करने की प्रक्रिया 15 नवंबर 2026 तक पूरी की जाएगी। इसके अतिरिक्त विश्वविद्यालय एवं संबंधित एफिलिएटिंग एजेंसी द्वारा वास्तविक विद्यार्थियों का सत्यापन करने तथा अपात्र छात्र, पाठ्यक्रम एवं संस्था को ब्लॉक करने की प्रक्रिया 18 नवंबर 2026 तक पूरी की जानी निर्धारित है। नए यानी फ्रेश छात्र-छात्राओं के लिए रजिस्ट्रेशन एवं ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि 13 नवंबर 2026 निर्धारित की गई है। विद्यार्थी 15 सितंबर से 15 नवंबर तक अपने आवेदन का फाइनल प्रिंट निकाल सकेंगे। इसके बाद आवेदन पत्र की हार्डकॉपी आवश्यक संलग्नकों के साथ 16 नवंबर 2026 तक संबंधित शिक्षण संस्थान में जमा करनी होगी। शिक्षण संस्थानों को विद्यार्थियों के आवेदन पत्रों का ऑनलाइन सत्यापन एवं अग्रसारण 17 नवंबर 2026 तक पूरा करना होगा। वहीं, विश्वविद्यालय एवं एफिलिएटिंग एजेंसी द्वारा वास्तविक विद्यार्थियों का सत्यापन करने और अपात्र विद्यार्थियों, पाठ्यक्रमों एवं संस्थानों को ब्लॉक करने की अंतिम तिथि 25 नवंबर 2026 निर्धारित की गई है। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी ने छात्र-छात्राओं एवं शिक्षण संस्थानों से निर्धारित समय-सारिणी के अनुसार सभी आवश्यक प्रक्रियाएं समय से पूरी करने की अपील की है, ताकि छात्रवृत्ति वितरण में किसी प्रकार की परेशानी न हो। छात्रवृत्ति योजना से संबंधित अधिक जानकारी के लिए जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी कार्यालय, पीलीभीत से संपर्क किया जा सकता है।

मझोला के नेहरू इंटर कॉलेज में विधायक निधि से बने कमरों में मशरूम उत्पादन का आरोप, जांच की मांग

पीलीभीत, मझोला। मझोला नगर पंचायत स्थित नेहरू इंटर कॉलेज में विधायक निधि से निर्मित दो कमरों का उपयोग शैक्षणिक गतिविधियों के बजाय मशरूम उत्पादन के लिए किए जाने का मामला सामने आया है। इस संबंध में स्थानीय स्तर पर सवाल उठाए जा रहे हैं। शिकायतों के अनुसार, विद्यार्थियों की पढ़ाई के लिए बनाए गए इन कमरों में मशरूम की खेती की जा रही है। मामले को लेकर शिक्षा विभाग और संबंधित अधिकारियों की भूमिका पर भी सवाल उठ रहे हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार, विधायक निधि से इन कमरों का निर्माण विद्यालय में शैक्षणिक सुविधाओं को बढ़ाने और विद्यार्थियों को पढ़ाई के लिए अतिरिक्त स्थान उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कराया गया था। आरोप है कि वर्तमान में इन कमरों का उपयोग व्यावसायिक गतिविधि के लिए किया जा रहा है। यदि जांच में इसकी पुष्टि होती है, तो सरकारी धन से निर्मित भवनों के निर्धारित उद्देश्य से इतर उपयोग किए जाने का मामला बन सकता है। विद्यालय परिसर में मशरूम उत्पादन की गतिविधि को लेकर विद्यार्थियों के स्वास्थ्य और पढ़ाई के वातावरण पर भी चिंता जताई जा रही है। मशरूम की खेती के लिए नियंत्रित तापमान और नमी की आवश्यकता होती है। ऐसे में यदि उत्पादन के लिए इस्तेमाल किए जा रहे कमरों में पर्याप्त स्वच्छता, वेंटिलेशन और सुरक्षा व्यवस्था नहीं है, तो आसपास के वातावरण पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। स्थानीय अभिभावकों का कहना है कि विद्यालय में बच्चों को बेहतर शैक्षणिक सुविधाएं मिलनी चाहिए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से यह स्पष्ट करने की मांग की है कि विद्यार्थियों के उपयोग के लिए निर्मित कमरों में व्यावसायिक गतिविधि संचालित करने की अनुमति किस आधार पर दी गई है। विधायक निधि का उद्देश्य जनहित से जुड़े विकास कार्यों को पूरा करना है। ऐसे में निधि से निर्मित भवनों का उपयोग किस उद्देश्य से किया जा रहा है और इसके लिए संबंधित विभाग से अनुमति ली गई है या नहीं, इसकी जांच जरूरी मानी जा रही है। स्थानीय स्तर पर यह भी सवाल उठ रहे हैं कि मशरूम उत्पादन से होने वाली आय का लाभ किसे मिल रहा है और इस गतिविधि का संचालन विद्यालय प्रबंधन की जानकारी तथा अनुमति से हो रहा है या नहीं। हालांकि, इन बिंदुओं पर अभी आधिकारिक जांच या किसी जिम्मेदार अधिकारी का पक्ष सामने आना बाकी है। मामले को लेकर जिला प्रशासन और शिक्षा विभाग से जांच कराने की मांग की जा रही है। मांग है कि विद्यालय परिसर में संचालित गतिविधि, विधायक निधि से बने कमरों के उपयोग, संबंधित अनुमति और विद्यार्थियों की सुरक्षा व्यवस्था की जांच कराई जाए।

पिता का वचन निभाने वन चले श्रीराम, रामलीला में वनवास प्रसंग का मंचन

दियोरिया कलां। दियोरिया रामलीला मेले में राम वनवास लीला का मंचन किया गया। भगवान श्रीराम के राजतिलक की तैयारियों से लेकर उनके वन प्रस्थान तक की कथा प्रस्तुत की गई। प्रसंग में पिता के वचन के प्रति श्रीराम की निष्ठा और परिवार के प्रति त्याग का संदेश सामने आया। लीला में राजा दशरथ भगवान राम का राज्याभिषेक करने का निर्णय लेते हैं। इसी बीच मंथरा के बहकावे में आकर रानी कैकेयी कोपभवन में चली जाती हैं। वह दशरथ से पूर्व में दिए गए दो वरदान मांगती हैं। पहले वरदान में भरत को राजगद्दी और दूसरे में राम को चैदह वर्ष का वनवास देने की मांग करती हैं। कैकेयी की बात सुनकर दशरथ व्याकुल हो उठते हैं। पिता के वचन की मर्यादा रखने के लिए श्रीराम वन जाने का निर्णय स्वीकार कर लेते हैं। माता सीता और अनुज लक्ष्मण भी उनके साथ चलने का संकल्प लेते हैं। राजसी वस्त्र त्यागकर तीनों वन के लिए प्रस्थान करते हैं। इस प्रसंग के साथ अयोध्या में छाए शोक और राजा दशरथ की पीड़ा को दर्शाया गया।

अमरिया में दोहरे हत्याकांड के मामले में एक और आरोपी गिरफ्तार, अब तक 14 भेजे गए जेल

पीलीभीत। अमरिया कस्बे में दो पक्षों के बीच हुई मारपीट और फायरिंग की घटना में पुलिस ने एक और वांछित आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान हर्ष उर्फ हर्ष अरोरा पुत्र संजीव कुमार, निवासी आनंद विहार कॉलोनी, कस्बा अमरिया के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, इस मामले में अब तक कुल 14 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। पुलिस अधीक्षक पीलीभीत के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। अपर पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व तथा सहायक पुलिस अधीक्षक एवं क्षेत्राधिकारी सदर के पर्यवेक्षण में थाना अमरिया पुलिस ने मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर आरोपी को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार, 12 अक्टूबर 2026 को अमरिया कस्बे में दो पक्षों के बीच मारपीट और फायरिंग की घटना हुई थी। इस घटना में दो व्यक्तियों की मृत्यु हो गई थी। मामले में 13 अक्टूबर को रोहित गुप्ता पुत्र नरेश कुमार, निवासी अमरिया की तहरीर पर थाना अमरिया में मुकदमा अपराध संख्या 240,2026 दर्ज किया गया था। मुकदमे में कौशल गुप्ता, हर्षित गुप्ता पुत्रगण नरेश गुप्ता, नरेश गुप्ता पुत्र मंगल सेन, संतोष कुमार पुत्र मंगल सेन, रचित गुप्ता और संचित गुप्ता पुत्रगण संतोष गुप्ता सहित छह अज्ञात व्यक्तियों के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की विभिन्न धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया था।

विवेचना के दौरान हर्ष उर्फ हर्ष अरोरा का नाम भी प्रकाश में आया, जिसके बाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में निरीक्षक मुनीर अहमद, उपनिरीक्षक तेजवीर सिंह, कांस्टेबल अमित कुमार और रिजर्व कांस्टेबल अर्जुन कुमार शामिल रहे। पुलिस का कहना है कि मामले में आगे की वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

थाना अमरिया पुलिस ने हत्या की घटना के अभियोग में वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर भेजा जेल

पीलीभीत। अमरिया कस्बे में हुई मारपीट के दौरान कुनाल श्रीवास्तव की मौत के मामले में थाना अमरिया पुलिस ने एक और वांछित आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी सूरज कुमार पुत्र चन्द्र प्रकाश निवासी वार्ड नंबर-02, मेन बाजार, कस्बा एवं थाना अमरिया को शनिवार, 24 अक्टूबर 2026 को मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार, आरोपी को साक्ष्यों के आधार पर गिरफ्तार किया गया है। उसे न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक पीलीभीत के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत यह कार्रवाई अपर पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व तथा सहायक पुलिस अधीक्षकध्क्षेत्राधिकारी सदर के पर्यवेक्षण में की गई। पुलिस के मुताबिक, 12 अक्टूबर 2026 को अमरिया कस्बे में दो पक्षों के बीच मारपीट हुई थी। इस दौरान लाठी-डंडों और बेसबॉल बैट से हमला किए जाने की बात सामने आई थी, जिसमें कुनाल श्रीवास्तव की मृत्यु हो गई थी। मामले में मृतक के चाचा नन्हे पुत्र ढाकन लाल की तहरीर पर 15 अक्टूबर को थाना अमरिया में मुकदमा अपराध संख्या 241,2026 दर्ज किया गया था। मुकदमे में ओम गुप्ता उर्फ बिल्लू समेत छह आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की विभिन्न धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की गई थी। पुलिस ने बताया कि इस मामले में मुख्य आरोपी ओम गुप्ता उर्फ बिल्लू पुत्र जयप्रकाश गुप्ता निवासी आनंद विहार कॉलोनी, अमरिया को 18 अक्टूबर 2026 को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। अब सूरज कुमार की गिरफ्तारी के बाद पुलिस शेष वांछित आरोपियों की तलाश में जुटी है। आरोपी की गिरफ्तारी करने वाली टीम में थाना अमरिया के थानाध्यक्ष अमित सिंह, उपनिरीक्षक राजेश कुमार, कांस्टेबल अंकुर कुमार और कांस्टेबल राहुल कुमार शामिल रहे।

बरखेड़ा कृषि बीज भंडार पर किसानों के लिए गेहूं और लाही का बीज उपलब्ध, किसानों से पंजीकरण कराने की अपील

पीलीभीत, बरखेड़ा। किसानों को रबी की फसलों की बुवाई के लिए राहत देने के उद्देश्य से बरखेड़ा स्थित राजकीय कृषि बीज भंडार पर गेहूं और लाही का बीज उपलब्ध कराया जा रहा है। जिला कृषि अधिकारी विनोद कुमार शुक्ला के द्वारा कृषि बीज भंडार बरखेड़ा में लाही के बीज का वितरण किया गया। जिला कृषि अधिकारी ने किसानों को जानकारी देते हुए बताया कि राजकीय कृषि बीज भंडार बरखेड़ा पर सरकार की ओर से किसानों के लिए गेहूं और लाही का बीज पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। किसानों को सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने के लिए कृषि बीज भंडार पर पहुंचकर अपना पंजीकरण कराना होगा। उन्होंने बताया कि लाही का बीज किसानों को बिल्कुल नि:शुल्क वितरित किया जा रहा है। ऐसे में क्षेत्र के किसानों से अपील की गई है कि वे जल्द से जल्द राजकीय कृषि बीज भंडार बरखेड़ा पहुंचकर अपना पंजीकरण कराएं और उपलब्ध बीज प्राप्त कर रबी की फसलों की बुवाई की तैयारी करें। कृषि विभाग ने किसानों से समय रहते पंजीकरण कराकर सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की है।

पुवायां मंडी में धान खरीद की धीमी रफ्तार से किसान परेशान, औने-पौने दाम पर फसल बेचने को मजबूर

पुवायां शाहजहांपुर। मंडी समिति पुवायां में संचालित धान खरीद केंद्रों पर किसानों को अपनी उपजधान बेचने के लिए परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। किसानों का आरोप है कि खरीद केंद्रों पर समय से धान की तौल नहीं होने के कारण उन्हें कई दिनों तक मंडी में इंतजार करना पड़ रहा है। ऐसे में मजबूर होकर किसानों को अपनी मेहनत की कमाई औने-पौने दाम पर बेचनी पड़ रही है। मंडी में धान लेकर पहुंचे किसान हेतराम ने बताया कि वह 12 अक्टूबर को अपना धान लेकर मंडी आया था, लेकिन कई दिन बीत जाने के बाद भी उसके धान की तौल नहीं हो सकी। इससे उसे परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मंडी में धान की तौल के इंतजार में किसानों का समय और पैसा दोनों खर्च हो रहे हैं। किसानों को उम्मीद थी कि सरकारी खरीद केंद्रों पर उनकी उपज की उचित कीमत मिलेगी, लेकिन तौल में देरी के चलते उनकी मुश्किलें बढ़ रही हैं। वहीं, मंडी के विपणन निरीक्षक त्रिपरेश तिवारी ने बताया कि मंडी में अब तक लगभग 700 कुंतल धान की तौल हो चुकी है। अब सवाल यह है कि जब सरकारी खरीद केंद्र किसानों की उपज खरीदने के लिए संचालित किए जा रहे हैं, तो किसानों को समय से तौल की सुविधा क्यों नहीं मिल पा रही है? किसानों को राहत देने के लिए धान खरीद प्रक्रिया में तेजी लाने और लंबित तौल जल्द कराने की जरूरत है।

कार्यालय नगर पालिका परिषद पीलीभीत

निविदा सूचना

सेवा प्रदाता/फर्म/पंजीकृत ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि टाउनफण्ड व राज्य वित्त आयोग से प्राप्त धनराशि के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2026-2027 में नगर क्षेत्र स्थित मीना बाजार रोड पर पाईप लाईन व कान्हा गौशाला में पशुओं को ठंड से बचाने हेतू मैट, सी0सी0टी0वी0 कैमरे व विद्युत पोलों पर लाईट व्यवस्था को सुदढ़ बनाये रखने हेतू नगर पालिका परिषद पीलीभीत द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु सीलबंद टेन्डर/निविदा दिनांक 30/10/26 को साय: 2:00 बजे आमंत्रित की जाती जो दिनांक 30/10/26 को साय: 3:00 बजे खोली जायेगी। निविदा खोले जाने की तिथि में यदि अवकाश होता है तो निविदा अगले दिन कार्य दिवस में खोली जायेगी।

क्र० सं०	कार्य/सामग्री का नाम	धरोहर धनराशि	कुल धनराशि जीएसटी सहित	ई-निविदा मूल्य+18 प्रति० जीएसटी सहित
1	विद्युत सामग्री जैसे एलईडी स्ट्रिप लाईट विद्युत पोलों पर लगाने हेतु 111 नग, का कार्य होना है।	2 प्रतिशत	405705.00	500-00
2	विद्युत सामग्री जैसे 10 एम0 एम0 एल्यूमिनियम केवल 2 कोर, 1436 मीटर विद्युत पोलों पर लगाने का कार्य होना हैं।	2 प्रतिशत	419312.00	500-00
3	विद्युत सामग्री जैसे 35sq.mm 3-1/2 बवतम एल्यूमिनियम केवल, 655 मीटर कान्हा गौशाला में लगाने का कार्य होना है।	2 प्रतिशत	276410.00	400-00
4	कान्हा गौशाला मे शेड नं0 01 साइज 3636sqr में पशुओ को ठंड से बचाने हेतू मैट लगाने का कार्य।	2 प्रतिशत	418140.00	450-00
5	कान्हा गौशाला मे शेड नं0 02 साइज 3670sqr में पशुओ को ठंड से बचाने हेतू मैट लगाने का कार्य।	2 प्रतिशत	422050.00	450-00
6	कान्हा गौशाला में पशुओ की सुरक्षा के लिए शेड नं0 01, 02, 03, 04 व गौशाला के प्रगण में सी0सी0टी0वी0 कैमरे लगाने का कार्य।	2 प्रतिशत	422870.00	500-00
7	गोदावरी कालोनी स्थित पार्क में एल0ई0डी0 लाईट पोल लगाने का कार्य।	2 प्रतिशत	398290.00	500-00
8	विद्युत सामग्री जैसे स्टार पोस्ट टॉप लैम्प 20 नग, 12 वॉट एल0ई0डी0 बल्ब 20 नग, न्यू गोल पोल 3फिट 2 इंच साईज मिनी विद्युत पोलों 20 नग, 10 एम0 एम0 एल्यूमिनयम केवल 4 बन्डल, 1.5 एम0 एम0 कॉपर केवल 2 बन्डल, टेप रोल 10 नग, लेवर रोड कटिंग आदि पूर्ण 01जॉव, 1इंच साइज के गोल पाईप 2 बन्डल, का कार्य होना हैं।	2 प्रतिशत	404600.00	500-00
9	मीना बाजार स्थित पाईप लाईन मरम्मत कार्य।	2 प्रतिशत	422950.00	500-00

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका पीलीभीत

अध्यक्ष
नगर पालिका पीलीभीत

चीनका फिर दुस्साहस

यह गम्भीर चिन्ताका विषय है कि अरुणाचलमें चीनसे लगी वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर गतिरोध अब भी जारी है। इसकी आधिकारिक रूपसे पुष्टि भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीटी) के महानिदेशक शत्रुजीत कपूरने की है। उन्होंने गुरुवारको स्वीकार किया कि अरुणाचल प्रदेशमें भारतीय और चीनी सैनिकोंके बीच कई स्थानोंपर जुलाईसे जारी तनावकी स्थिति अब भी बनी हुई है। भारत-चीनके सैनिकोंके बीच जुलाईके आखिरमें जिस इलाकेमें आमना-सामना हुआ था, वह बेहद संवेदनशील है। यह अरुणाचल प्रदेशके ऊपरी सुबनसिरी जिलेमें स्थित ताकसिंग-माजा-असफिला सेक्टर है जो भारतकी अग्रिम चौकियों, सैनिकोंकी आवाजाही और सीमापर नियंत्रणसे जुड़ा है। यह पूरा इलाका भारतके लिए बेहद अहम है, क्योंकि ताकसिंग पहुंचने वाली तामा चुंग चुंग-ताकसिंग सड़क सैनिकों, रसद और रक्षा सामग्रीके लिए कठिन पहाड़ी भू-भाग और खराब मौसमके कारण क्षेत्रमें सड़क सम्पर्क मजबूत होना सैन्य तैयारियोंका मजबूत हिस्सा है। इसीलिए चीनकी गिद्ध दृष्टि इस क्षेत्रपर टिकी हुई है, क्योंकि भारत इस क्षेत्रमें मजबूत स्थितिमें है जिससे तनाव बना हुआ है। हालांकि परराष्ट्र मंत्रालयने इस बारेमें स्थिति साफ नहीं की है लेकिन आईटीबीपी महानिदेशकके टकरावके दावेको खारिज भी नहीं किया है। परराष्ट्र मंत्रालयके प्रवक्ताने सफाई देते हुए इतना जरूर कहा है कि जब चीनी सेना गश्तके पहलेसे तय तौर-तरीकोंसे पीछे हटती है तो सीमावर्ती क्षेत्रोंमें स्थिति समय-समयपर बिगड़ जाती है। यह स्थिति भारत और चीन दोनों देशोंके हितोंके लिए शुभ संकेत नहीं है। चीनकी ये हरकतें उसका दुस्साहस है जिसे किसी भी रूपमें स्वीकार नहीं किया जा सकता है। बड़ी बात यह है कि वर्तमानमें भारतीय सीमामें अनेक निर्माण चल रहे हैं। खासकर जरूरी सड़कोंका निर्माण तेजीसे हो रहा है, ऐसेमें चीनकी सक्रियता कोई आश्चर्यकी बात नहीं है। भारतको पूरी तरह सतर्क रहनेकी जरूरत है और हर स्थितिसे कड़ाईके साथ निबटना होगा। यह विडम्बना ही है कि चीन एक ओर भारतसे दोस्तीकी बात करता है और सहयोगका इरादा रखता है, वहीं दूसरी ओर टकरावकी साजिशें भी रचता है जो उसकी कथनी और करनीको उजागर करता है। द्विपक्षीय सम्बन्धोंके समग्र विकासके लिए सीमावर्ती क्षेत्रोंमें शान्ति और स्थिरता बनाये रखना दोनों देशोंके हितमें है। चीन कभी भी भारतके लिए विश्वसनीय नहीं रहा, इसलिए भारतको फूंक-फूंकर कदम रखना होगा। इस मुद्देपर देशके अन्दर किसी भी प्रकारकी राजनीति नहीं होनी चाहिए।

सुरक्षा मानकोंकी उपेक्षा

बिहारके सिवान जिलेमें पटाखा बनाते समय हुए भीषण विस्फोटने एक बार फिर शासन-प्रशासनकी कार्यप्रणालीपर गम्भीर सवाल खड़े कर दिये हैं। इस हादसेमें आठ लोगोंकी मौतकी आशंका है। विस्फोट इतना भयावह था कि दो मंजिला मकान ढह गया और घरसे करीब दो सौ मीटरकी दूरीतक शवोंके टुकड़े गिरे पड़े थे। तेज धमाकोंकी आवाजसे पूरे इलाकेमें दहशत फैल गयी और लोग जान बचानेके लिए इधर-उधर भागने लगे। यह घटना केवल एक दुर्घटना नहीं है, बल्कि सुरक्षा व्यवस्थामें सम्भावित लापरवाहीका भयावह उदाहरण है। सबसे बड़ा सवाल यह है कि आखिर ऐसी घटनाओंके बाद ही प्रशासनकी नींद क्यों खुलती है? पटाखोंका निर्माण अत्यन्त जोखिमभरा काम है। इसके लिए वैध अनुमति, सुरक्षित भण्डारण, अग्निशमनकी व्यवस्था और निर्धारित मानकोंका पालन आवश्यक है, लेकिन सतत और मजबूत निगरानी तंत्रके अभावमें निर्धारित मानक दम तोड़ देते हैं। क्या नियमित निरीक्षणकी व्यवस्था केवल कागजोंतक सीमित है। देशके विभिन्न हिस्सोंमें पटाखा कारखानोंमें विस्फोट और आग लगनेकी घटनाएं अब आम हो गयी है। हर घटनाके बाद जांच मुआवजे, काररवाई और सुरक्षा व्यवस्था दुरुस्त करनेके आश्वासन दिये जाते हैं, लेकिन कुछ समय बाद सब कुछ पहले जैसा हो जाता है। नतीजा यह है कि लापरवाहीकी कीमत आम लोगोंको अपनी जान देकर चुकानी पड़ती है। उन अधिकारियोंकी जवाबदेही भी तय होनी चाहिए जिनकी जिम्मेदारी पटाखा निर्माण और विस्फोटक सामग्रीके भण्डारणपर निगरानी रखना है। शासन-प्रशासनको हादसोंके बाद सक्रिय होनेकी जगह पहलेसे सतर्क रहना होगा। नियमित निरीक्षण, अवैध इकाइयोंपर कठोर काररवाई और सुरक्षा मानकोंका सख्तीसे पालन सुनिश्चित करना जरूरी है। मृतकोंके प्रति सच्ची संवेदना तभी होगी जब ऐसी घटनाओंकी पुनरावृत्ति रोकनेके लिए मजबूत निगरानी तंत्रके साथ ही सम्बन्धित अधिकारियोंकी जवाबदेही तय होगी।

लोक संवाद

महिलाओंके लिए स्थान

महोदय,-कोचीनमें एक कॉन्फ्रेंसके दौरान, एक सुन्नी धर्मगुरुने कथित तौरपर कहा कि उनके धार्मिक ग्रंथ महिलाओंको घरके अन्दर रहनेकी सीख देते हैं और उन्हें सार्वजनिक जगहोंपर लानेसे भारी तबाही मच सकती है। मैंने घबराहटमें बाहर देखा। हर तरफ औरतें ही औरतें थीं। एक महिला बस चला रही थी। दूसरी सर्जरी कर रही थी। तीसरी अदालतमें केस लड़ रही थी। कई औरतें बच्चोंको पढ़ा रही थीं, कम्पनियां चला रही थीं, हवाई जहाज उड़ा रही थीं और जिलोंका प्रशासन संभाल रही थीं। सदियोंसे औरतें बराबरीका इनसान माने जानेके मामूली अधिकारके लिए संघर्ष कर रही हैं। फिर भी, जब भी वे आगे बढ़ती हैं, कोई न कोई धार्मिक किताब उठाता है, उसमेंसे अपनी सुविधाका एक वाक्य निकालता है और उनपर थोप देता है। उस किताबको शायद ही कभी उसके संदर्भको समझनेके लिए खोला जाता है। उसका इस्तेमाल बस एक ईंटकी तरह किया जाता है। पुराने जमानेके कई नियम ऐसे समाजोंमें बने थे, जहां जिन्दगी बिल्कुल अलग थी। पुरुष शिकार करते थे, लड़ाइयां लड़ते थे, खतरनाक इलाकोंसे गुजरते थे और घरसे बाहर रहकर कमाते थे। औरतें आम तौरपर बच्चोंकी सुरक्षा करती थीं और घर संभालती थीं। वे नियम उस दौरके हालातके हिसाबसे थे। लेकिन आज लड़ाइयां सैटेलाइट, कम्प्यूटर, इंटैलिजैंस और टैक्नोलॉजीसे लड़ी जाती हैं। औरतें सेनामें सेवा देती हैं, हवाई जहाज उड़ाती हैं, मिसाइलें डिजाइन करती हैं और सरकारें चलाती हैं। अब शारीरिक ताकत यह तय नहीं करती कि समाजमें कौन योगदान दे सकता है। दिमाग तय करता है। शायद यही बात कुछ पुरुषोंको डराती है। एक पढ़ी-लिखी औरत सवाल कर सकती है। एक आजाद औरत अन्यायके खिलाफ आवाज उठा सकती है। एक आत्मविश्वाससे भरी औरत यह पूछ सकती है कि जो पुरुष उसे धर्मग्रंथोंका हवाला दे रहा है, उसने कभी उन बातोंका जिक्र क्यों नहीं किया, जिनमें दया, न्याय, विनम्रता और संयम बरतनेकी सीख दी गयी है। धर्मको लोगोंको ऊपर उठाना चाहिए, न कि उन्हें कमरोंमें बंद करना चाहिए। हर धर्ममें सम्मान, करुणा और न्यायके बारेमें सुन्दर बातें कही गयी हैं। लेकिन जब धर्मग्रंथोंको उनके संदर्भसे अलग करके पुरुषोंके विशेषाधिकारको बनाये रखनेके लिए इस्तेमाल किया जाता है तो इससे धर्म मजबूत नहीं होता। इससे धर्म ऐसा लगने लगता है जैसे वह ज्यादती करने वालोंका साथ दे रहा हो। ऐसी बातें इसलिए भी खतरनाक हैं क्योंकि ये उन परिवारोंपर असर डालती हैं, जहां शिक्षा कम है। एक कंट्रोल करने वाला पति इन्हें सुनकर सोचता है कि उसके बर्तावको परमात्माकी मंजूरी मिल गयी है। एक डरी हुई बेटीको पढ़ाईसे रोक दिया जाता है। एक काबिल पत्नीको काम करनेसे रोका जाता है। जुल्मको अचानक धार्मिक भाषा मिल जाती है। यदि महिलाओंके सार्वजनिक जगहोंपर आनेसे भारी तबाही होती है तो शायद जो चीज तबाह हो रही है, वह समाज नहीं, बल्कि पुरुषोंका दबदबा है। और प्यारे पाठको, यह तबाही तो जश्न मनाने लायक हो सकती है। तो सज्जनों, महिलाओंको घरपर रहनेके लिए कहनेसे पहले, याद रखें कि आपकी जान बचाने वाला डाक्टर, आपके अधिकारोंकी रक्षा करने वाला जज या आपका प्लेन उड़ाने वाला पायलट कोई महिला हो सकती है और यदि इससे भी आपको परेशानी होती है तो शायद आपको ही घरपर रहना चाहिए। **-दिलशाद बेगम, वाया ईमेल।**

सियासी दलों को सर्वोच्च संदेश

सुप्रीम कोर्टने साफ कर दिया है कि वह राजनीतिक दलोंकी सत्ताको लेकर चल रही मारामारीके बीच अखाड़ा नहीं बनेगा। सुप्रीम कोर्ट सिर्फ कायदे-कानून और संविधानके दायरेमें रहकर ही काम करेगा। यह संदेश सुप्रीम कोर्टने तमाम राजनीतिक दलोंको दिया, जो सर्वोच्च न्यायालयके जरिये राजनीतिक फायदा उठानेका प्रयास कर रहे हैं।

❒ योगेन्द्र

सुप्रीम कोर्टके बारेमें कोई गलतफहमी या अफवाह फैले, इससे पहले ही मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांतने अप्रत्याशित कदम उठाते हुए पत्रकार वार्ता आयोजित की। सीजेआईने यह कदम इसलिए उठाया कि नेता कहीं बातका बतंगड़ नहीं बना दे और उसमें सुप्रीम कोर्टको इसमें नहीं घसीट लें। लोकसभामें विपक्षके नेता राहुल गांधी और राज्यसभामें विपक्षके नेता मल्लिकार्जुन खरगेने प्रधान न्यायाधीशको पत्र लिखकर मुलाकातका समय मांगा था कि वे उन्हें एक ज्ञापन सौंपना चाहते थे, जिसमें वोट चोरी रोकने, मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमारके इस्तीफे, मतदाता सूचीके एसआईआरको रोकने और पुन: मतपत्र प्रणालीपर लौटनेकी मांग की गयी थी। सुप्रीम कोर्टके मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांतने यह मांग यह कहते हुए ठुकरा दी कि यदि सुनवाई चाहते हो तो रिट याचिका दायर करो। सीजेआईने राहुल गांधीके आधिकारिक ईमेलके जवाबमें कहा कि इस तरहकी मुलाकात उचित नहीं होगी, क्योंकि जिन मुद्दोंपर चर्चाकी मांग की गयी है, वे पहलेसे ही सुप्रीम कोर्टमें विचाराधीन हैं। इसीके साथ सीजेआईने दूरदर्शिता अपनाते हुए अगले ही दिन प्रेस कांफ्रेंस करके स्थिति स्पष्ट कर दी, ताकि राजनीतिक दल उसकी बातोंका गलत मतलब नहीं निकाल पायें और सुप्रीम कोर्टको राजनीतिक विवादमें नहीं घसीट सकें। सीजेआई सूर्यकांतने यह भी स्पष्ट किया कि संवैधानिक व्यवस्थाके तहत सुप्रीम कोर्ट, प्रशासनिक स्तरपर सरकारके कामकाजमें दखल नहीं दे सकता, हालांकि नेताओंको अपने मौलिक अधिकारोंकी रक्षाके लिए न्यायिक पक्षमें अदालतका दरवाजा खटखटानेकी छूट है। सुप्रीम कोर्टके इतिहासमें एक दो बार ही ऐसा हुआ है, जब सुप्रीम कोर्टकी तरफसे मीडियाके जरिये कोई जानकारी दी गयी है, वरना तो मीडिया ही सुप्रीम कोर्टके फैसलों और सुनवाईकी जानकारी देता है। भारतीय सुप्रीम कोर्टके इतिहासमें जजों द्वारा मीडियासे सीधे संवाद करने या प्रेस कॉन्फ्रेंस करनेका सबसे चर्चित मौका १२ जनवरी २०१८ को आया था। सुप्रीम कोर्टके चार वरिष्ठ न्यायाधीशों जस्टिस जे. चेलामेश्वर, जस्टिस रंजन गोगोई, जस्टिस मदन बी. लोकूर और जस्टिस कुरियन जोसेफने एक ऐतिहासिक प्रेस कॉन्फ्रेंस की थी। भारतीय न्यायिक इतिहासमें यह पहला अवसर था जब वर्तमान जजोंने इस तरह मीडियाको संबोधित किया था। इन जजोंने तबके मुख्य न्यायाधीश दीपक मिश्रके खिलाफ रोस्टर और प्रशासनिक कामकाजको लेकर सार्वजनिक सवाल उठाये थे। इसके अलावा सुप्रीम कोर्ट अपनी अधिकांश जानकारी और फैसले आधिकारिक प्रेस विज्ञप्तियों, अपनी वेबसाइट और सुनवाईके जरिये ही साझा करता है। हालके दौरमें अदालतने न्यायिक कार्यवाहीके लाइव-स्ट्रीमिंग और उसके डिजिटल क्लिप्सके कमर्शियल इस्तेमालको लेकर भी कड़े नियम तय किये हैं। सीजेआई सूर्यकांतने मीडियाके सामने स्पष्ट किया था कि मुझे कल बैठकके अनुरोधके संबंधमें एक पत्र मिला था। मैंने कल रात ही उसका जवाब दे दिया था, जिसमें उन कारणोंका उल्लेख किया गया था कि मैं क्यों नहीं मिल पाऊंगा। सीजोईने आगे कहा, सुप्रीम कोर्टके दरवाजे सभीके लिए खुले हैं।किसी भी आम नागरिक या निर्वाचित निकायके सदस्यकी किसी भी याचिकाका स्वागत है। हर भारतीय नागरिकको अदालतका दरवाजा खटखटानेका अधिकार है। हम उनकी चिन्ताओंको सुनेंगे और कानूनके तहत जो भी उचित होगा, वह करेंगे। सुप्रीम कोर्टसे स्थिति स्पष्ट होनेके बाद इंडिया गठबंधनके दलोंके पास अपनी मांगोंको लेकर कानूनी प्रक्रिया अपनानेका एक ही रास्ता बचा था, वह था रिट याचिकाके जरिये न्याय का तकाजा। इंडिया गठबंधनके नेताओंने सुप्रीम कोर्टतक पैदल मार्च निकाला और रिट याचिका दायर की, जिसमें राहुल गांधी, अखिलेश यादव, तेजस्वी यादव समेत ११ विपक्षी नेता याचिकाकर्ता हैं। इसमें चुनाव आयोग और मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमारको पार्टी बनाया गया है। दरअसल इससे पहले सीजेआईसे अकेले ही मुलाकातकी मांग करके कांग्रेसने यह साबित करनेकी कोशिश की थी, इंडिया गठबंधनका नेतृत्व वही करती है। बाकी सब उसके पीछे हैं, किन्तु सीजेआई द्वारा मिलनेसे इनकार करनेसे कांग्रेसको अपने दावमें सफलता नहीं मिल सकी। जब सीजेआईने मिलनेसे इनकार कर दिया और कानूनी तरीका अपनानेकी सलाह दी, तब गठबंधनके बाकी नेताओंको भी साथ लेकर याचिका दायर की गयी। सुप्रीम कोर्टने जाहिर कर दिया कि गैर-कानूनी और गैर-संवैधानिक तरीकेसे इंडिया गठबंधनके नेताओंके मंसूबे कामयाब नहीं होने देगा। जो भी करेगा संविधानके दायरेमें करेगा, अन्यथा सुप्रीम कोर्टकी साखपर भी बट्टा लग सकता है।यह भी निश्चित है कि कांग्रेस और विपक्षी दलोंको कोई खास सफलता सुप्रीम कोर्टसे हाथ नहीं लगने वाली, सिवाय एसआईआरमें कुछ प्रशासनिक आदेश निर्देशके, क्योंकि ज्ञानेश कुमारको हटाया नहीं जा सकता, उन्हें संविधानका संरक्षण प्राप्त है। केवल संसदमें महाभियोगके जरिये ही मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमारको हटाया जा सकता है, वह इसलिए पूरा नहीं होगा कि संसदमें मोदी सरकारका बहुमत है। इससे पहले भी राजनीतिक इरादोंको पूरा करनेके विपक्षी दलोंके मंसूबोंपर सुप्रीम कोर्ट पानी फेर चुका है। नवम्बर २०२४ में सुप्रीम कोर्टने देशमें चुनावोंमें धांधलीका आरोप लगाने वाली एक जनहित याचिकाको खारिज कर दिया था। पीठने कहा था कि जब आप चुनाव जीतते हैं तो ईवीएमसे छेड़छाड़ नहीं होती। जब आप चुनाव हार जाते हैं तो छेड़छाड़ हो जाती है। कोर्टने याचिकाकर्तापर तीखा व्यंग्य करते हुए पूछा कि ये याचिका दायर करने संबंधित आपको शानदार विचार कैसे मिला। इसी तरह सुप्रीम कोर्टने अप्रैल २०२३ में १४ विपक्षी दलोंकी सीबीआई और ईडीकी काररवाईके लिए नेताओंके लिए अलगसे गाइडलाइंस बनानेके निर्देश देनेसे इनकार कर दिया था। कोर्टने कहा था कि विपक्षी नेताओंके खिलाफ ईडी और सीबीआईके ज्यादा केस दिखाने वाले आंकड़ोंके आधारपर केवल नेताओंके लिए गाइडलाइनकी मांग नहीं कर सकते हैं। उन्हें अभियोजनसे कोई छूट नहीं मिलती है। कोर्टने कहा कि नेता आम नागरिकोंके बराबर ही होते हैं। इसके बाद कोर्टने याचिकाको वापस लेनेकी अनुमति दे दी। राजनीतिक दलोंके मामलेमें दूरी बनाये रखनेके सुप्रीम कोर्टके नजरियेसे साफ है कि इंडिया गठबंधनको अपने राजनीतिक मुद्दोंकी लड़ाई जनताकी अदालतमें लड़नी होगी। सत्ता किसे देनी है और किसे नहीं, इसका फैसला मतदाता ही करेंगे।

सीजेआई सूर्यकांतने स्पष्ट किया कि संवैधानिक व्यवस्थाके तहत सुप्रीम कोर्ट, प्रशासनिक स्तरपर सरकारके कामकाजमें दखल नहीं दे सकता, हालांकि नेताओंको अपने मौलिक अधिकारोंकी रक्षाके लिए न्यायिक पक्षमें अदालतका दरवाजा खटखटानेकी छूट है। सुप्रीम कोर्टके इतिहासमें एक दो बार ही ऐसा हुआ है जब सुप्रीम कोर्टकी तरफसे मीडियाके जरिये कोई जानकारी दी गयी है। अक्सर मीडिया ही सुप्रीम कोर्टके फैसलों और सुनवाईकी जानकारी देता है। सुप्रीम कोर्ट के इतिहास में जजों द्वारा सीधे प्रेस कॉन्फ्रेंस करनेका सबसे चर्चित मौका १२ जनवरी २०१८ को आया था।

मामूली अपराध की सजा मृत्युदण्ड?

पिछले सप्ताह सऊदी अरबमें दो बंगलादेशी नागरिकोंको बिना किसी गहन न्यायायिक विचारणके ही मृत्यदण्ड दे दिया गया। इसे फांसी या मृत्युदण्ड कहना समझमें नहीं आता। यह सीधे राज्य प्रायोजित हत्या है।

❒ हृदयनारायण दीक्षित

मनुष्य हजारों वर्षसे समाज बनाकर चल रहा है। इसीलिए मनुष्यको सामाजिक प्राणी भी कहा जाता है। समाज का निर्माण सौ-दो सौ साल पुरानी घटना नहीं है। मनुष्यने समाज रचा। समाजके सदस्योंने अपने लिए आचार संहिता बनायी। प्राचीन कालमें स्वयं अपनी गढ़ी आचार संहिताको लेकर उसने समाजका संचालन किया। सामाजिक अनुबंध सिद्धांतके जन्मदाताओंमें हॉब्सका नाम बहुत पुराना है। उन्होंने लिखा है कि प्रारम्भमें व्यवस्था अराजक थी। उन्होंने इसे प्रकृतिकी स्थिति माना। अनुमान है, उन्होंने उसी अराजक व्यवस्थासे मुक्त होनेके लिए एक सामान्य शपथपत्र या एफिडेविट दोहराया होगा। हॉब्सके ग्रंथ 'लेवियाथन' में शपथपत्रमें लिखा गया है, मैं अपने ऊपर शासन करनेका अधिकार इस एक मनुष्य या मनुष्योंकी इस सभाको देता हूं और इसे अधिकृत करता हूं, इस शर्तपर कि तुम भी अपने ऊपर शासन करनेका अधिकार इसी मनुष्य या मनुष्योंकी इस सभाको अर्पित करो। इसके सभी कार्योंको इसी रूपमें स्वीकार करो। समाजके जन्म और विकासका अध्ययन करने वाले अधिकांश विद्वानोंने समाजके जन्मके संदर्भमें लगभग यही विचार व्यक्त किये हैं। उत्तर वैदिक कालमें कथा है कि समाजकी दशा अराजक हो गयी थी। अराजकतासे पीड़ित लोग मनुके पास गये। उन्होंने मनुसे शासक हो जानेकी प्रार्थना की। मनुने इनकार किया। इस काममें एकत्रित सभी लोगोंने प्रस्तावित शासक-प्रजाको खेती की उपजका एक भाग देते रहने और आज्ञा मानते रहनेका आश्वासन दिया। मनु शासक बननेको तैयार हो गये। समाजमें शांति व्यवस्था बनाये रखनेका काम नेशन स्टेटका होता है। शासन व्यवस्थाके संचालनमें सबसे खास बात है दण्ड। दण्ड देनेकी व्यवस्थाके चलते अपराध घटते बढ़ते रहे। देश कालके अनुसार दण्डका स्वरूप भिन्न-भिन्न तरहका था। गुप्त शासकोंके शासनमें उच्च कोटिकी प्रशासनिक व्यवस्था थी। उस समय भारतीय दण्ड व्यवस्थाके कानून भी सरल और उदार थे। अपराधोंकी गुणताके आधारपर दण्ड दिया जाता था। प्राण दण्ड नहीं दिया जाता था। चीनी यात्री फाह्यानने यहांके शासनकी प्रशंसा की है। भिन्न-भिन्न राजाओं, तानाशाहों, बादशाहोंने अपने अपने ढंगसे दण्ड व्यवस्थाको लागू करनेका उपक्रम किया है। दण्ड कई प्रकारके होते हैं। लेकिन प्राणदण्ड हमेशा ही बहसका मुद्दा रहा है। प्राण प्रकृतिका उपहार हैं। शान्ति व्यवस्था बनाये रखनेके लिए शासक अर्थदण्ड, कारागार जैसे दण्ड देते रहे हैं। भारतके राष्ट्रजीवनमें प्राणदण्डको अच्छा नहीं माना जाता। प्राणदण्ड वैसे भी बहसका विषय है। एक पक्ष चाहता है कि प्राणदण्ड न दिया जाय। दूसरा पक्ष आतंकवादी घटनाओं जैसे अपराधोंमें प्राणदण्ड देनेको पक्षधर है। लेकिन मनुष्यका जीवन प्रकृतिका असाधारण उपहार है। दुनियाके ११२ देश अपने यहां प्राणदण्डकी व्यवस्था खत्म कर चुके हैं। जान पड़ता है कि इसीके समानांतर सऊदी अरब, कुवैत, कतर आदि देशोंमें प्राणदण्डकी घटनाएं बढ़ रही हैं। भारतकी स्थिति अलग है। यहां संविधान (अनुच्छेद २१) में साफ-साफ कहा गया है कि किसी भी व्यक्तिको विधिक कार्यवाहीके बिना प्राण और दैहिक स्वतंत्रतासे वंचित नहीं किया जायगा। जहां भारतमें दण्डात्मक कार्यवाहीके प्रयोगमें अतिरिक्त सतर्कता बरती जाती है, वहीं पिछले सप्ताह सऊदी अरबमें दो बंगलादेशी नागरिकोंको बिना किसी गहन न्यायिक विचारणके ही मृत्यदण्ड दे दिया गया। इसे फांसी या मृत्युदण्ड कहना समझमें नहीं आता। यह सीधे राज्य प्रायोजित हत्या है। फांसी दी गयी। उनके घर वालोंको भी सूचित नहीं किया गया। किसी भी स्तरपर उसका अपराध नहीं बताया गया। दोनों बंगलादेशी थे और रोजगारके सिलसिलेमें सऊदी अरब गये थे। नजरुल इस्लाम और स्वीटी अख्तरको मक्काकी एक मस्जिदमें 'गम्भीर अनैतिक कृत्य' का दोषी बताया था। यह सजा इस्लामी शरिया कानूनके तहत न्यायधीशके विवेकाधिकार (ताजीर) से दी गयी। इस घटनाकी पहलेसे कोई सूचना न मिलनेके कारण बंगलादेश सरकारने सऊदी अरबसे आधिकारिक स्पष्टीकरण मांगा है।अपराधकी गुरुताके अनुसार ही दण्ड दिये जाते हैं। लेकिन सऊदी अरब, बहरीन, कतर आदिमें अपराधकी गुरुतापर सम्यक विचार नहीं होता। ऐसे देशोंमें इस्लामिक कानून-शरियाके अनुसार किसी भी व्यक्तिका जीवन छीन लिया जाता है। हमारे पड़ोसी पाकिस्तानमें ईशनिन्दा कानून है। इस्लामिक शरीयामें अल्लाह और उसके पैगम्बर एवं कुरानकी कथित निन्दापर प्राणदण्डका प्राविधान है। पाकिस्तानमें कोई भी व्यक्ति किसी भी व्यक्तिपर ईश निन्दाका आरोप लगाता है। न्यायिक विचारण होता है और उसे मृत्युदण्ड दे दिया जाता है। बंगलादेशी नागरिकोंके प्राणदण्ड घोषित करने और उसे क्रियान्वित करनेमें अनावश्यक रूपसे जल्दबाजी की गयी है। अंधविश्वासको ही राजधर्म मानना और इसी आधारपर अपने ही नागरिकोंको मारते जाना मानवताके प्रति अपराध है। विश्व स्तब्ध है। अंतरराष्ट्रीय संस्थाएं ऐसे प्राणदण्ड व्यवस्थाको लेकर असहाय दिखायी पड़ती हैं। यह विषय गम्भीर है। इसपर संयुक्त राष्ट्र सहित सभी मंचोंपर विमर्श करना चाहिए। जीवनका अधिकार मौलिक है। यह मनुष्य प्रदत्त नहीं है। इसपर बहसकी गुंजाइश है। सवाल उठते हैं कि व्यक्तिके मौलिक अधिकारोंकी तरह राष्ट्र राज्यके भी अधिकार क्यों नहीं हो सकते। कोई व्यक्ति अपने मौलिक अधिकारकी आड़में राष्ट्र राज्यके अस्तित्वके लिए ही खतरा बन सकता है। तब राष्ट्र राज्य भी व्यक्तिकी तरह अपनी आत्मरक्षाके लिए यथावश्यक कार्रवाई करेगा। सभी राष्ट्रोंको ऐसे खतरनाक मौकोंपर काररवाई करनेके लिए स्थापित कठोर विधिकी व्यवस्था करनी चाहिए। ऐसी विधि पारदर्शी हो। आरोपीको अपना स्पष्टीकरण देनेके लिए पर्याप्त अवसर देती हो। दुख इस बातका है कि सऊदी अरबके ताजे मामलेमें ऐसा कुछ भी नहीं हुआ।

परमात्माका सानिध्य

❒ ओशो

परमात्मामें हम हैं, परमात्मासे बिलकुल दूरी नहीं है। उसीमें पैदा हुए हैं, उसीमें जी रहे हैं तो पता नहीं चलता उसका। वायुमंडलका ही उदाहरण ले लो। चारों तरफसे हम उससे घिरे हुए हैं, क्या उसका अहसास होता है हमें। पता चलता है। नहीं चलता पता। ऐसे ही परमात्मासे हम घिरे हुए हैं, परमात्माका पता नहीं चलता। तो उसकी कृपाका भी पता नहीं चलता। जैसे हम किसीके प्रेममें होते हैं तो वह व्यक्ति आपको सिर्फ फूल लाकर दे तो आपके लिए बहुत बड़ी संपदा हो गयी वह। आपका जीवन ही खिल जाता है। आपका जीवन ही उस फूलकी सुगंधसे भर जाता है और प्रेम जब संबंध बन जाता है तो क्या कुछ नहीं किया जाता एक-दूसरेके लिए। क्या पता चलता है। क्या हम धन्यवादसे भरते हैं। क्या कुछ अहसास हो पाता है फिर। नहीं हो पाता। प्रेममें अहसास हो रहा था कि अगला व्यक्ति हमारे लिए क्या कर रहा है। संबंध बना अहसास खत्म हो गया। हमारे शरीर स्वस्थ है, हम इस संसारमें जी पा रहे हैं भली-भांति। क्या-क्या खजाना दिया है इस शरीरमें प्रभुने। परमात्माका द्वार भी दिया है इसीके भीतर। इसी घटके भीतर, इसी देहके भीतर सब कुछ उसने दे दिया और चैतन्य भी दिया जो कि सब कुछ महसूस करता है। वह अंतर्यामी यहीं बैठा हुआ है आकर और क्या चाहिए तो कितनी बड़ी कृपा है उसकी। हमें क्यों कृपा महसूस नहीं होती, क्योंकि अभी हम भक्त नहीं हुए। भक्ति आयी नहीं है अभी। इसको ऐसे समझो। भक्ति क्या है। कैसे हम परमात्माके कितने-कितने निकट हो गये, कितने हम करीब होते जा रहे हैं परमात्माके यह भक्ति है। हमारी दूरी, हमारा फासला परमात्मासे कम होता जा रहा है। एक बच्चा है वह अपने माता-पिताके पास बड़ा होता है। माता-पिता क्या कुछ नहीं करते बच्चेके लिए। आप सभी माता-पिता हैं, जानते हैं, लेकिन बच्चे बड़े होकर या उस समय क्या वह धन्यवाद महसूस करते हैं। क्या वह कृपा महसूस करते हैं माता-पिताकी करते हैं क्या। नहीं करते। क्योंकि वह इतने शुरूसे साथ रहते हैं, वहीं जन्म लिया साथ रहते-रहते वह संवेदना ही नहीं है, लेकिन वह अहसास ही नहीं बचा। क्योंकि वह अधिकार मान लेते हैं। ऐसे ही परमात्मामें हम हैं। परमात्मामें हम हैं तो इसलिए हमें पता ही नहीं चलता कि परमात्मा हमारे लिए क्या कर रहा। कहते हैं कि हर चीजके पीछे कोई न कोई अदृश्य शक्ति छिपी होती है, लेकिन हम उसे पहचान नहीं पाते।

प्रसिद्धि पानेके चक्करमें कानूनको चुनौती

❒ रोहित माहेश्वरी

देशमें संघटित अपराध और गैंगस्टरोंकी बढ़ती गतिविधियां कानून-व्यवस्थाके लिए एक चुनौती बन चुकी हैं। हालके महीनोंमें साबरमती जेलमें बंद गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोईके सिंडिकेट और अन्य आपराधिक गिरोहोंने देशके कई राज्योंमें सुरक्षा एजेंसियोंकी नाकमें दम कर रखा है। फिल्म अभिनेताओं, राजनेताओं और व्यापारियोंको निशाना बनाकर सरेआम की जा रही फायरिंग और हत्याकी वारदातोंने शासन-प्रशासनके इकबालपर बड़े सवाल खड़े किये हैं।बीते दिनों बालीवुड अभिनेता टाइगर श्रॉफपर हुआ हमला इसका हालिया उदाहरण है। जो बताता है कि गैंगस्टर कैसे कानून व्यवस्थाको खुलेआम चुनौतियां दे रहे हैं। पहले भी सलमान खान एवं रोहित शेट्टी जैसे सितारे और फिल्म निर्माता गैंगस्टरोंके निशानेपर रहे हैं। जो बताता है कि महाराष्ट्रकी राजधानी मुंबईमें अब भी संघटित अपराध कानून व्यवस्थाके लिए गम्भीर चुनौती बने हुए हैं। यह सराहनीय है कि मुंबई पुलिसकी खुफिया सूचनाओंकी मददसे कोटा रेलवे स्टेशनसे तीन संदिग्ध हमलावरोंको राजस्थान पुलिसने गिरफ्तार कर लिया है। टाइगर श्रॉफकी कारपर गोलीबारीके बाद सबसे पहला सवाल यही था कि क्या बॉलीवुडमें अंडरवर्ल्डका पुराना खौफ लौट रहा है। क्या यह हमला बॉलीवुडमें अंडरवर्ल्डके पुराने खौफकी वापसीका संकेत है या इसे एक अलग घटनाके तौरपर देखा जाना चाहिए।देशमें कानून-व्यवस्थाके समांतर अपराधकी सत्ता चलाने वाले गिरोहोंका इतिहास पुराना रहा है। बेशक समयके साथ अपराधी संघटनोंके नामकरण और अपराधके तौर-तरीके जरूर बदले हों, लेकिन उनका खौफ गाहे-बगाहे बना रहा। कभी मुंबई हाजी मस्तान और दाऊदसे लेकर छोटे राजनके गैंगवारकी साक्षी रही है। अब वहां नये सिरेसे गैंगस्टरोंका दखल बढ़ रहा है। निस्संदेह, इन मामलोंको महज धमकियों और जबरन वसूली तथा हिंसाकी इक्का-दुक्का घटनाओंके रूपमें नहीं देखा जाना चाहिए। वास्तवमें ये समाजमें लगातार गहरी होती जाती एक गम्भीर समस्याके लक्षण हैं। यदि समय रहते ऐसे गैंगस्टरोंकी कमर नहीं तोड़ी जाती तो वे समाजमें रक्तबीजोंकी तरह लगातार बढ़ते जायंगे। उनकी प्रतिद्वंद्विताका खामियाजा कालांतर कानून-व्यवस्था बाधित होनेसे समाजको ही भुगतना पड़ेगा।पुलिसकी शुरुआती जांचसे पता चला है कि इस हमलेके संदिग्ध हमलावरोंमेंसे एकका संबंध लॉरेंस बिश्नोई गिरोहके कथित साथीसे है। यह उल्लेखनीय है कि अंतरराष्ट्रीय स्तरपर सुर्खियोंमें आये लॉरेंस बिश्नोई साल २०१५ से जेलमें बंद है। ऐसेमें सवाल उठता है कि कड़ी पुलिस सुरक्षामें जेलमें बंद लॉरेंस बिश्नोईका नाम गाहे-बगाहे विभिन्न अपराधोंमें संलिप्तताके रूपमें कैसे उछाला जाता है। भारत ही नहीं, उसके साथी यूरोप एवं अमेरिकामें सक्रिय बताये जाते हैं। अमेरिकामें उसे अंतरराष्ट्रीय गैंगस्टर गिरोहके रूपमें चिह्नित किया जाता है। कुछ समय पहले उसके करीबी सहयोगियोंमेंसे एक, करमवीर सिंहको कनाडासे डिपोर्ट किया गया था। पिछले महीने पंजाब पुलिसने उसे गिरफ्तार किया था। वहीं दूसरी ओर लॉरेंस बिश्नोईके भाई अनमोलको नवंबर २०२५ में अमेरिकासे डिपोर्ट किया गया था। उसके उपरांत नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी यानी एनआईएने उसे गिरफ्तार कर लिया था। दरअसल यह मामला आपराधिक गिरोहों और आतंकी समूहोंके बीच सांठगांठसे जुड़ा बताया जाता है। केन्द्रीय स्वराष्ट्र मंत्रालयने सुरक्षा कारणों और लोक-व्यवस्थाका हवाला देते हुए भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) की धारा ३०३ लागू की है, जिसके तहत लॉरेंस बिश्नोई जैसे अपराधियोंको गुजरातकी साबरमती जेलसे बाहर ले जाने या मुंबई पुलिसकी प्रत्यक्ष कस्टडीमें देनेपर रोक है। इस वजहसे जांच एजेंसियां केवल जेलके अंदर ही पूछताछ कर पा रही हैं, जिससे बड़ी साजिशोंका पूरी तरह पर्दाफाश करनेमें बाधा आ रही है। विपक्षी दल सरकारपर संघटित अपराधपर लगाम लगानेमें विफल रहनेका आरोप लगा रहे हैं।गैंगस्टरोंके इस बढ़ते दुस्साहसको कुचलनेके लिए कड़े कानूनी कदम भी उठाये जा रहे हैं। जिसके तहत उत्तर प्रदेश और अन्य राज्योंमें आपराधिक गिरोहोंकी संपत्तियोंको जब्त करने, कड़े जुर्माने और दस-दस सालकी कठोर कारावासकी सजा जैसे कदम उठाये जा रहे हैं। सर्वोच्च अदालत भी गैंगस्टर कानूनोंकी संवैधानिक वैधता और संघटित अपराधोंसे निबटनेके प्रावधानोंकी समीक्षा कर रही है, ताकि पुलिस एवं प्रशासन बिना किसी कानूनी अड़चनके इन असामाजिक तत्वोंपर शिकंजा कस सके।गैंगस्टरों और अपराधियोंपर पुलिस प्रशासन एवं सुरक्षा एजेंसियां लगातार काररवाई कर रही हैं। बावजूद इसके गैंगस्टर अपनी हरकतोंसे बाज नहीं आ रहे। जानकारोंकी माने तो देशमें गैंगस्टरों और संघटित अपराधके बढ़नेके पीछे तकनीक, आर्थिक लालच, बेरोजगारी और सोशल मीडियाका बड़ा हाथ है। आजकल गैंगस्टरों द्वारा किये गये अपराध या धमकियोंको सोशल मीडियापर खुलेआम पोस्ट किया जाता है। इससे कम उम्रके युवाओंमें यह आकर्षण पैदा होता है कि वे जल्दी प्रसिद्ध या 'नायक' बन सकते हैं। कई युवा आर्थिक तंगीके चलते या पैसोंके लालचमें इन गैंग्सके संपर्कमें आ जाते हैं। खासकर पढ़ाई या काम के नाम पर विदेश (जैसे कनाडा आदि) गये या देशके विभिन्न हिस्सोंमें घूम रहे बेरोजगार युवा आसानीसे इनके शूटर या रिक्रूट बन जाते हैं। वहीं आधुनिक गैंग्स पुराने तरीकोंसे हटकर काफी विकेन्द्रीकृत और तकनीकी रूपसे सक्षम हो गये हैं। जेलमें बैठे गैंगस्टर भी एन्क्रिप्टेड मैसेजिंग ऐप्सके जरिये आसानीसे अपने सिंडिकेट, फिरौती और वारदातोंका संचालन करते हैं। हथियारोंकी तस्करी, नशीले पदार्थों (ड्रग्स) का कारोबार और रियल एस्टेट या जबरन वसूली (फिरौती) से इन्हें अकूत कमाई होती है। इस अवैध नेटवर्कका दायरा स्थानीय स्तरसे बढ़कर अब अंतरराष्ट्रीय स्तरतक फैल चुका है। ये गैंग अपनी अवैध कमाईका बड़ा हिस्सा शेल कम्पनियों, रियल एस्टेट और क्रिप्टोकरेंसीके जरिये मुख्य बैंकिंग सिस्टममें सफेद कर लेते हैं, जिससे इनकी आर्थिक पकड़ मजबूत बनी रहती है। आपराधिक गिरोहोंको कानूनी व्यवस्थाकी खामियोंका लाभ उठानेसे रोकनेके लिए देशके विभिन्न राज्योंके बीच लगातार सहयोग होना जरूरी है। अपराधियोंमें कानूनका डर पैदा करने और जनतामें सुरक्षाकी भावना बहाल करनेके लिए विभिन्न राज्योंकी पुलिसके बीच बेहतर समन्वय और जेलोंकी सुरक्षा व्यवस्थाको तकनीकी रूपसे पूरी तरह अभेद्य बनाना बेहद जरूरी हो गया है।

सर्किट हाउस रोड मामले में हाईकोर्ट ने नौ अधिकारियों को जारी किया नोटिस

मकान-दुकानों के हिस्से तोड़े जाने के मामले में पीड़ितों ने दी थी चुनौती, राज्य सरकार को भी पक्ष रखने के निर्देश

आज समाचार सेवा

सहारनपुर। सर्किट हाउस रोड के चौड़ीकरण के दौरान अनुसूचित जाति के लोगों के मकान और दुकानों के हिस्से तोड़े जाने के मामले में हाईकोर्ट ने नौ अधिकारियों को नोटिस जारी किया है। अदालत ने राज्य सरकार को भी अपना पक्ष रखने के निर्देश दिए हैं। स्थानीय अदालत से राहत नहीं मिलने के बाद पीड़ितों ने हाईकोर्ट का रुख किया है। 12 पीड़ितों में से अब तक छह इस मामले में हाईकोर्ट पहुंचे हैं। पीड़ित हंसराज की अपील पर शुक्रवार को सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने मामले में आरोपी बनाए गए नौ अधिकारियों को नोटिस जारी किए। पीड़ितों के अधिवक्ता अखिलेश कुमार राजभर ने बताया कि अदालत ने सरकारी अधिवक्ता को अगली सुनवाई पर प्रदेश सरकार का पक्ष रखने के निर्देश भी दिए हैं। पीड़ितों की ओर से अदालत में दलील दी गई कि अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत उनके मामले में नियमानुसार प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई की जानी चाहिए थी। उनका आरोप है कि प्राथमिकी दर्ज करने से पहले जांच कराना कानून के प्रावधानों का उल्लंघन है। पीड़ितों ने संबंधित अधिकारियों के खिलाफ एससी-एसटी एक्ट के तहत कार्रवाई की मांग की है। मामला सर्किट हाउस रोड के चौड़ीकरण से जुड़ा है। चौड़ीकरण से पहले सिंचाई विभाग ने अतिक्रमण चिह्नित कर संबंधित लोगों को नोटिस जारी किए थे। नोटिस में चार अप्रैल तक स्वयं अतिक्रमण हटाने को कहा गया था। पीड़ितों का आरोप है कि निर्धारित समय सीमा पूरी होने से पहले ही एक अप्रैल को विभिन्न विभागों के अधिकारी अतिक्रमण हटाने पहुंच गए और उनके मकानों तथा दुकानों के आगे के हिस्से जेसीबी से ध्वस्त कर दिए। उन्होंने प्रशासन पर बदसलूकी करने का आरोप भी लगाया। इस कार्रवाई के बाद पीड़ितों ने एससी-एसटी कोर्ट में प्रार्थना पत्र देकर संबंधित अधिकारियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने और कार्रवाई की मांग की थी। हालांकि, अदालत ने 12 प्रार्थना पत्र खारिज कर दिए थे। इसके बाद पीड़ितों ने फैसले को हाईकोर्ट में चुनौती दी।पीड़ितों के स्थानीय अधिवक्ता राजकुमार के अनुसार, हाईकोर्ट ने जिन नौ अधिकारियों को नोटिस जारी किए हैं, उनमें तत्कालीन एसडीएम सदर, नगर आयुक्त शिपू गिरि, सिटी मजिस्ट्रेट कुलदीप सिंह, सिंचाई विभाग के अधिशासी अभियंता प्रवीण जोशिया, लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता, हल्का लेखपाल सचिन प्रजापति, तत्कालीन सदर बाजार थाना प्रभारी कपिल देव, तत्कालीन कुतुबशेर थाना प्रभारी एचएन सिंह और कानूनगो बृजभूषण सिंह शामिल हैं। अब मामले में अगली सुनवाई के दौरान संबंधित पक्षों के जवाब और राज्य सरकार का पक्ष महत्वपूर्ण होगा।

रिफ्लेक्टर और संकेतकों के अभाव में हादसों को न्योता दे रहे सड़क के डिवाइडर

ज्योति किरण तिराहे से सहारनपुर जाने वाले मार्ग पर दुर्घटनाओं का खतरा, जिम्मेदारों से सुरक्षा इंतजाम कराने की मांग

आज समाचार सेवा

छुटमलपुर। कस्बे के ज्योति किरण तिराहे से सहारनपुर की ओर जाने वाले मुख्य मार्ग पर बने डिवाइडर वाहन चालकों के लिए परेशानी का सबब बने हुए हैं। डिवाइडरों पर रिफ्लेक्टर और पर्याप्त यातायात संकेतक नहीं होने के कारण विशेषकर रात के समय दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस मार्ग पर अक्सर वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो रहे हैं, लेकिन इसके बावजूद सुरक्षा इंतजामों की ओर संबंधित अधिकारियों का ध्यान नहीं जा रहा है। स्थानीय लोगों के अनुसार, डिवाइडर को दूर से स्पष्ट रूप से पहचानने के लिए रिफ्लेक्टर और चेतावनी संकेतक लगाए जाने जरूरी हैं। इनके अभाव में सहारनपुर की ओर से आने वाले वाहन चालकों को कई बार डिवाइडर का पता काफी नजदीक पहुंचने पर चलता है। ऐसी स्थिति में अचानक वाहन मोड़ने या ब्रेक लगाने के दौरान चालक नियंत्रण खो सकते हैं और दुर्घटना होने की आशंका बढ़ जाती है। लोगों का आरोप है कि मार्ग पर दुर्घटनाओं की आशंका के बावजूद नगर पंचायत स्तर पर इस समस्या के समाधान के लिए प्रभावी कदम नहीं उठाए गए हैं। उनका कहना है कि तिराहे के समीप लगे यूनिपोल पर त्योहारों और अन्य अवसरों के शुभकामना संदेशों वाले विज्ञापन नियमित रूप से बदले जाते हैं, लेकिन आम नागरिकों की सुरक्षा से जुड़े रिफ्लेक्टर और संकेतक लगाने की जरूरत पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। स्थानीय नागरिकों ने नगर पंचायत अध्यक्ष और अधिशासी अधिकारी से मांग की है कि डिवाइडरों पर मानक के अनुरूप रिफ्लेक्टर, चेतावनी संकेतक और रात में स्पष्ट दिखाई देने वाले सुरक्षा चिह्न जल्द लगाए जाएं। उनका कहना है कि समय रहते आवश्यक इंतजाम किए जाने से वाहन चालकों को दूर से ही डिवाइडर का आभास हो सकेगा और दुर्घटनाओं की आशंका कम की जा सकती है। लोगों ने संबंधित विभाग से मार्ग का निरीक्षण कराकर सुरक्षा व्यवस्था दुरुस्त करने की मांग की है।

संक्षिप्त डायरी

सीओ ने बाल संरक्षण पुलिस की टीम के साथ क्षेत्र के होटल तथा ढाबों पर की छापेमारी

आज समाचार सेवा

नागल। शनिवार को पुलिस क्षेत्राधिकारी देवबंद अमित सिंह ने थाना पुलिस सहित बाल संरक्षण एएचटी पुलिस टीम के साथ क्षेत्र के होटलों तथा ढाबो पर छापेमारी करते हुए जांच पड़ताल की। दोपहर करीब 1:30 बजे सीओ अमित सिंह, थाना प्रभारी निरीक्षक राधेश्याम यादव तथा एएचटी टीम प्रभारी उप निरीक्षक भूपेंद्र सिंह की टीम के द्वारा कस्बे के भाटखेड़ी रोड, रेलवे रोड, स्टेट हाईवे तथा बस अड्डा स्थित होटल तथा ढाबों पर पुलिस टीम के साथ पहुंचकर वहां की जांच पड़ताल की। सीओ अमित सिंह ने बताया कि यह अभियान जनपद में उच्च अधिकारियों के निर्देश पर चलाया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत संस्थानों पर बालकों को बंधक बनाकर कार्य करना या फिर उन्हें प्रलोभन के माध्यम से उनकी बाल अवस्था मे शिक्षा से दूर कर देना को लेकर अभियान चलाया गया है । क्षेत्र के आधा दर्जन से भी अधिक संस्थानों पर छापेमारी करते हुए उनकी जांच पड़ताल की गई है लेकिन किसी भी संस्थान पर कोई बालक कार्य करता नहीं मिला। उन्होंने संचालकों को भविष्य में भी बालकों को बंधक बनाने तथा उनसे संस्थानों पर कार्य न कराने की हिदायत दी। फोटो। नागल में होटल की जांच करते सी ओअमित सिंह एवं बाल संरक्षण टीम अधिकारी

एलडीएल कोलेस्ट्रॉल बढ़ने से हृदय रोग का खतरा, समय पर नियंत्रण जरूरी

सहारनपुर। एसोसिएशन ऑफ फिजिशियन ऑफ इंडिया (एपीआई) की सहारनपुर शाखा की मासिक वैज्ञानिक गोष्ठी का आयोजन अंबाला रोड स्थित एक होटल के सभागार में किया गया। गोष्ठी में मेरठ से आए वरिष्ठ कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. हरिओम त्यागी ने हृदय रोगों के जोखिम और एलडीएल कोलेस्ट्रॉल को नियंत्रित रखने के महत्व पर जानकारी दी। डॉ. हरिओम त्यागी ने बताया कि एलडीएल कोलेस्ट्रॉल का स्तर बढ़ने से हृदय रोग का खतरा बढ़ सकता है। यदि स्टेटिन दवा से कोलेस्ट्रॉल पर्याप्त रूप से नियंत्रित नहीं होता, तो चिकित्सकीय सलाह के अनुसार इसके साथ इजेटिमाइब दवा देने पर विचार किया जा सकता है। इससे एलडीएल कोलेस्ट्रॉल के स्तर को और कम करने में मदद मिलती है। उन्होंने कहा कि भारतीयों में हृदय रोगों के जोखिम को ध्यान में रखते हुए एलडीएल कोलेस्ट्रॉल को उचित स्तर पर बनाए रखना जरूरी है। इसके लिए मरीज की स्थिति और अन्य जोखिम कारकों के अनुसार उपचार तय किया जाना चाहिए। एपीआई के अध्यक्ष डॉ. कलीम अहमद ने हृदय रोगों से बचाव के लिए स्वस्थ जीवनशैली अपनाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि खानपान में ज्यादा तली-भुनी चीजों, चीनी और नमक का सेवन सीमित रखना चाहिए। धूम्रपान और शराब से दूरी बनाने के साथ नियमित व्यायाम करना भी जरूरी है। उन्होंने पर्याप्त नींद लेने और तनाव से बचने को भी स्वस्थ हृदय के लिए महत्वपूर्ण बताया। कार्यक्रम में एपीआई के सचिव डॉ. विकास अग्रवाल ने अतिथियों का स्वागत किया, जबकि वैज्ञानिक सचिव डॉ. सौम्या जैन ने संचालन किया। गोष्ठी में डॉ. अनुपम मलिक, डॉ. नरेश नौसरान, डॉ. संजीव मित्तल, डॉ. सुधीर अग्रवाल, डॉ. अनिल मलिक, डॉ. विजय अग्रवाल, डॉ. सीएस चोपड़ा, डॉ. रजत बंसल, डॉ. एके गुप्ता और डॉ. शिफाउल्लाह सहित अनेक चिकित्सक मौजूद रहे।

मां शाकंभरी देवी मेले में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़, दंगल में पहलवानों ने दिखाए दांव-पेच

आज समाचार सेवा

चिलकाना। तेलीपुरा स्थित मां शाकंभरी देवी मंदिर में दो दिवसीय मेले का शुभारंभ शनिवार को पूजा-अर्चना और हवन के साथ हुआ। मेले के पहले दिन सुबह से ही मंदिर में माता रानी के दर्शन और प्रसाद चढ़ाने के लिए श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगी रहीं। श्रद्धालुओं ने माता के दरबार में माथा टेककर परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। मेले में आयोजित दंगल आकर्षण का प्रमुख केंद्र रहा, जिसमें विभिन्न क्षेत्रों से आए पहलवानों ने दमखम दिखाते हुए रोमांचक मुकाबले किए। दंगल की पहली कुश्ती में यमुनानगर के अलकित और मुजफ्फरनगर के सोनू के बीच मुकाबला हुआ, जिसमें सोनू ने जीत दर्ज की। दूसरी कुश्ती में अपलाना के सुशील और हरियाणा के सलमान आमने-सामने रहे। दोनों पहलवानों के बीच हुए मुकाबले में सुशील अपलाना विजेता रहे। इसके बाद बिलासपुर के रजत और यमुनानगर के अलकित के बीच रोमांचक कुश्ती हुई। मुकाबले में रजत बिलासपुर ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अलकित को हराकर जीत हासिल की। वहीं, एक अन्य कुश्ती में सचिन मोहदीपुर ने जावेद गंगोह को पराजित किया। कुश्तियों के दौरान दर्शकों ने तालियां बजाकर पहलवानों का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर रेफरी संदीप जेहरा, चौधरी कुलदीप, संदीप, चौधरी महेंद्र, नितिन, सुखबीर, कान्हा सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

जिलाधिकारी के आदेश के बावजूद मिट्टी से भरे डंपरों का संचालन, बिजली लाइन से टकराया डंपर

आज समाचार सेवा

छुटमलपुर (सहारनपुर)। शाकुंभरी देवी मेले के मद्देनजर खनन वाहनों के आवागमन पर प्रतिबंध के बावजूद फतेहपुर थाना क्षेत्र में मिट्टी से भरे डंपरों का संचालन जारी होने के आरोप सामने आए हैं। शनिवार सुबह छुटमलपुर के रुड़की रोड पर मिट्टी भराव के बाद लौट रहा एक डंपर ऊपर से गुजर रही बिजली की लाइन से टकरा गया। गनीमत रही कि उस समय बिजली आपूर्ति बंद थी, जिससे बड़ा हादसा टल गया। हालांकि, टक्कर के कारण बिजली लाइन के नीचे से गुजर रहा टेलीफोन का तार टूटकर सड़क पर गिर गया। इससे मार्ग से गुजर रहे वाहन चालकों में अफरातफरी मच गई। जानकारी के अनुसार, रुड़की रोड स्थित एक भूखंड में पिछले कई दिनों से डंपरों के माध्यम से मिट्टी डालकर भराव किया जा रहा है। बताया जाता है कि यहां पहले आम का बाग था। बाग कटवाए जाने के बाद जमीन को समतल करने का काम शुरू किया गया। शनिवार सुबह मिट्टी डालने के बाद डंपर चालक वाहन लेकर बाहर निकल रहा था, तभी डंपर का ऊपरी हिस्सा बिजली की लाइन से टकरा गया। इसके बाद टेलीफोन का तार टूटकर सड़क पर गिर पड़ा। सड़क पर तार गिरने से वाहन चालकों और राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ा। स्थानीय लोगों का कहना है कि मेले के मद्देनजर जिलाधिकारी की ओर से खनन वाहनों के आवागमन पर प्रतिबंध लगाया गया है, इसके बावजूद क्षेत्र में मिट्टी भराव के लिए डंपर लगातार पहुंच रहे हैं। लोगों ने सवाल उठाया कि पुलिस चेक पोस्टों के सामने से भी इन वाहनों की आवाजाही होने के बावजूद प्रभावी निगरानी क्यों नहीं दिखाई दे रही है। भूखंड में मिट्टी भराव की अनुमति किस स्तर से दी गई है और प्रतिबंध के दौरान डंपरों का संचालन किसके निर्देश पर हो रहा है, इसकी जांच की मांग की गई है।

इसके अलावा मेला अवधि में फतेहपुर-कलसिया मार्ग पर रात के समय भी मिट्टी खनन से जुड़े डंपरों के संचालन की शिकायतें सामने आई हैं। इस संबंध में सीओ सदर पवन कुमार सिंह और तहसीलदार बेहट विजय कुमार ने कहा कि मामले की तत्काल जांच कराकर प्रभावी कार्रवाई की जाएगी। स्थानीय लोगों ने संबंधित विभागों से मिट्टी भराव की अनुमति और डंपरों की आवाजाही की जांच करने के साथ बिजली लाइनों के नीचे सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित कराने की मांग की है।

ग्रीन फील्ड एकेडमी में करियर फेयर का आयोजन

35 शैक्षणिक संस्थानों ने विद्यार्थियों को दी करियर संबंधी जानकारी

आज समाचार सेवा

नानौता समाचार नगर के ओलरा रोड स्थित ग्रीन फील्ड एकेडमी,में विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य और बेहतर करियर मार्गदर्शन के उद्देश्य से करियर फेयर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में 35 शैक्षणिक संस्थानों ने प्रतिभाग कर विद्यार्थियों को विभिन्न पाठ्यक्रमों, उच्च शिक्षा के अवसरों और करियर की संभावनाओं के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी। करियर फेयर में विद्यार्थियों ने विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों के प्रतिनिधियों से बातचीत कर अपनी रुचि के अनुसार पाठ्यक्रमों एवं भविष्य में रोजगार की संभावनाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को सही करियर चुनने में मार्गदर्शन प्रदान करना तथा उन्हें भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करना रहा। कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों को अपनी रुचि, योग्यता और क्षमता के अनुसार करियर का चयन करने के लिए प्रेरित किया गया। विभिन्न संस्थानों के प्रतिनिधियों ने विद्यार्थियों की जिज्ञासाओं का समाधान करते हुए उन्हें उच्च शिक्षा के लिए उपलब्ध विकल्पों से अवगत कराया। विद्यालय में आयोजित इस करियर फेयर को विद्यार्थियों के भविष्य निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल माना गया। इस प्रकार के आयोजन विद्यार्थियों को शिक्षा और करियर के प्रति जागरूक बनाने के साथ-साथ उन्हें अपने लक्ष्य निर्धारित करने में भी सहायता प्रदान करते हैं।

शोभित विश्वविद्यालय के नवम् दीक्षांत समारोह में 825 विद्यार्थियों को मिली उपाधि

आज समाचार सेवा

गंगोह। शोभित विश्वविद्यालय में नवम् दीक्षांत समारोह का भव्य आयोजन किया गया। समारोह में 825 छात्र-छात्राओं को उपाधियां प्रदान की गईं। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 150 विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया, जिनमें 100 छात्राएं और 50 छात्र शामिल रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि नाइस सोसायटी के चेयरमैन डॉ. शोभित कुमार, समारोह अध्यक्ष एवं कुलाधिपति कुंवर शेखर विजेंद्र तथा विशिष्ट अतिथि पद्मश्री सेठ पाल सिंह ने मां सरस्वती और बाबू विजेंद्र कुमार की प्रतिमाओं के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। कुलपति प्रो. डॉ. बूटा सिंह सिद्धू ने विश्वविद्यालय की प्रगति आख्या प्रस्तुत करते हुए विद्यार्थियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि दीक्षांत समारोह वर्षों की मेहनत, लगन और अनुशासन का उत्सव है। वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में निःशुल्क चिकित्सा शिविरों तथा एक हजार नेत्र ऑपरेशन कराने के लक्ष्य की जानकारी भी दी।

संयुक्त राष्ट्र संघ विश्व शांति और मैत्रीपूर्ण संबंधों को बढ़ावा देता है: शीतल टंडन

संयुक्त राष्ट्र दिवस पर जिला व्यापार मंडल की बैठक, भारत को सुरक्षा परिषद की स्थायी सदस्यता और वीटो पावर देने की उठाई

आज समाचार सेवा

सहारनपुर। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल की जिला इकाई की ओर से संयुक्त राष्ट्र दिवस के अवसर पर शुक्रवार को रेलवे रोड स्थित जिला कार्यालय में विशेष बैठक आयोजित की गई। बैठक में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं जिलाध्यक्ष शीतल टंडन ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र संघ अंतरराष्ट्रीय शांति, सुरक्षा और राष्ट्रों के बीच मैत्रीपूर्ण संबंधों को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। शीतल टंडन ने कहा कि द्वितीय विश्व युद्ध के बाद दुनिया में शांति बनाए रखने और देशों के बीच विवादों को सुलझाने के उद्देश्य से 24 अक्टूबर 1945 को संयुक्त राष्ट्र संघ की स्थापना की गई थी। इसी दिन प्रतिवर्ष संयुक्त राष्ट्र दिवस मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि संयुक्त राष्ट्र ने शांति स्थापना अभियानों, संघर्ष विराम की निगरानी और जरूरतमंदों तक मानवीय सहायता पहुंचाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उन्होंने भारत को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद का स्थायी सदस्य बनाए जाने और वीटो पावर दिए जाने की मांग उठाते हुए कहा कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत की बढ़ती भूमिका को देखते हुए उसे वैश्विक निर्णय प्रक्रिया में अधिक भागीदारी मिलनी चाहिए। उन्होंने सुरक्षा परिषद को अंतरराष्ट्रीय शांति और सुरक्षा बनाए रखने के लिए महत्वपूर्ण अंग बताया। परिषद में पांच स्थायी और दस अस्थायी सदस्य हैं। अमेरिका, रूस, फ्रांस, ब्रिटेन और चीन स्थायी सदस्य हैं तथा उन्हें वीटो का अधिकार प्राप्त है। टंडन ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र से जुड़ी संस्थाएं स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि और परमाणु ऊर्जा जैसे क्षेत्रों में भी काम कर रही हैं। उन्होंने व्यापार और शांति के संबंधों पर जोर देते हुए कहा कि शांतिपूर्ण वातावरण में व्यापार, निवेश और विकास के अवसर बढ़ते हैं, जबकि युद्ध और तनाव का असर कारोबार तथा आम जनता पर पड़ता है। उन्होंने कहा कि संयुक्त राष्ट्र दिवस शांति, सद्भावना, सहिष्णुता और आपसी सहयोग को अपनाने का संदेश देता है। व्यापार मंडल भी सामाजिक और राष्ट्रीय महत्व के विषयों पर जागरूकता फैलाने के लिए प्रतिबद्ध है। बैठक में जिला महामंत्री रमेश अरोड़ा, जिला कोषाध्यक्ष कर्नल संजय मिड्ढा, रमेश डावर, मेजर एसके सूरी, पवन कुमार गोयल, बलदेव राज खुंगर, मुरली खन्ना, अशोक मलिक, भोपाल सिंह सैनी, संजीव सचदेवा, संजय माहेश्वरी और अभिषेक भाटिया सहित अन्य व्यापारी प्रतिनिधि मौजूद रहे।

वोटर जागरूकता अभियान में सपा नेताओं ने दो दर्जन से अधिक पोलिंग स्टेशनों का किया दौरा

अभिषेक टिंकू अरोड़ा सहित महानगर संगठन के पदाधिकारियों ने बीएलओ से की बातचीत, मतदाता सूची में नाम जुड़वाने और संशोधन के लिए लोगों को किया जागरूक

आज समाचार सेवा

सहारनपुर। विधानसभा चुनाव 2027 की तैयारियों के मद्देनजर समाजवादी पार्टी के सहारनपुर महानगर संगठन ने मतदाता जागरूकता अभियान तेज कर दिया है। अभियान के दूसरे दिन 24 अक्टूबर को महानगर विधानसभा क्षेत्र संख्या-03 के दो दर्जन से अधिक पोलिंग स्टेशनों पर पहुंचकर सपा नेताओं ने मतदाताओं को जागरूक किया। इस दौरान बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) से बातचीत कर मतदाता सूची से जुड़ी समस्याओं की जानकारी ली और उनके निस्तारण के लिए प्रयास किए। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के तहत पोलिंग स्टेशनों पर मतदाता सूची के सत्यापन और नए मतदाताओं के पंजीकरण की प्रक्रिया को लेकर लोगों को जानकारी दी गई। सपा नेताओं ने बताया कि 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले पात्र नागरिक मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने के लिए फार्म-6 भर सकते हैं। वहीं, मतदाता सूची से अपात्र या मृत व्यक्तियों के नाम हटवाने के लिए फार्म-7 तथा नाम, पता या अन्य विवरण में संशोधन के लिए फार्म-8 का इस्तेमाल किया जाता है। शादी के बाद पता बदलने या अन्य कारणों से मतदाता विवरण में बदलाव की जरूरत होने पर भी नियमानुसार संशोधन कराया जा सकता है। अभियान में महानगर अध्यक्ष हाजी नवाब अंसारी, जिला कार्यालय प्रभारी फैसल सलमानी, विधानसभा अध्यक्ष काशिफ अल्वी, राष्ट्रीय सचिव मुस्तकीम राणा, जिला सचिव शाहिद मंसूरी और वरिष्ठ सपा नेता एवं पार्षद अभिषेक टिंकू अरोड़ा शामिल रहे। नेताओं ने विभिन्न पोलिंग स्टेशनों का दौरा कर बीएलओ से मतदाता सूची के सत्यापन और नए पंजीकरण की प्रक्रिया की जानकारी ली। साथ ही मतदाताओं से अपने नाम और विवरण की जांच करने तथा त्रुटि मिलने पर समय रहते संशोधन कराने की अपील की। वरिष्ठ सपा नेता एवं पार्षद अभिषेक टिंकू अरोड़ा ने कहा कि लोकतंत्र में मतदान का अधिकार बेहद महत्वपूर्ण है। प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में दर्ज होना चाहिए, ताकि वह चुनाव में अपने मताधिकार का प्रयोग कर सके। उन्होंने कहा कि अभियान के दौरान कई स्थानों पर लोग मतदाता सूची में अपना नाम जांचते और नया वोट बनवाने की प्रक्रिया के बारे में जानकारी लेते दिखाई दिए। सपा महानगर संगठन के पदाधिकारियों ने कहा कि मतदाता जागरूकता अभियान के माध्यम से लोगों को निर्वाचन प्रक्रिया की जानकारी दी जा रही है। पार्टी नेताओं ने पात्र नागरिकों से मतदाता सूची में अपना नाम सुनिश्चित करने और जरूरत के अनुसार निर्धारित फार्म भरने की अपील की।

नकुड़ एसडीएम कार्यालय में तीन माह से अधूरा पड़ा निर्माण कार्य

आज समाचार सेवा

नकुड़ (सहारनपुर)। एसडीएम कार्यालय को बड़ा करने और परिसर का सौंदर्यीकरण कराने के लिए तोड़े गए निर्माण का काम करीब तीन माह बाद भी पूरा नहीं हो सका है। एसडीएम के स्टेनो कक्ष को तोड़े जाने के साथ ही अदालत के बाहर वादकारियों के बैठने के लिए बने स्लैब भी हटा दिए गए थे। निर्माण कार्य अधूरा पड़े होने से जहां स्टेनो कार्यालय का कामकाज प्रभावित हो रहा है, वहीं न्यायालय में आने वाले वादकारियों को बैठने के लिए स्थान नहीं मिल पा रहा है। जानकारी के अनुसार, तत्कालीन एसडीएम निधि भारद्वाज के निर्देश पर एसडीएम कार्यालय को बड़ा करने की योजना के तहत स्टेनो कक्ष को तोड़ा गया था। बताया गया था कि तहसील कार्यालय में सौंदर्यीकरण के लिए आए बजट से यह काम कराया जाएगा। हालांकि, निर्माण हटाए जाने के बाद से अब तक मौके पर काम शुरू नहीं हो सका है। ऐसे में स्टेनो कक्ष को एसडीएम कार्यालय से जोड़ने की योजना भी अधर में लटकी दिखाई दे रही है। वरिष्ठ अधिवक्ता रामकिशन गुप्ता, जगमाल सैनी और अशोक सैनी सहित अन्य अधिवक्ताओं का कहना है कि एसडीएम कार्यालय पहले से ही ठीक स्थिति में था। उनका आरोप है कि कार्यालय को बड़ा करने के लिए स्टेनो कक्ष के साथ बार संघ कार्यालय की ओर जाने वाले रास्ते पर भी दीवार कराकर उसे संकरा कर दिया गया था। इस पर उन्होंने विरोध भी जताया था। अधिवक्ताओं के मुताबिक, स्टेनो कक्ष तोड़े जाने के बाद उसका काम तहसीलदार न्यायिक के कार्यालय से संचालित किया जा रहा है। इससे वहां अपने न्यायिक कार्यों के लिए आने वाले वादकारियों को भी असुविधा हो रही है।

थाना समाधान दिवस में तीन शिकायतें आईं, एक का मौके पर निस्तारण

बिलासपुर। स्थानीय कोतवाली परिसर में शनिवार को थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। पुलिस क्षेत्राधिकारी पीपी सिंह की अध्यक्षता में आयोजित समाधान दिवस में फरियादियों ने अपनी समस्याओं से संबंधित तीन प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किए इनमें से एक शिकायत का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया, जबकि अन्य मामलों में संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए।समाधान दिवस के दौरान सीओ पीपी सिंह ने लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए संबंधित लेखपालों को निर्देशित किया कि शिकायतों की निष्पक्षता से जांच कर उनका शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित किया जाए।उन्होंने कहा कि फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए समयबद्ध तरीके से कार्रवाई की जाए, ताकि लोगों को अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े।इस दौरान प्रभारी निरीक्षक जीत सिंह सहित नगर पालिका के कर्मचारी, राजस्व विभाग के अधिकारी और संबंधित लेखपाल मौजूद रहे।

सैफनी में विधि-विधान और हर्षोल्लास के साथ रामलीला का शुभारंभ, कपिल देव कोरी ने फीता काटकर किया उद्घाटन

सैफनी। नगर में आदर्श रामलीला कमेटी के तत्वावधान में रामलीला का शुभारंभ पूरे धार्मिक विधि-विधान और परंपरा के साथ किया गया। कार्यक्रम का औपचारिक उद्घाटन मुख्य अतिथि कपिल देव कोरी ने फीता काटकर किया। इस दौरान रामलीला मैदान में भक्तों का भारी सैलाब उमड़ा और पूरा क्षेत्र %जय श्री राम% के जयकारों से गूंज उठा। उद्घाटन समारोह के पश्चात कमेटी के पदाधिकारियों ने आए हुए अतिथियों और पुलिस प्रशासन का स्वागत किया। इस अवसर पर थाना प्रभारी सैफनी पंकज पंत विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में आदर्श रामलीला कमेटी के समस्त पदाधिकारियों और सदस्यों का विशेष योगदान रहा। इस दौरान प्रबंधक शोभित, अध्यक्ष सुशील फौजी, विवेक वशिष्ठ, जितेंद्र गुप्ता, रंजीत जोशी, प्रवीण जोशी, राजीव शर्मा, विमल जोशी, अधिवक्ता कौशल शर्मा, शीशपाल कश्यप, पंकज शर्मा, कृपाल सिंह सैनी, राज जोशी उर्फ राजा, मनवीर यादव, अमरीश यादव, अमर सिंह और आकाश समेत बड़ी संख्या में नगरवासी और कमेटी के अन्य सदस्य मौजूद रहे।

विशेष मतदाता पंजीकरण अभियान-जिलाधिकारी ने 08 बूथों का किया निरीक्षण

रामपुर। विशेष मतदाता पंजीकरण अभियान के तहत शनिवार को जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने मुर्तजा राजकीय इंटर कॉलेज में स्थापित 08 मतदेय स्थलों (बूथों) का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बूथों पर चल रहे मतदाता पंजीकरण कार्यों की प्रगति का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों से आवश्यक जानकारी प्राप्त की।

निरीक्षण के दौरान सभी बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) अपने-अपने बूथों पर उपस्थित मिले।

जिलाधिकारी ने बीएलओ से प्राप्त आवेदनों, नए मतदाताओं के पंजीकरण तथा मतदाता सूची में संशोधन से संबंधित कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिए कि विशेष अभियान के दौरान निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप पूरी गंभीरता और जिम्मेदारी के साथ कार्य किया जाए।

जिलाधिकारी ने कहा कि कोई भी पात्र नागरिक मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने से वंचित न रहे, यह सुनिश्चित करना सभी संबंधित अधिकारियों की प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने विशेष रूप से पहली बार मतदान के लिए पात्र हुए युवाओं को मतदाता सूची से जोड़ने पर जोर दिया।

उन्होंने बीएलओ को निर्देशित किया कि अपने-अपने बूथ क्षेत्रों में पात्र नागरिकों की पहचान कर उन्हें मतदाता पंजीकरण के लिए प्रेरित करें तथा प्राप्त दावे और आपत्तियों का नियमानुसार परीक्षण करते हुए निर्धारित समयावधि में आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करें।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने मतदाता सूची को शुद्ध, अद्यतन एवं त्रुटिरहित बनाए रखने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया की निष्पक्षता और पारदर्शिता के लिए मतदाता सूची का सही एवं अद्यतन होना अत्यंत महत्वपूर्ण है। इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।

डीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि अभियान के दौरान अधिक से अधिक पात्र युवाओं, महिलाओं एवं अन्य योग्य नागरिकों तक पहुंच बनाकर उन्हें मतदाता पंजीकरण की प्रक्रिया के संबंध में जागरूक किया जाए। साथ ही मतदाता सूची में नाम, पता अथवा अन्य विवरण में किसी प्रकार की त्रुटि होने पर नियमानुसार संशोधन की कार्रवाई भी सुनिश्चित की जाए।

जिलाधिकारी ने कहा कि मतदान लोकतंत्र की सबसे महत्वपूर्ण प्रक्रिया है और प्रत्येक पात्र नागरिक की इसमें भागीदारी सुनिश्चित करना प्रशासन की प्राथमिकता है। उन्होंने आमजन से अपील की कि पात्र नागरिक अपना नाम मतदाता सूची में अवश्य दर्ज कराएं और मतदाता सूची में किसी प्रकार की कमी या त्रुटि होने पर संबंधित बूथ लेवल अधिकारी के माध्यम से आवश्यक प्रक्रिया पूरी करें।

निरीक्षण के दौरान तहसीलदार सदर श्रद्धा गुप्ता सहित संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

वाल्मीकि जयंती पर विद्यालय बंद रखने की मांग, एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

बिलासपुर। महर्षि वाल्मीकि प्रकट दिवस (जयंती) पर शासन द्वारा घोषित सार्वजनिक अवकाश का कड़ाई से अनुपालन कराने की मांग को लेकर शनिवार को भारतीय वाल्मीकि धर्म समाज (भावाधस) ने उपजिलाधिकारी आनंद कुमार कनौजिया को ज्ञापन सौंपा।संगठन ने क्षेत्र के सभी सरकारी और निजी विद्यालयों को 26 तारीख को बंद रखने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करने की मांग की है।प्रदेश सचिव प्रेम नरेश वाल्मीकि ने कहा कि भगवान वाल्मीकि जी का प्रकटोत्सव समाज के लिए आस्था और श्रद्धा का महत्वपूर्ण पर्व है उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा इस अवसर पर सार्वजनिक अवकाश घोषित किया गया है इसके बावजूद क्षेत्र के कुछ विद्यालयों द्वारा 26 तारीख को विद्यालय खोलने की योजना बनाए जाने की जानकारी मिली है।उन्होंने कहा कि शासन के आदेशों के बावजूद विद्यालयों का संचालन किया जाना निर्देशों की अनदेखी है इससे वाल्मीकि समाज सहित सनातन धर्मप्रेमी लोगों की धार्मिक भावनाएं आहत हो सकती हैं।भावाधस ने प्रशासन से सभी विद्यालयों में अवकाश सुनिश्चित कराने की मांग की।साथ ही चेतावनी दी कि आदेशों की अवहेलना कर विद्यालय खोले जाने पर संगठन शांतिपूर्ण विरोध-प्रदर्शन और ज्ञापन देने के लिए बाध्य होगा।ज्ञापन में संगठन के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने प्रशासन से शीघ्र कार्रवाई की अपील की।इस मौके पर जिला महामंत्री कुलदीप वाल्मीकि,परवेश वाल्मीकि,राजू नरेश वाल्मीकि,कुनाल,राजीव वाल्मीकि,अनुज राज वाल्मीकि,सोनू वाल्मीकि, आदर्श नरेश,अमर नरेश साजन वाल्मीकि आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

मसवासी में बेखौफ दौड़ रहे बालू से भरे ओवरलोड वाहन, वीडियो वायरल

मसवासी। नगर के मुख्य मार्ग पर बालू से भरे ओवरलोड वाहनों के धड़ल्ले से गुजरने का मामला सामने आया है। इन वाहनों का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद खनन विभाग और स्थानीय प्रशासन की निगरानी व्यवस्था पर सवाल उठने लगे हैं। मामले में पूर्व सभासद ने जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक से शिकायत कर जांच कराने तथा ओवरलोड वाहनों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

पूर्व सभासद महेश भारद्वाज ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स के माध्यम से दर्ज कराई गई शिकायत के अनुसार, मुरादाबाद-बाजपुर मार्ग के चौराहे पर खनन चेकपोस्ट स्थित है, जहां पुलिस और राजस्व विभाग की टीम तैनात रहती है। इसके बावजूद बालू से भरे ओवरलोड वाहनों के मुख्य मार्ग से गुजरने का आरोप लगाया गया है। ऐसे में सवाल उठ रहा है कि चेकपोस्ट पर निगरानी और जांच के इंतजाम होने के बाद भी ओवरलोड वाहनों पर प्रभावी अंकुश क्यों नहीं लग पा रहा है। पूर्व सभासद ने चेकपोस्ट पर तैनात चेकिंग टीम की भूमिका पर भी सवाल उठाते हुए मामले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है। उनका कहना है कि यदि नियमों का उल्लंघन कर ओवरलोड वाहन सड़कों पर दौड़ रहे हैं तो संबंधित जिम्मेदारों की जवाबदेही तय की जानी चाहिए। ओवरलोड वाहनों से सड़क सुरक्षा प्रभावित होने के साथ ही सड़क को नुकसान पहुंचने की आशंका भी रहती है। ऐसे में जिला प्रशासन से मामले का संज्ञान लेकर वायरल वीडियो की जांच कराने, वाहनों के वजन और दस्तावेजों की जांच करने तथा नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर नियमानुसार कार्रवाई करने की मांग की गई है।अब देखना यह है कि शिकायत और वायरल वीडियो के आधार पर संबंधित अधिकारी क्या कदम उठाते हैं और चेकपोस्ट की निगरानी व्यवस्था को लेकर उठ रहे सवालों पर क्या कार्रवाई होती है।

जनपद न्यायाधीश ने अधिकारियों के साथ की बैठक, मेगा शिविर में पात्र लाभार्थियों को मिलेगा सरकारी योजनाओं का लाभ

रामपुर। पात्र लोगों तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने और आमजन को सुलभ न्याय उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 01 नवंबर 2026 को पनवड़िया स्थित सद्भावना मंडप में मेगा विधिक सहायता एवं जनसेवा शिविर आयोजित किया जाएगा।

शिविर की तैयारियों को लेकर जनपद न्यायाधीश भानु देव शर्मा ने अपने कार्यालय कक्ष में संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

जनपद न्यायाधीश ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिविर का व्यापक प्रचार-प्रसार कर अधिक से अधिक पात्र व्यक्तियों की सहभागिता सुनिश्चित की जाए। विभिन्न विभागों द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी आमजन तक पहुंचाने के साथ पात्र लाभार्थियों को योजनाओं से जोड़कर उन्हें लाभान्वित किया जाए, ताकि अधिक से अधिक जरूरतमंद परिवार सरकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सकें।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव संदीप सिंह ने बताया कि शिविर में आमजन को नि:शुल्क विधिक सहायता, लोक अदालत से संबंधित जानकारी, विभिन्न प्रमाण-पत्रों के लिए मार्गदर्शन तथा सरकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के लिए आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।

एक ही स्थान पर लगेंगे विभिन्न विभागों के स्टॉल- शिविर में राजस्व, श्रम, पंचायतीराज, विकास, आवास एवं नगर विकास, डूडा, आईटीआई, पुलिस, कृषि, बैंकिंग, युवा कल्याण, विद्युत, नगर पालिका परिषद, समाज कल्याण, कौशल विकास, जलशक्ति, परिवहन, स्वास्थ्य, दिव्यांगजन सशक्तीकरण, शिक्षा, पशुपालन, पिछड़ा वर्ग कल्याण, महिला एवं बाल कल्याण तथा खाद्य एवं रसद विभाग सहित विभिन्न विभागों के स्टॉल लगाए जाएंगे। इनके माध्यम से लोगों को विभागीय योजनाओं, पात्रता एवं आवेदन प्रक्रिया की जानकारी दी जाएगी तथा साथ ही पात्र लाभार्थियों को योजनाओं से लाभान्वित किया जायेगा।

पात्र लाभार्थियों को योजनाओं से जोड़ने पर जोर- शिविर में पात्र व्यक्तियों को नि:शुल्क विधिक परामर्श उपलब्ध कराने के साथ ही सरकारी योजनाओं में पंजीकरण एवं लाभ प्राप्त करने की प्रक्रिया में सहयोग किया जाएगा। शिविर का उद्देश्य जरूरतमंद लोगों तक जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना और आमजन को न्यायिक एवं प्रशासनिक सेवाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध कराना है।

बैठक में अपर जिलाधिकारी प्रशासन डा0 पुष्पेन्द्र पटेल, मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 दीपा सिंह, जिला विकास अधिकारी हरिचन्द्र प्रजापति, जिला पंचायतराज अधिकारी नत्थूलाल गंगवार उपस्थित रहे।

01 से 30 नवम्बर तक चलेगा राष्ट्रव्यापी डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र अभियान-5, पेंशनरों को मिलेगी सुविधा

रामपुर। वरिष्ठ कोषाधिकारी रणजीत सिंह ने बताया कि डिजीटल जीवन प्रमाण पत्र अभियान पेंशन एवं पेंशनभोगी कल्याण विभाग भारत सरकार द्वारा 01 से 30 नवम्बर 2026 तक राष्ट्रव्यापी डिजीटल जीवन प्रमाण पत्र अभियान-5 आयोजित किया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि डिजीटल जीवन प्रमाण के माध्यम से पेंशनभोगी पेंशन संवितरण प्राधिकारी के कार्यालय में उपस्थित हुए बिना कहीं से भी सुविधाजनक रूप से अपना जीवन प्रमाण पत्र जमा कर सकते हैं, जिससे विशेषकर वरिष्ठ पेंशनभोगियों का काफी सुविधा होती है। इसके व्यापक उपयोग को सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाना आवश्यक है।

वरिष्ठ कोषाधिकारी ने बताया कि जनपद रामपुर में लगभग 8000 पेंशनर हैं जो पूर्णतया डिजीटल प्रक्रिया के अनुसार अपना जीवन प्रमाण पत्र जमा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि केवल ऐसे पेंशनर जिनके जीवन प्रमाण पत्र की अवधि माह नवम्बर 2026 में समाप्त हो रही है, वे अपना जीवन प्रमाण पत्र डिजीटल प्रक्रिया (मोबाईल फोन में जीवन प्रमाण एप के द्वारा) से जमा कर सकते हैं। अन्य पेंशनर जिनके जीवन प्रमाण पत्र की वैधता माह नवम्बर 2026 के बाद है, उन्हें उसी तिथि के आस-पास अपना डिजीटल जीवन प्रमाण पत्र जमा करना है।

उन्होंने बताया कि राज्य सरकार के पेंशनरों के लिए वर्ष में कभी भी एक बार अपना जीवन प्रमाण पत्र जमा करने की सुविधा पूर्व से ही प्रचलित है। पेंशनर अपनी सुविधानुसार वर्ष में कभी भी अपना जीवन प्रमाण पत्र डिजीटल माध्यम से जमा करा सकते हैं। उनके जीवन प्रमाण पत्र की वैधता अवधि उनके जीवन प्रमाण पत्र जमा करने की तारीख से 1 वर्ष तक रहती है। राष्ट्रव्यापी डिजीटल जीवन प्रमाण पत्र अभियान -5 के अन्तर्गत कोषागार कार्यालय, रामपुर में अतिरिक्त काउन्टर खुलवा कर एवं कैम्प लगा कर पेंशनरों के डिजीटल जीवन प्रमाण पत्र प्राप्त किये जा रहे हैं। यदि किसी पेंशनर को डिजीटल जीवन प्रमाण पत्र जमा करने में कोई असुविधा हो रही है तो कोषागार रामपुर में उपस्थित होकर अपना डिजीटल जीवन प्रमाण पत्र जमा करा सकता है।

संभल कार एक्सीडेंट में शाहबाद के युवक की मौत, परिवार में पसरा मातम

शाहबाद। संभल जिले में एक भीषण सड़क हादसे में एक ही बाइक पर सवार तीन लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। मृतकों में शाहबाद के गुजरैला गांव का रहने वाला 18 वर्षीय सुमित, उसके जीजा धर्मेंद्र और एक अन्य रिश्तेदार सोनू शामिल हैं। इस हादसे के बाद से सभी मृतकों के परिवारों में कोहराम मचा हुआ है।मिली जानकारी के अनुसार, शाहबाद का रहने वाला सुमित संभल में अपने जीजा धर्मेंद्र के घर आयोजित एक जागरण कार्यक्रम में शामिल होने गया था। कार्यक्रम समाप्त होने के बाद, वह अपने जीजा धर्मेंद्र और रिश्तेदार सोनू के साथ एक ही बाइक पर सवार होकर चंदौसी लौट रहा था।तभी बनियाठेर थाना क्षेत्र के टी-पॉइंट के पास सामने से आ रही तेज रफ्तार अर्टिगा कार ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक सवार तीनों युवक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के तुरंत बाद घायलों को एम्बुलेंस की मदद से चंदौसी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। जहां डॉक्टरों ने धर्मेंद्र को मृत घोषित कर दिया। वहीं, गंभीर रूप से घायल सुमित को इलाज के लिए मुरादाबाद के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उपचार के दौरान उसने भी दम तोड़ दिया। तीसरे घायल सोनू की नाजुक हालत को देखते हुए उसे दिल्ली रेफर किया जा रहा था, लेकिन रास्ते में ही उसकी भी जान चली गई।इस दुखद घटना में तीन लोगों की मौत से मृतकों के गांव और परिवारों में सन्नाटा पसरा हुआ है।

चबूतरे से ट्रैक्टर टकराने पर खूनी संघर्ष, एक ही परिवार के तीन लोगों को पीटा

बिलासपुर। रास्ता संकरा होने के कारण ट्रैक्टर-ट्राली का पहिया चबूतरे से टकराने पर विवाद हो गया। आरोप है कि चार लोगों ने लाठी-डंडों से हमला कर एक ही परिवार के तीन सदस्यों को लहूलुहान कर दिया। साथ ही जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। पुलिस ने चार आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज की है।खजुरिया थाना क्षेत्र के गांव महतोष निवासी मुहम्मद यासीन 40 के अनुसार वह मकान निर्माण के लिए किराए की ट्रैक्टर-ट्राली से रेता-बजरफुट लेकर घर जा रहा था। गांव का रास्ता संकरा होने के कारण ट्राली का पहिया उसके पड़ोसी जफीर अहमद के चबूतरे से टकरा गया। यासीन ने नुकसान की मरम्मत कराने की बात कही, लेकिन आरोप है कि जफीर गाली-गलौज करने लगा और लाठी-डंडे से हमला कर दिया। शोर सुनकर यासीन का भाई आरिफ और भाभी फूलबी बचाने पहुंचे तो मेहंदी हसन, अशरफ और काशिम भी आ गए।आरोप है कि चारों ने मिलकर तीनों को पीटा, जिससे आरिफ और फूलबी को गंभीर अंदरूनी चोटें आईं। ग्रामीणों को आता देख आरोपित धमकी देकर भाग निकले। थानाध्यक्ष मनोज कुमार का कहना है कि चारों आरोपी जफीर अहमद, मेंहदी हसन, अशरफ और कासिम के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

चोरी की बाइक सहित युवक गिरफ्तार

बिलासपुर। चोरी की मोटरसाइकिल के साथ पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।पुलिस ने आरोपी के कब्जे से बिना नंबर प्लेट की हीरो स्प्लेंडर प्लस मोटरसाइकिल बरामद की है।आरोपी के खिलाफ पहले भी विभिन्न थानों में तीन आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। प्रभारी निरीक्षक जीत सिंह ने बताया कि ग्राम माचियागढ़ थाना मिलक खानम निवासी मंगत सिंह पुत्र दर्शन सिंह ने 23 अक्टूबर को तहरीर देकर बताया था कि 20 अक्टूबर को पसियापुरा गुरुद्वारे के पास से उसकी ब्लैक-सिल्वर रंग की हीरो स्प्लेंडर मोटरसाइकिल (रजिस्ट्रेशन नंबर यूपी22एएस1790) चोरी हो गई थी।मुकदमा संख्या 372/2026 धारा 303(2) बीएनएस के तहत दर्ज किया गया था।शनिवार को मुखबिर की सूचना पर माटखेड़ा रोड स्थित पुल के पास से आरोपी को गिरफ्तार कर चोरी की बाइक बरामद की।बरामदगी के आधार पर मुकदमे में धारा 317(2) बीएनएस की बढ़ोतरी की गई है।गिरफ्तारी करने वाली टीम में उपनिरीक्षक प्रदीप कुमार, कांस्टेबल आशीष राणा और फैसल शामिल रहे।

स्व जनगणना का दिया गया प्रशिक्षण

रामपुर। शनिवार को जिला क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी कार्यालय में स्व जनगणना 2026 के संबंध में ऑनलाइन प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ. मोहन कुमार ने विभाग के समस्त चिकित्सा प्रभारियों, फार्मासिस्टों एवं योग प्रशिक्षकों को प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण के दौरान स्व जनगणना 2026 की ऑनलाइन प्रक्रिया के संबंध में आवश्यक जानकारी दी गई। साथ ही संबंधित कर्मचारियों को जनगणना से जुड़ी प्रक्रिया को समझने और निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुसार कार्य करने के लिए प्रशिक्षित किया गया। इस अवसर पर डॉ. योगेंद्र सिंह, डॉ. मनोज कुमार आर्य, डॉ. शिखा, डॉ. मधु सहित योग प्रशिक्षक रामू मौर्य, प्रतीक्षा सक्सेना, राजीव कुमार, उमेश चंद्र, अर्चना, निशा, सोनू चौहान आदि उपस्थित रहे।

दो कारों की आमने सामने की जबरदस्त भिड़ंत,दो मासूमों सहित आठ घायल

बिलासपुर। दो कारों के बीच हुई आमने-सामने की भिड़ंत में दो मासूम बच्चों सहित एक ही परिवार के आठ लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि मौके पर अफरा-तफरी मच गई और हाईवे पर वाहनों की रफ्तार थम गई।गनीमत यह रही कि दूसरी कार में सवार दोनों लोग पूरी तरह सुरक्षित बच गए हैं।प्रभारी निरीक्षक जीत सिंह ने बताया कि उत्तराखंड के सितारगंज स्थित नया गांव का रहने वाला एक परिवार आर्टिगा कार में सवार होकर दिल्ली से अपने घर वापस लौट रहा था। कार में चालक समेत कुल आठ लोग मौजूद थे। रात एक बजे जैसे ही उनकी कार नैनीताल हाईवे पर रुद्र-बिलास चौकी क्षेत्र के पास पहुंची तो उल्टी दिशा में सामने से आ रही एक ईको स्पोर्ट्स कार से उसकी सीधी भिड़ंत हो गई।हादसे में आर्टिगा कार के परखच्चे उड़ गए और उसमें सवार सभी आठ लोग लहूलुहान हो गए। सड़क हादसे की आवाज सुनकर स्थानीय लोग और राहगीर तुरंत मदद के लिए दौड़े और पुलिस को सूचना दी। दुर्घटना में घायल हुए लोगों की पहचान नया गांव सितारगंज, उत्तराखंड निवासी आसिफ मलिक, शिवा मलिक, उजमा मलिक, मुहम्मद शाकिर, मुहम्मद बिलाल, मुहम्मद हमजा, जेहरा फातिमा और मुहम्मद इकबाल के रूप में हुई है। घायलों में दो मासूम बच्चे भी शामिल हैं, जिन्हें तुरंत नजदीकी अस्पताल पहुंचाया गया।वहीं, ईको स्पोर्ट्स कार में एयरबैग खुलने या सुरक्षा मानकों के चलते उसमें सवार दोनों यात्री सुरक्षित रहे।स्थानीय पुलिस ने मौके पर पहुंचकर यातायात को सुचारू करवाया और क्षतिग्रस्त वाहनों को हाईवे से हटाया। कहा कि घायलों के उपचार और घटना की आधिकारिक तफ्तीश के बाद ही हादसे की असली वजह स्पष्ट हो पाएगी।

मिलक में थाना समाधान दिवस पर एसपी ने सुनीं जनसमस्याएं

मिलक (रामपुर)। कोतवाली परिसर मिलक में शनिवार को थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान रामपुर के पुलिस अधीक्षक ने कोतवाली पहुंचकर फरियादियों की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को शिकायतों के त्वरित एवं निष्पक्ष निस्तारण के निर्देश दिए।थाना समाधान दिवस में पुलिस और राजस्व विभाग से संबंधित कई शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें अधिकांश मामले भूमि विवाद से जुड़े थे। पुलिस अधीक्षक ने राजस्व विभाग की टीम और पुलिस कर्मियों को संयुक्त रूप से मौके पर पहुंचकर जांच करने तथा निष्पक्ष कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी संतवीर सिंह, क्षेत्राधिकारी राजवीर सिंह परिहार, प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार, हल्का लेखपाल सहित राजस्व विभाग के अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

श्री बालाजी महाराज की 40वीं भव्य शोभायात्रा धूमधाम से निकली, जगह-जगह हुई पुष्पवर्षा

मिलक। नगर में श्री बालाजी महाराज की 40वीं भव्य विशाल शोभायात्रा बड़े ही हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ निकाली गई। शोभायात्रा में शामिल भव्य झांकियों के दर्शन कर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। नगर में जगह-जगह पुष्पवर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया गया। पूरे मार्ग में भक्तिमय माहौल बना रहा और श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। शोभायात्रा का शुभारंभ हाईवे स्थित मंडी समिति से श्री बालाजी दरबार समिति के वार्षिक उत्सव के उपलक्ष्य में किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन महंत अभिषेक मिश्रा उप महंत आयुष मिश्रा के द्वारा नारियल फोड़कर किया गया। इसके बाद ढोल-नगाड़ों की गूंज और जयकारों के बीच शोभायात्रा आगे बढ़ी। इसमें श्री बालाजी महाराज की आकर्षक एवं भव्य झांकियां शामिल रहीं, जिन्हें देखने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु एकत्रित हुए।नगर के प्रमुख मार्गों से गुजरी शोभायात्रा

शोभायात्रा मंडी समिति से प्रारंभ होकर हाईवे स्थित पशु चिकित्सालय मोड़ पहुंची, जहां महंत अभिषेक मिश्रा की उपस्थिति रही।इसके बाद शोभायात्रा श्री गुरु अमरदास मार्ग, स्टेशन रोड और नवदिया मोड़ से होते हुए रंगोली मंडप पहुंची, जहां इसका समापन हुआ। पूरे मार्ग में श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया और भगवान बालाजी के दर्शन कर पुण्य लाभ प्राप्त किया।

सुरक्षा व्यवस्था रही चाक-चौबंद शोभायात्रा के दौरान सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन जगह-जगह मुस्तैद रहा। नगर के प्रमुख मार्गों पर पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई। वहीं, सड़क किनारे दुकानदारों ने अपनी-अपनी दुकानें सजाईं। नगर एवं आसपास के क्षेत्रों से आए लोगों ने शोभायात्रा का भरपूर आनंद लिया। जनप्रतिनिधियों सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु रहे मौजूद इस अवसर पर उत्तर प्रदेश सरकार के कृषि राज्य मंत्री सरदार बलदेव सिंह औलख, पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार सिंह, भाजपा जिला अध्यक्ष हरीश कुमार गंगवार, रामपुर शहर विधायक आकाश सक्सेना, पालिका अध्यक्ष दीक्षा गंगवार, ब्लॉक प्रमुख अर्चना गंगवार गन्ना समिति के अध्यक्ष रजनीश पटेल भारत भूषण गुप्ता पूर्व विधायक ज्वाला प्रसाद गंगवार मुन्नी देवी गंगवार सहित श्री बालाजी समिति के पदाधिकारी

रमेश श्रीवास्तव चौथी बार बने ऑल इंडिया महापदम नंद कम्युनिटी एजुकेटेड एसोसिएशन के प्रदेश अपर महासचिव, छह मंडलों की भी मिली जिम्मेदारी

मिलक रामपुर- ऑल इंडिया महापदम नंद कम्युनिटी एजुकेटेड एसोसिएशन की ओर से रमेश श्रीवास्तव को लगातार चौथी बार प्रदेश अपर महासचिव की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसके साथ ही संगठन ने उन्हें छह मंडलों का अतिरिक्त दायित्व भी प्रदान किया है। संगठन को मजबूत बनाने, समाज को एकजुट करने तथा संगठन की गतिविधियों को प्रदेश स्तर पर और अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से रमेश श्रीवास्तव पर यह विश्वास जताया गया है।चौथी बार इस महत्वपूर्ण पद पर जिम्मेदारी मिलना उनके प्रति संगठन के विश्वास और उनके कार्यों के प्रति भरोसे को दर्शाता है। छह मंडलों की जिम्मेदारी मिलने के बाद उनसे संगठन के विस्तार, सामाजिक जागरूकता और समाजहित के कार्यों को गति देने की अपेक्षा की जा रही है। रमेश श्रीवास्तव को मिली इस जिम्मेदारी से संगठन के पदाधिकारियों एवं समाज के लोगों में उत्साह का माहौल है। उम्मीद जताई जा रही है कि उनके नेतृत्व और प्रयासों से संगठन और अधिक मजबूत होगा तथा समाज के उत्थान के लिए नए कार्य किए जाएंगे।

गुरु नानक अकादमी में संयुक्त राष्ट्र दिवस पर हुईं प्रतियोगिताएं, आकाश हाउस रहा विजेता

मिलक (रामपुर)। गुरु नानक अकादमी, मिलक में संयुक्त राष्ट्र दिवस (यूनाइटेड नेशन्स डे) के अवसर पर विद्यार्थियों के ज्ञान, रचनात्मकता और प्रतिभा को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया।कक्षा एक और दो के विद्यार्थियों के लिए रंग भरो प्रतियोगिता आयोजित की गई, जबकि कक्षा तीन से पांच तक के विद्यार्थियों ने विभिन्न देशों पर आधारित भाषण प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। वहीं, कक्षा छह से आठ तक के विद्यार्थियों के लिए इंटर-हाउस सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। इसमें अग्नि, पृथ्वी, आकाश और अमोघ हाउस के विद्यार्थियों ने भाग लिया। कड़े मुकाबले के बाद आकाश हाउस ने विजेता का खिताब अपने नाम किया। इस अवसर पर अकादमी के चेयरमैन विशेष शर्मा, एमडी मीनू मिश्रा, प्रधानाचार्या मिताली सक्सेना और उप-प्रधानाचार्य अमित गंगवार उपस्थित रहे। उन्होंने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया और इस प्रकार की गतिविधियों को उनके सर्वांगीण विकास के लिए महत्वपूर्ण बताया। कार्यक्रम को सफल बनाने में आकांक्षा, अमरिंदर कौर, बबीता, सारून सर, अंजली, प्रशांत जी, भूमि और अमनदीप सहित अन्य शिक्षकों का सराहनीय सहयोग रहा।

महाराजा अग्रसेन जयंती धूमधाम से मनाई गई, माता की चौकी का हुआ आयोजन

मिलक रामपुर- नगर स्थित रंगोली मंडप, नवदिया चौराहे के निकट, शुक्रवार दिनांक 23 अक्टूबर 2026 को रात्रि 7 बजे महाराजा अग्रसेन जी की जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर कमेटी के सदस्यों द्वारा माता की चौकी का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में उपस्थित सभी सदस्यों ने श्रद्धा एवं उत्साह के साथ सहभागिता की। कमेटी के अध्यक्ष श्री अवधेश अग्रवाल ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर नीरज अग्रवाल, योगेश बंसल, सचिन अग्रवाल, सतीश अग्रवाल, रिंकू अग्रवाल, डॉ. हरीश अग्रवाल, कमल अग्रवाल, अभय अग्रवाल, संदीप अग्रवाल, आशीष अग्रवाल, ऋषि अग्रवाल, तुषार अग्रवाल, सत्यम अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।

उपजिलाधिकारी ने मतदान केन्द्रों का किया निरीक्षण

बिसौली। लोकतंत्र को मजबूत करने के उद्देश्य से चलाए जा रहे मतदाता पुनरीक्षण कार्य का उपजिलाधिकारी प्रियंका गोयल द्वारा नगर के विभिन्न मतदान केंद्रों (बूथों) का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं और बीएलओ के कार्यों की समीक्षा की गई।

शनिवार को ?निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने बूथों पर मौजूद रजिस्टर, आवेदन फार्म फार्म-6, 7 और 8 और बीएलओ की उपस्थिति की बारीकी से जांच की। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके नए युवाओं और छूटे हुए पात्र नागरिकों के नाम प्राथमिकता के आधार पर सूची में जोड़े जाएं। एसडीएम प्रियंका गोयल ने कहा कि ?लोकतंत्र की सबसे पहली और मजबूत कड़ी हमारा मतदाता है। कोई भी पात्र नागरिक मतदाता सूची में शामिल होने से न छूटे और किसी भी अयोग्य व्यक्ति का नाम सूची में न रहे, यही हमारी प्राथमिकता है। कार्य में लापरवाही बरतने वाले कर्मचारियों के खिलाफ सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने आम जनमानस से अपील की कि वे अपने बूथ पर जाकर मतदाता सूची में अपना नाम अवश्य जांचें। इस दौरान सुपरवाइजर संदीप कुमार, बीएलओ राधेश्याम भारती, यासमीन, रश्मि, अंजू रानी आदि प्रमुखता से उपस्थित रहे।

नगर स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं में विनोबा स्कूल ने कबड्डी में मारी बाजी

चन्दौसी। विद्यार्थियों में खेल भावना, अनुशासन और शारीरिक दक्षता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से नगर क्षेत्र चन्दौसी में नगर स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इसमें प्राथमिक और जूनियर वर्ग के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग कर अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के अंतर्गत खो-खो, कबड्डी तथा 50, 100 और 200 मीटर दौड़ आयोजित की गईं। कबड्डी में विनोबा जूनियर हाईस्कूल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं, सरोजिनी नायडू जूनियर हाईस्कूल की बालिका टीम खो-खो में विजेता रही। दौड़ प्रतियोगिताओं में लक्ष्मणगंज के बच्चों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सभी का ध्यान आकर्षित किया। प्रतियोगिताओं का आयोजन जिला व्यायाम एवं खेल शिक्षक अनिल कपूर तथा नगर व्यायाम शिक्षिका डॉ. दुर्गा टंडन के मार्गदर्शन में नगर क्षेत्र के शिक्षकों के सहयोग से संपन्न हुआ। गौरव मिश्रा और भूदेव शंखधार ने निर्णायक की भूमिका निभाई। जिला व्यायाम एवं खेल शिक्षक अनिल कपूर ने बताया कि प्रतियोगिताओं में विजेता प्रतिभागियों को जनपद स्तर पर अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलेगा। उन्होंने कहा कि खेलों से विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, प्रतिस्पर्धा और टीम भावना विकसित होती है। शिक्षकों ने भी बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें नियमित रूप से खेल गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर अनिल कपूर, अभिषेक गुप्ता, गौरव मिश्रा, भूदेव शंखधार, राशिद खान, वसीम अहमद, डॉ. दुर्गा टंडन, वीरेंद्र यादव, कुमोद पाठक, माया देवी सहित नगर क्षेत्र का समस्त स्टाफ और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

गुरु वंदन छात्र अभिनंदन कार्यक्रम में शिक्षकों और मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान

चन्दौसी। भारत विकास परिषद की शाश्वत शाखा के तत्वावधान में आरआरके विद्यालय में गुरु वंदन छात्र अभिनंदन कार्यक्रम का गरिमामय आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य गुरुजनों के प्रति श्रद्धा प्रकट करने के साथ विद्यार्थियों में नैतिक मूल्यों, अनुशासन, राष्ट्रप्रेम और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना विकसित करना रहा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शाखा सचिव डॉ. दुर्गा टंडन ने कहा कि गुरु राष्ट्र निर्माता हैं। गुरु वंदन भारतीय संस्कृति की गौरवशाली परंपरा है। शिक्षक विद्यार्थियों को केवल किताबी ज्ञान ही नहीं देते, बल्कि उनके व्यक्तित्व को संस्कारित कर जीवन में सही दिशा चुनने की प्रेरणा भी देते हैं। गुरुजनों का सम्मान और प्रतिभाशाली विद्यार्थियों का अभिनंदन समाज में ज्ञान, नैतिकता और कर्तव्यबोध को बढ़ावा देता है। शाखा अध्यक्ष सचिन गुप्ता ने कहा कि भारत विकास परिषद का उद्देश्य सेवा, समर्पण, सहयोग, संस्कार और राष्ट्रभावना के आदर्शों को समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंचाना है। शिक्षा के साथ संस्कार और जीवन में राष्ट्रसेवा का भाव जुड़ने से ही सशक्त समाज एवं समर्थ राष्ट्र का निर्माण होता है। उन्होंने विद्यार्थियों को अनुशासन, परिश्रम और राष्ट्रप्रेम के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में शाखा संयोजक अभिषेक गुप्ता, संपर्क संयोजक गिरेंद्र अग्रवाल, शाखा संरक्षक दृगपाल सिंह, हेम प्रताप, अर्चना शर्मा, संजय गुप्ता और अनुज उपाध्याय सहित शाखा के अन्य सदस्य, विद्यालय का समस्त स्टाफ तथा छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

अर्टिगा की टक्कर से बाइक सवार तीन युवकों की मौत, चालक फरार

चन्दौसी। नए बाइपास पर शुक्रवार रात शिवा ढाबे के सामने तेज रफ्तार अर्टिगा कार ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार तीन युवकों की मौत हो गई। टक्कर के बाद अनियंत्रित कार सड़क किनारे खंदक में जा घुसी। हादसे के बाद कार चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया।बनियाठेर थाना क्षेत्र के गांव अफजलपुर डरौली निवासी धर्मेंद्र कुमार राजमिस्त्री था। गुरुवार रात उसके घर में जागरण और शुक्रवार को दावत का कार्यक्रम था। इसमें शामिल होने के लिए बदायूं जिले के उघैती थाना क्षेत्र के गांव मेवली निवासी सोनू और रामपुर जिले के शाहबाद थाना क्षेत्र के गांव गुजरैला निवासी रिश्तेदार सुमित भी आए थे।शुक्रवार रात तीनों किसी काम से चंदौसी आए थे। रात में बाइक से वापस लौटते समय नए बाइपास पर शिवा ढाबे के सामने तेज रफ्तार अर्टिगा कार ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि तीनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए।हादसे में एक युवक ने मौके पर ही दम तोड़ दिया, जबकि दूसरे की चंदौसी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में मौत हो गई। तीसरे युवक की हालत गंभीर होने पर उसे हायर सेंटर रेफर किया गया था, लेकिन हापुड़ ले जाते समय उसने भी दम तोड़ दिया।उधर, हादसे के बाद कार सड़क किनारे खंदक में जा घुसी। चालक कार छोड़कर मौके से फरार हो गया। हादसे में तीन युवकों की मौत से उनके परिवारों में कोहराम मच गया।

पुलिस और श्रम विभाग की संयुक्त टीम ने चलाया अभियान

चन्दौसी। मिशन शक्ति फेज-6.0 अभियान के तहत शनिवार को चन्दौसी में पुलिस और श्रम विभाग की संयुक्त टीम ने भिक्षावृत्ति एवं बालश्रम के खिलाफ अभियान चलाया। इस दौरान बाजार में दुकानों, होटलों और ढाबों का निरीक्षण किया गया। पांच स्थानों पर जांच के दौरान छह बच्चे दुकानों पर बालश्रम करते पाए गए। श्रम विभाग ने संबंधित दुकानदारों के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की। पुलिस अधीक्षक विकास चन्द्र त्रिपाठी और अपर पुलिस अधीक्षक (दक्षिणी) मनोज कुमार रावत के निर्देश पर थाना एएचटी सम्भल के प्रभारी निरीक्षक पवनवीर सिंह राणा और उपनिरीक्षक बाबूराम सैनी ने पुलिस टीम के साथ अभियान चलाया। श्रम विभाग की ओर से श्रम परिवर्तन अधिकारी मौहम्मद आमिल भी अपनी टीम के साथ मौजूद रहे। संयुक्त टीम ने दुकानदारों को बालश्रम और भिक्षावृत्ति कराने को कानूनन अपराध बताते हुए ऐसा नहीं करने की हिदायत दी। साथ ही बच्चों से काम कराने के बजाय उन्हें शिक्षा के लिए स्कूल भेजने के प्रति जागरूक किया गया।अभियान के दौरान मिशन शक्ति के तहत पुलिस हेल्पलाइन नंबर 1090, 112, 1076, 1098, 1930 और 1033 सहित मिशन शक्ति केंद्र की सुविधाओं की जानकारी भी दी गई।

थाना जरीफनगर पुलिस द्वारा हत्या के मामले मे 01 वाछिंत अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया

बदायूं। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद बदायूँ के आदेशानुसार जनपद में अपराध व अपराधियों पर अंकुश लगाने तथा वाछिंत अपराधियो की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत आज दिनांक 24.10.2026 को थाना जरीफनगर पुलिस द्वारा मु0अ0स0 177/26 धारा 191(2)/126(2)/115(2)/352/351(3)/109(1) बीएनएस में वाछिंत 01 अभियुक्त श्यौराज पुत्र चन्द्रकेश निवासी ग्राम रसूलपुर कलां थाना जरीफनगर जनपद बदायूँ को ग्राम रसूलपुर कलां से करीब 50 मीटर जरीफनगर की तरफ से गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया ।

थाना कोतवाली पुलिस द्वारा वाहन चोरी करने वाले 04 चोरों को मय चोरी की 02 मोटर साईकिल सहित गिरफ्तार किया

बदायूं। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद बदायूँ के आदेशानुसार एवं अपर पुलिस अधीक्षक नगर के निर्देशन में एवं क्षेत्राधिकारी नगर के पर्यवेक्षण मे संदिग्ध व्यक्ति व वाहन चैकिंग व वाहन चोरी के अनावरण के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत थाना कोतवाली पुलिस द्वारा मु0अ0स0 260/2026 धारा 303(2) बीएनएस में 04 वांछित अभियुक्तगण 1. हुसैन अंसारी पुत्र साफिर हुसैन निवासी वार्ड न0- 04 कस्बा व थाना दातागंज जनपद बदायूँ 2. हासिम उर्फ बडे पुत्र राज मोहम्मद निवासी वार्ड न0- 04 कस्बा व थाना दातागंज जनपद बदायूँ व 02 बाल अपचारी को मय चोरी की 02 मोटर साईकिलों सहित गिरफ्तार किया गया । मो0साईकिल बरामदगी के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा 317(2),317(5) बीएनएस की वृद्धि कर बाल अपचारी व अभि0गण को मा0न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है ।

पूछताछ का विवरण:-* पकड़े गये चारो ने एक साथ बताया कि साहब ये एचएफ डिल्कस मोटर साइकिल हम चारो ने दिनाक 20.10.2026 को दिन मे पाँच बजे के करीब आर्य समाज चौक के पास एक घर के सामने से चोरी की थी तथा दूसरी मोटर साइकिल हीरो स्पलैण्डर को हम चारो ने कुछ दिन पहले अलीगढ से चोरी की थी जिनको हम नंबर प्लेट हटा कर चोरी छिपे चला रहे थे तथा आज हम इन मोटर साइकिलों को बेचने जा रहे थे।

रामलीला महोत्सव का हुआ समापन



रुदायन (बदायूं) रावण वध के साथ ज्वालामुखी मंदिर पर रामलीला महोत्सव का समापन हुआ इस अवसर पर दहन किया गए रावण के पुतले को देखने के लिए भारी भीड़ उमड़ी तथा संपूर्ण परिसर जय श्रीराम के नारों से गूंज उठा

नगर की ज्वालामुखी मंदिर पर गत वर्षो की भांति इस वर्ष भी रामलीला महोत्सव का आयोजन किया गया तकरीबन 10 दिन तक चली भव्य रामलीला के बाद अंतिम दिन भगवान श्री राम और लंका पति रावण के मध्य युद्ध हुआ इस युद्ध में मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के हाथों रावण का वध होते ही रामलीला परिसर में रावण का विशाल पुतला दहन किया गया जैसे ही रावण का विशालकाय पुतला जलने लगा पूरा परिसर जय श्रीराम के गगन भेदी नारों से गूंज उठा

रावण वध के बाद रामलीला मंच पर भगवान श्रीराम का वरिष्ठ भाजपा नेता मुरली मनोहर गुप्ता ने राजतिलक कर नगर क्षेत्र में सुख समृद्धि कीकामना करते हुए कहा कि अपने अंदर रावण रूपी छुपे अंधकार को दूरकर सत्य को जीवन में अंगीकार करें तभी जीवन का उद्धार संभव है

इस दौरान किशन लाल गुप्ता, संजीव गुप्ता मंत्री, अनुभव गुप्ता, राहुल गुप्ता, पदम गुप्ता, डॉ अजीत मोहन गुप्ता,अशोक यादव, दीपक वार्ष्णेय, नन्नू गुप्ता,सीश्पीश्पाल, नरेंद्र गुप्ता, राम सिंह, बाबू राम गुप्ता, विद्या रतन चौधरी, समेत अनेक लोग उपस्थित रहे

रामनगर प्राथमिक विद्यालय में सफाईकर्मी नहीं

चन्दौसी। विकासखंड बनियाखेड़ा में दर्जनों स्कूलों में सफाईकर्मी नहीं हैं जबकि ब्लाक से सफाईकर्मियों नहीं पहुंचते जबकि परिषदीय विद्यालय में छात्र-छात्राओं की संख्या अच्छी खासी है। बच्चे मेज कुर्सी पर बैठकर अध्ययन करते हैं, वहीं स्कूल में मीनू के अनुसार बच्चों को भोजन बनता है परंतु कैथल के मजरा रामनगर में संचालित प्राथमिक विद्यालय रंग-रोगन से भरपूर है पर स्कूल सफाईकर्मियों एवं स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था का संकट है। इंडिया मार्का नल का पानी पीने योग्य नहीं है। इधर रसोईयों द्वारा विद्यालय कक्षाओं में झाड़ू लगाने की जिम्मेदारी दी गई है।

वृंदा कोल्ड स्टोरेज पर किसान बंधु संगोष्ठी का आयोजन

बिसौली। वृंदा कोल्ड स्टोरेज परिसर में किसान बंधु संगोष्ठी का भव्य आयोजन किया गया। संगोष्ठी में क्षेत्र के बड़ी संख्या में किसानों ने भाग लिया और वैज्ञानिक विधि से आलू की भरपूर पैदावार प्राप्त करने की आधुनिक तकनीकों की जानकारी हासिल की।

?कार्यक्रम के दौरान कृषि विशेषज्ञों ने आलू की फसल में लगने वाले विभिन्न रोगों, कीट नियंत्रण, समय पर सिंचाई तथा संतुलित खाद प्रबंधन पर विस्तार से प्रकाश डाला। विशेषज्ञों ने किसानों को सलाह दी कि परंपरागत खेती के बजाय मिट्टी परीक्षण और संशोधित बीजों का चयन कर किसान कम लागत में बेहतर उत्पादन प्राप्त कर सकते हैं।

?संगोष्ठी को संबोधित करते हुए प्रमोद पांडे ने कहा कि आलू की पैदावार बढ़ाने के लिए केवल अच्छी किस्म का बीज ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि सही समय पर वैज्ञानिक तरीके से खाद और दवाइयों का प्रयोग अत्यंत आवश्यक है। आज बाजार की मांग के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण फसल उगाने के लिए किसान भाइयों को नवीनतम तकनीकों को अपनाना होगा। यदि किसान आधुनिक तकनीकों का सही तरीके से प्रयोग करें, तो वे प्रति एकड़ लागत घटाकर अपनी आय दोगुनी कर सकते हैं।

?संगोष्ठी के अंत में किसानों ने कृषि विशेषज्ञों से अपनी फसलों से जुड़ी समस्याओं और शंकाओं के बारे में सवाल पूछे, जिनका विशेषज्ञों ने मौके पर ही समाधान प्रस्तुत किया। वृंदा कोल्ड स्टोरेज के स्वामी केशव अग्रवाल ने सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त किया। संगोष्ठी में प्रमोद पांडे, संजय जैन, अवनीश त्रिपाठी, विष्णुकांत अग्रवाल, जतिन अग्रवाल, शोभित अग्रवाल, प्रणय अग्रवाल, हर्षित अग्रवाल, मैनेजर जयप्रकाश शर्मा आदि प्रमुखता से मौजूद रहे।

विवाह योजनांतर्गत 238 जोड़ों ने लिए फेरे, 07 का हुआ निकाह

बदायूँ। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना अंतर्गत समरेर, उसावां में आयोजित विवाह समारोह में 238 जोड़े हिन्दू रीति रिवाज से बंधन में बंधे, वहीं 07 मुस्लिम जोड़ों का निकाह पढ़ाया गया। समरेर में 136 जोड़ो ने फेरे लिए और 05 जोड़ो का निकाह कुल 141 विवाह सम्पन्न हुए। उसावां में आयोजित समारोह में 102 जोड़ो ने फेरे लिए और 02 जोड़ो का निकाह हुआ कुल 104 विवाह सम्पन्न हुए। दोनों स्थानों पर कुल 245 जोड़ों का विवाह सम्पन्न हुआ।

शनिवार को राजकीय आईटीआई कॉलेज समरेर में तथा उसावां तहसील दातागंज स्थित स्वर्गीय श्री रामपाल सिंह राजकीय डिग्री कॉलेज में भव्य कार्यक्रम आयोजित हुआ। दातागंज विधायक राजीव कुमार सिंह ने दोनों स्थानों पर उपस्थित होकर बरबधु को आशीर्वाद देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया गया। दातागंज विधायक ने बरबधु को आशीर्वाद देते हुए कहा कि हमारी सरकार से प्रत्येक वर्ग को पूरा लाभ दिया जा रहा है, जबकि इससे पहले ऐसा नहीं होता था। उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति का सपना होता है कि उसकी बेटी की शादी भव्य रूप से हो, तो उसके सपने को उनकी सरकार साकार कर रही है।

उन्होंने कहा कि आज का यह सामूहिक विवाह समारोह केवल विवाह का आयोजन नहीं है, बल्कि यह अनेक परिवारों के सपनों, खुशियों और नई उम्मीदों का उत्सव है। आज यहां बैठे इन माता-पिता के चेहरों पर जो खुशी दिखाई दे रही है, वह अपने आप में बहुत कुछ कहती है। एक समय था जब गरीब परिवार में बेटी का जन्म होते ही

माता-पिता उसकी पढ़ाई और फिर उसके विवाह की चिंता करने लगते थे। बेटी बड़ी होती जाती थी और उसके भविष्य की चिंता भी बढ़ती जाती थी। अब बेटी के विवाह के पवित्र अवसर पर माता-पिता के चेहरे पर चिंता नहीं, बल्कि खुशी और संतोष दिखाई देता है। क्योंकि अब जरूरतमंद परिवार खुद को अकेला महसूस नहीं करते। सरकार ने उनका हाथ थामने का काम किया है। मैं आज विवाह के बंधन में बंधने जा रहे सभी नवविवाहित जोड़ों को हृदय से बधाई देता हूं। ईश्वर से कामना है कि आपके वैवाहिक जीवन में प्रेम, विश्वास, आपसी सम्मान और खुशियां हमेशा बनी रहें।

सरकार द्वारा एक लाख रुपये की धनराशि का लाभ इस योजना अन्तर्गत नवविवाहित जोड़ों को दिया जाता है, जिसमें 21000 रुपए की उपहार सामग्री होती है, 15000 रुपए प्रति जोड़ा आयोजन में व्यय होता है और शेष 64000 रुपए की धनराशि बधु के खाते में पहुंचती है।

कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी गामिनी सिंगला, जिला विकास अधिकारी मनोज कुमार, ब्लॉक प्रमुख दातागंज अतेंद्र विक्रम, प्रतिनिधि ब्लॉक प्रमुख समरेर धीरज सक्सेना, परियोजना निदेशक डीआरडीए सत्येंद्र सिंह, नगर पालिका परिषद दातागंज के अध्यक्ष, उप जिलाधिकारी दातागंज विनोद कुमार, खण्ड विकास अधिकारी समरेर सतीश सिंह सैनी सहित जिला समाज कल्याण अधिकारी मीनाक्षी वर्मा, प्रभारी जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी प्रणव पाठक, महाराज सिंह, मोअज्जम यार खाँ सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

26 अक्टूबर को होगा सामूहिक विवाह कार्यक्रम

जिलाधिकारी अवनीश राय ने आदेशों के क्रम में समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना अंतर्गत 26 अक्टूबर सोमवार को प्रात: 7:00 बजे से बुधवाई रेड स्थित पूनम लॉन में 300 का सामूहिक विवाह का वृहद कार्यक्रम आयोजित होगा।

परिवार परामर्श केंद्र में 90 मामलों की सुनवाई, छह परिवारों में कराया समझौता

चन्दौसी। शनिवार को पुलिस परिवार परामर्श सुलह-समझौता केंद्र की बैठक महिला थाना, पुलिस लाइन बहजोई में कार्यवाहक उपनिरीक्षक महेश गंगवार की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में पति-पत्नी के बीच उत्पन्न पारिवारिक विवादों और मतभेदों से संबंधित मामलों की काउंसलिंग कराई गई। काउंसलर्स के सहयोग से दोनों पक्षों के बीच आपसी सहमति के आधार पर विवाद सुलझाने का प्रयास किया गया। बैठक के दौरान कुल 90 पत्रावलियों की सुनवाई की गई, जिनमें से 16 का निस्तारण किया गया। इनमें छह मामलों में पति-पत्नी के बीच आपसी सहमति से समझौता कराकर परिवारों को दोबारा साथ रहने के लिए राजी किया गया। वहीं, किसी भी मामले में विधिक कार्रवाई की संस्तुति नहीं की गई। इसके अलावा 10 पत्रावलियों को आवेदक या आवेदिका के काउंसलिंग के लिए उपस्थित नहीं होने तथा मामले में पैरवी नहीं करने के कारण बंद कर दिया गया। बैठक में काउंसलर श्वेता गुप्ता, पूनम अरोरा, सीमा आर्य, कंचन माहेश्वरी और बबीता के साथ परिवार परामर्श केंद्र में नियुक्त महिला हेड कांस्टेबल रश्मि गहलौत, कांस्टेबल शहजाद मलिक, महिला कांस्टेबल ज्योति और विनीता सहित अन्य पुलिसकर्मी उपस्थित रहे।

मिशन शक्ति के तहत चैपाल लगाकर महिलाओं और बालिकाओं को किया जागरूक

चन्दौसी। उत्तर प्रदेश शासन की ओर से महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा, स्वावलंबन एवं सशक्तीकरण के लिए चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान फेज-6.0 के तहत शनिवार को जनपद संभल में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। मिशन शक्ति केंद्रों पर तैनात महिला पुलिसकर्मियों ने थाना क्षेत्रों में चैपाल लगाकर बालिकाओं को जागरूक किया और महिलाओं से संबंधित समस्याओं के निस्तारण की जानकारी दी। वहीं एंटी रोमियो टीम ने प्रमुख बाजारों, कस्बों, चैराहों, स्कूल-कॉलेजों और धार्मिक स्थलों सहित अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर अभियान चलाया। इस दौरान महिलाओं और बालिकाओं को सुरक्षा एवं स्वावलंबन से जुड़ी सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। पुलिसकर्मियों ने वीमेन पावर लाइन 1090, आपातकालीन सेवा 112, सीएम हेल्पलाइन 1076, महिला हेल्पलाइन 181, स्वास्थ्य सेवा 102, एंबुलेंस सेवा 108 और साइबर क्राइम हेल्पलाइन 1930 सहित विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों के पंपलेट वितरित कर उनके उपयोग के बारे में बताया।

मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत 26 व 30 अक्टूबर को 225 जोड़ों का होगा सामूहिक विवाह

जिलाधिकारी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने एमडीए ग्राउंड का निरीक्षण कर तैयारियों को समय से पूर्ण करने के दिए निर्देश

-आज समाचार सेवा-

मुरादाबाद। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत जनपद मुरादाबाद में दो अलग-अलग सामूहिक विवाह कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। पहला कार्यक्रम 26 अक्टूबर 2026 को शहर स्थित एमडीए ग्राउंड में होगा, जिसमें 335 जोड़ों का विवाह कराया जाएगा। दूसरा कार्यक्रम 30 अक्टूबर 2026 को महर्षि दयानंद सरस्वती लॉ कॉलेज, भदासना में आयोजित किया जाएगा, जिसमें 225 जोड़े विवाह बंधन में बंधेंगे। दोनों आयोजनों को सुव्यवस्थित, सकुशल एवं गरिमापूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन द्वारा तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

इसी क्रम में जिलाधिकारी श्री अनुनय झा, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री सतपाल अंतिल और मुख्य विकास अधिकारी सुश्री मृणाली अविनाश जोशी ने मुरादाबाद शहर स्थित कार्यक्रम स्थल (एमडीए ग्राउंड) का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने साफ-सफाई, पेयजल, सुरक्षा, यातायात, पार्किंग, चिकित्सा सुविधाओं सहित सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय से सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया कि प्रत्येक जोड़े का विवाह उसकी धार्मिक परंपरा एवं रीति-रिवाज के अनुसार संपन्न कराया जाए तथा आयोजन के दौरान प्रत्येक स्तर पर सतर्कता एवं समुचित व्यवस्था बनाए रखी जाए।

जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि सामूहिक विवाह कार्यक्रम से जुड़ी सभी तैयारियां निर्धारित समयसीमा में पूर्ण की जाएं। लाभार्थियों एवं उनके परिजनों को किसी प्रकार की असुविधा न हो तथा सभी व्यवस्थाएं आपसी समन्वय के साथ सुनिश्चित की जाएं।

कार्यक्रम के दौरान आवश्यक पुलिस व्यवस्था सुनिश्चित कराने, यातायात संचालन एवं वाहनों की पार्किंग की समुचित व्यवस्था करने तथा अग्निशमन संबंधी सुरक्षा इंतजाम सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यक्रम स्थल पर चिकित्सकीय टीम, आवश्यक उपकरण एवं चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे।

नगर निगम को पेयजल, मोबाइल शौचालय, साफ-सफाई तथा अन्य आवश्यक नागरिक सुविधाओं की व्यवस्था कराने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। संबंधित खंड विकास अधिकारियों एवं अधिशासी अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्र के पात्र लाभार्थी जोड़ों की संबंधित कार्यक्रम में उपस्थिति सुनिश्चित कराने तथा आवश्यक समन्वय स्थापित करने के निर्देश दिए गए हैं।

जिला समाज कल्याण अधिकारी, जिला प्रोबेशन अधिकारी, जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी एवं जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी को कार्यक्रम में विवाह की विभिन्न रस्मों, वरमाला एवं निकाह सहित धार्मिक रीति-रिवाजों के अनुरूप आयोजन, खान-पान एवं कैटरिंग की व्यवस्था की देखरेख करने को कहा गया है।

खाद्य सुरक्षा अधिकारी को भोजन की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक स्टाफ की तैनाती, उपनिबंधक को विवाह पंजीकरण संबंधी कार्यवाही पूर्ण कराने तथा संबंधित अधिकारियों को फोटोग्राफी, वीडियोग्राफी, विद्युत व्यवस्था एवं अन्य आवश्यक इंतजाम समय से पूरे कराने के निर्देश दिए गए हैं।

जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी अधिकारी अपने-अपने दायित्वों का गंभीरता एवं जिम्मेदारी के साथ निर्वहन करें।

बोआई सीजन के दृष्टिगत पर्याप्त फास्फेटिक एवं यूरिया उपलब्ध: सहायक आयुक्त

-आज समाचार सेवा-

मुरादाबाद। सहकारिता विभाग जनपद मुरादाबाद के अन्तर्गत सहकारी समितियों (बी-पैक्स) के 62 बिकी केन्द्र संचालित है। जनपद मुरादाबाद में माह अक्टूबर 2026 का यूरिया का लक्ष्य 1793, एन0पी0के0-3804 एवं डी0ए0पी0 645 मै0टन वितरण का है। 01.10.2026 से उर्वरक बिकी केन्द्रो पर उपलब्ध यूरिया-1552, एन0पी0के0-2655 एवं डी0ए0पी0-1395 मै0टन के सापेक्ष यूरिया-736, एन0पी0के0-2171 एवं डी0ए0पी0-833 मै0टन का वितरण किया जा चुका है एवं यूरिया - 816, एन0पी0के0-484 एंव डी0ए0पी0-562 मै0टन0 केन्द्रों पर अवशेष है। जनपद में यूरिया-10632, एन0पी0के0-7083 एवं डी0ए0पी0-3927 मै0टन बफर में उपलब्ध है, जिसमें से कृषको की मांग को दृष्टिगत रखते हुए एन0पी0के0-2300 व डी0ए0पी0-450 मै0टन उर्वरक का समितिवार/बिकी केन्द्रवार आवंटन कराया गया है, जिसका प्रेषण सुनिश्चित कराया जा रहा है।

जनपद में बोआई सीजन के दृष्टिगत पर्याप्त फास्फेटिक एवं यूरिया उपलब्ध है।

उक्त जानकारी सहायक आयुक्त एंव सहायक निबन्धक सहकारिता मुरादाबाद ने दी है।

जिलाधिकारी व एसएसपी ने किया बूथों का निरीक्षण

-आज समाचार सेवा-

मुरादाबाद। निर्वाचक नामावली में पंजीकरण से छूटे हुए एवं युवा निर्वाचकों के नाम सम्मिलित किए जाने के उद्देश्य से माननीय भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले के समस्त बूथों पर आज विशेष कैम्प आयोजित किए जा रहे हैं।

कैम्प के दौरान बीएलओ की उपस्थिति एवं निर्धारित कार्यों को संपादित करने में उनकी सक्रियता के दृष्टिगत जिलाधिकारी श्री अनुनय झा और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री सतपाल अंतिल ने मुरादाबाद शहर स्थित विभिन्न बूथों का निरीक्षण किया।

नगर पंचायत सिरसी में कान्हा गौशाला व पशु शेल्टर होम्स का लोकार्पण

-आज समाचार सेवा-

सिरसी। सादर अवगत कराना है कि नगर पंचायत सिरसी, वार्ड नं.-08 मौ0 चौधरियान (बिजली घर के पास) में कान्हा गौशाला एवं बेसहारा पशु आश्रय योजना के अन्तर्गत नगरीय निकायों में कान्हा गौशाला / पशु शेल्टर होम्स का निर्माण कार्य हेतु 150 लाख आंवटित हुआ। जिसकी क्षमता 200 गोवशं है। गोवशं हेतु 02 शेड है। एक भूसे का कमरा है। एक हरे चारे का कमरा है। एक कमरा हरा चारा काटने का है। गोवशं की देख-रेख हेतु पशुचिकित्साधिकारी का कक्ष है। अधिशासी अधिकारी एव केयरटेकरों के लिए भी कक्ष है। एक गोशाला प्रभारी है। चार केयरटेकर है। गोशाला में पानी की व्यवस्था हेतु समरसेबिल है। बिजली की व्यवस्था है। हरा चारा हेतु पर्याप्त भूमि है। गोवशं हेतु दाना भी उपलब्ध है। श्री कौसर अब्बास, अध्यक्ष नगर पंचायत सिरसी द्वारा कान्हा गौशाला / पशु शेल्टर होम्स का लोकार्पण किया गया लोकार्पण में आदित्य प्रकाश अधिशासी अधिकारी व समस्त सभासदगण, एवं कर्मचारीगण व सम्मानित नागरिक मौजूद रहे।

मतदाता सूची में नाम जोड़ने और त्रुटि सुधार के लिए मेरठ में विशेष अभियान, डीएम ने बूथों का किया निरीक्षण

मेरठ। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण-2026 के बाद मतदाता सूची में छूटे पात्र नागरिकों तथा पहली बार मतदान करने वाले युवाओं के नाम शामिल कराने के उद्देश्य से शनिवार को जनपद मेरठ के सभी बूथों पर विशेष मतदाता पंजीकरण कैंप आयोजित किए गए। अभियान के दौरान बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) ने मतदाता सूची में नाम जोड़ने और विवरण में त्रुटियों के सुधार के लिए आवेदन प्राप्त किए।

जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. वी.के. सिंह ने एलेक्जेंडर पब्लिक स्कूल, शास्त्रीनगर, सीता भारती विद्यालय, धन्वंतरि भवन और जयदेवी नगर सहित विभिन्न मतदेय स्थलों का निरीक्षण किया। उन्होंने कैंपों की व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए बीएलओ से प्राप्त आवेदनों की जानकारी ली और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जनपद के अन्य बूथों पर भी संबंधित निर्वाचन अधिकारियों ने भ्रमण कर अभियान की प्रगति का जायजा लिया।

जिलाधिकारी ने अधिकारियों और बीएलओ को निर्देश दिए कि निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुसार सभी आवेदनों पर नियमानुसार कार्रवाई की जाए। कोई भी पात्र नागरिक मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने से वंचित न रहे। उन्होंने कैंप में पहुंचे नागरिकों से बातचीत कर उन्हें मतदाता पंजीकरण एवं संशोधन की प्रक्रिया की जानकारी भी दी।

डीएम ने जनपदवासियों से अपील की कि वे स्वयं और अपने परिवार के सभी पात्र सदस्यों के नाम मतदाता सूची में जांच लें। नाम दर्ज नहीं होने पर फॉर्म-6 भरकर आवेदन करें तथा नाम, पता या अन्य विवरण में त्रुटि होने पर नियमानुसार संशोधन कराएं। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में प्रत्येक पात्र नागरिक की भागीदारी महत्वपूर्ण है और किसी भी पात्र मतदाता को मताधिकार से वंचित नहीं रहना चाहिए।

इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (प्रशासन)/उप जिला निर्वाचन अधिकारी विजय वर्धन तोमर सहित संबंधित अधिकारी, बीएलओ और नागरिक उपस्थित रहे।

दिवाली रिश्तों का त्योहार

-आज समाचार सेवा-

मेरठ। दिवाली रोशनी और अपनों के साथ का त्योहार है, जिसमें हम उन लोगों के साथ खुशियां मनाते हैं जो हर पल को खास बना देते हैं। यह वह समय भी है जब सोच-समझकर चुना गया एक तोहफा प्यार आभार और सराहना जताने का जरिया बन जाता है। इस दिवाली भारत का अग्रणी प्रीमियम फैशन ब्यूटी और गिफ्टिंग डेस्टिनेशन शॉपर्स स्टॉप गिफ्ट्स ऑफ लव के साथ तोहफे देने की भावना को नया रंग दे रहा है। यह त्योहारी गिफ्टिंग का एक क्यूरेटेड कलेक्शन है जो उन तमाम रिश्तों का जश्न मनाता है, जिनसे यह मौसम सार्थक बनता है।शॉपर्स स्टॉप के कस्टमर केयर एसोसिएट और सीएमओ जितेन महेंद्र ने कहा दिवाली रिश्तों का त्योहार है और तोहफे देना प्यार और सराहना जताने के सबसे सार्थक तरीकों में से एक है। शॉपर्स स्टॉप में हमारा लक्ष्य एंगेजमेंट एक्सपीरियंस और एक्सक्लूसिविटी इन तीन स्तंभों के जरिए त्योहारी खरीदारी को महज लेनदेन से आगे ले जाना है। गिफ्ट्स ऑफ लव के जरिए हम बारीकी से क्यूरेट किए गए प्रीमियम ब्रांड्स पर्सनलाइज्ड गिफ्टिंग और यादगार अनुभवों को एक साथ ला रहे हैं। लक्स फेस्ट हमारी प्रीमियम पेशकश को और मजबूत करता है और ग्राहकों को कुछ अलग खोजने का मौका और एक्सक्लूसिव अनुभव देता है। हमारी कोशिश है कि शॉपर्स स्टॉप पारखी ग्राहकों की पहली पसंद बने जहां त्योहार पर की गई हर खरीदारी एक निजी और यादगार अनुभव बन जाए।

एमआईईटी में एचआर कॉन्क्लेव 1.0, छात्रों को दिए करियर के महत्वपूर्ण सुझाव

मेरठ। मेरठ इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (एमआईईटी) में शनिवार को एचआर कॉन्क्लेव 1.0 का आयोजन किया गया। इसकी थीम कॉलेज की पढ़ाई से नौकरी तक, युवाओं को भविष्य के लिए तैयार करना रही। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को कॉरपोरेट जगत की जरूरतों, रोजगार के अवसरों और करियर की तैयारी के बारे में जानकारी देना था।

कार्यक्रम में इंस्टा पावर लिमिटेड की हेड ऑफ ह्यूमन रिसोर्स पारुल जौहर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं। उन्होंने छात्र-छात्राओं को एआई फ्रेंडली रिज्यूमे बनाने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि कंपनियां अब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) की मदद से रिज्यूमे शॉर्टलिस्ट करती हैं। ऐसे में छात्रों को अपने रिज्यूमे में सही की-वर्ड्स का इस्तेमाल करना चाहिए, जिससे चयन की संभावनाएं बढ़ सकें।

केलर एशिया बीयू के मानस भट्टाचार्य ने कहा कि सफलता के लिए केवल प्रतिशत ही महत्वपूर्ण नहीं हैं, बल्कि कौशल और ज्ञान की भी अहम भूमिका है। उन्होंने विद्यार्थियों को अपनी स्किल्स विकसित करने पर विशेष ध्यान देने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम में वैलोरेगा की नेहा सेठी, सिंगर इंडिया लिमिटेड के अनुज कुमार भाटिया, एचआर सलाहकार हनीश दीवान, स्पिनी की मुस्कान जैन, प्रीसिएंट के विजय गिरी और मानस भट्टाचार्य ने अपने अनुभव साझा किए। विशेषज्ञों ने रोजगार की बदलती जरूरतों, व्यक्तित्व विकास, करियर निर्माण और शिक्षा व उद्योग के बीच बेहतर तालमेल पर चर्चा की।

कार्यक्रम का संचालन एसोसिएट डायरेक्टर (ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट) मोहन प्रसाद ने किया। एमआईईटी के कैंपस निदेशक डॉ. संजय कुमार सिंह ने कहा कि इस पहल का उद्देश्य विद्यार्थियों को भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करना और कॉरपोरेट क्षेत्र की अपेक्षाओं के अनुरूप उनके कौशल को विकसित करना है।

इस दौरान संस्थान के चेयरमैन विष्णु शरण, वाइस चेयरमैन गौरव अग्रवाल, बरखा अग्रवाल, कैंपस निदेशक डॉ. संजय कुमार सिंह, डॉ. प्रदीप पंत, रोहित अग्रवाल, मोहन प्रसाद और अजय चौधरी सहित अन्य शिक्षक एवं छात्र मौजूद रहे।

विकास भवन सभागार में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में संपन्न हुई व्यापार बंधु की बैठक

मेरठ। विकास भवन सभागार में जिलाधिकारी डा0 वी0के0 सिंह की अध्यक्षता में व्यापार बंधु की बैठक आहूत की गई। व्यापार बन्धु बैठक का संयोजन जितेन्द्र कुमार रमन, उपायुक्त (प्रशासन) राज्य कर, मेरठ द्वारा कराया गया। बैठक में व्यापार बन्धु से सम्बन्धित कुल 17 समस्याएं शामिल थी। लगभग 05 समस्याओं का निस्तारण व्यापारी हित में कराया गया तथा लम्बित समस्याओं के सम्बन्ध में नगर निगम के अधिकारियों एवं अन्य विभाग के अधिकारियों को समस्याओं के समाधान/निस्तारण के लिए निर्देशित किया गया। साथ ही उक्त बैठक में उ0 प्र0 सरकार की ओर से व्यापारी बन्धुओं के लिये दिनांक-16.10.2026 से 15.01.2027 तक समस्त बकाया जमा करने पर लागू ब्याज व अर्थदण्ड माफी योजना 2026 से अवगत कराया गया। उपस्थित व्यापारी आशीष चौधरी द्वारा बताया गया कि राज्य कर विभाग, मेरठ में उनका एक बकाया लम्बित है, जिसे वे ब्याज माफी योजना के अन्तर्गत जमा कर देंगे।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी, सहायक नगर आयुक्त एवं अधिशासी अभियन्ता, नगर निगम मेरठ, पुलिस अधीक्षक, यातायात, मेरठ, छावनी कार्यकारी अधिकारी, सी0ई0ओ0 मेरठ, कैण्ट मेरठ, ई0ई0-विद्युत विभाग, चीफ इन्जीनियर, पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम, मेरठ, अधिशासी अभियन्ता, आवास विकास परिषद् निर्माण खण्ड-5, मेरठ, सहायक परिवहन अधिकारी, मेरठ विभिन्न व्यापार बन्धु एवं व्यापार मण्डल के विभिन्न पदाधिकारी आदि उपस्थित रहें।

जिलाधिकारी ने किया आईटीआई साकेत में ईवीएम/वीवीपैट वेयर हाउस का मासिक निरीक्षण

मेरठ। जिलाधिकारी डा0 वी0के0 सिंह द्वारा आईटीआई साकेत में ईवीएम/वीवीपैट वेयर हाउस का मासिक निरीक्षण किया गया। वेयर हाउस में रखी गयी ईवीएम मशीनो का विधानसभावार सुरक्षित होने के दृष्टिगत जिलाधिकारी ने कंट्रोल रूम, सीसीटीवी कैमरे आदि व्यवस्थाओ का जायजा लिया व संबंधित अधिकारी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन विजय वर्धन तोमर, अपर जिलाधिकारी भूमि अध्यापति नवीन चन्द्र सहित निर्वाचन कार्यालय के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

वेंकटेश्वर ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस में नए छात्रों के स्वागत के लिए परिचय 2026 (फ्रेशर्स पार्टी) का आयोजन किया

मेरठ। दिल्ली रुड़की बाईपास स्थित वेंकटेश्वरा ग्रुप ऑफ़ इंस्टिट्यूशन में शनिवार को नए छात्रों के स्वागत के लिए परिचय 2026 फ्रेशर पार्टी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ ग्रुप डायरेक्टर डॉ. पंकज कुमार, डायरेक्टर (एकेडमिक्स) डॉ. राहुल शर्मा, डायरेक्टर (शिक्षा) डॉ. बी. सी. दुबे और प्रिंसिपल डॉ. नितिन राज वर्मा ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित करके किया।

कार्यक्रम में फार्मेसी डायरेक्टर डॉ. रतेंन्द्र कुमार, ब्रजपाल सिंह और श्रीमती मोना चौधरी ने जज की भूमिका निभाई।

छात्रों ने कई सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं, जिनमें सोलो और ग्रुप परफॉरमेंस शामिल थीं, जिन्होंने दर्शकों का खूब मनोरंजन किया। कार्यक्रम में रैंप वॉक और अन्य गतिविधियां भी हुईं, जिनके जरिए विभिन्न श्रेणियों में विजेताओं का चयन किया गया। रैंप वॉक में सभी फ्रेशर्स ने अच्छी सुंदर पोशाकों के साथ बहुत सुंदर सुंदर प्रस्तुति दी।

ग्रुप डायरेक्टर डॉ. पंकज कुमार ने वास्तविक जीवन में रचनात्मक सोच और टीम वर्क के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने छात्रों को ऐसे कार्यक्रमों में पूरे उत्साह के साथ भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया।

डायरेक्टर (एकेडमिक्स) डॉ. राहुल शर्मा ने छात्रों से कहा कि वे जो भी करें, उसमें अपना सर्वश्रेष्ठ दें, क्योंकि सफलता कड़ी मेहनत और लगन से ही मिलती है।

प्रिंसिपल डॉ. नितिन राज वर्मा ने विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं की घोषणा की और सभी प्रतिभागियों की सक्रिय भागीदारी की सराहना की।

क्ष्ट के वैभव को %मिस्टर ड्क्तद्ध% और शीतल को %मिस ड्क्तद्ध% का खिताब दिया गया। मैनेजमेंट के नमन सोम और फार्मेसी के शिवम को %मिस्टर फ्रेशर% चुना गया, जबकि मैनेजमेंट की भूमिका और फार्मेसी की खुशी ने %मिस फ्रेशर% का खिताब जीता।

क्क्क की इल्मा को %बेस्ट परफॉर्मर%, एजुकेशन विभाग की आस्था को %मिस गॉर्जियस% और क्क्क की वंशिका सागर को %फैशन आइकन% चुना गया। फार्मेसी के रचित ने सबसे रचनात्मक खिताब जीता।.

कार्यक्रम के अंत में, डायरेक्टर (शिक्षा) डॉ. बी. सी. दुबे ने धन्यवाद ज्ञापन (वोट ऑफ थैंक्स) दिया। उन्होंने कार्यक्रम को सफल बनाने में छात्रों और जजों की उत्साहपूर्ण भागीदारी की सराहना की। कार्यक्रम में सभी विभागों के प्रिंसिपल, एचओडी और सभी फैकल्टी मेंबर, मीडिया प्रभारी विश्वास राणा आदि उपस्थित रहें।

शहीद एक्सप्रेस के एसी कोच में लगी आग, हादसा टला

यात्रियों में मची अफरा तफरी, फायर ब्रिगेड ने मौके पर पहुंच कर बुझाई आग

शहीद एक्सप्रेस के एसी स्लीपर कोच एस 6 में लगी आग

आज समाचार सेवा

नगीना। अमृतसर से जयनगर जा रही शहीद एक्सप्रेस के स्लीपर कोच में शुक्रवार की रात करीब 10.30 बजे अचानक आग गई। नगीना रेलवे स्टेशन से पहले कोतवाली रेलवे फाटक के पास ट्रेन के कोच से धुआं उठता देख यात्रियों ने चेन पुलिंग कर ट्रेन रोक दी। सूचना पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने करीब आधे घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।इस दौरान एस-6 कोच को पूरी तरह खाली करा लिया गया। कोच में 80 सवारियां थी। ट्रेन रुकने से पहले ही कोच से कूदने की वजह से एक यात्री चोटिल हो गया। मोबाइल चार्जिंग पॉइंट में शॉर्ट सर्किट के कारण चिंगारी निकलने से आग लगने की आशंका जताई जा रही है। यात्रियों ने दावा किया कि देखते ही देखते धुआं पूरे कोच में फैल गया। कोच में लगे अग्निशमन उपकरण नहीं चलने से आग बुझाने में परेशानी हुई। सूचना मिलने पर दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। इस दौरान ट्रेन कोतवाली बिजनौर रेलवे फाटक पर ही खड़ी रही। आशंका जताई जा रही है कि कोच में लगे चार्जिंग पॉइंट से चिंगारी निकलने से आग लगी। हालांकि, आग लगने के वास्तविक कारणों की पुष्टि जांच के बाद ही हो सकेगी।रात 11.50 बजे ट्रेन को मुरादाबाद के लिए रवाना कर दिया गया। सीओ नगीना राजेश सिंह सोलंकी ने बताया कि सही समय पर दमकल विभाग की टीम ने मौके पर पहुंच कर आग पर काबू पा लिया।

बरेली-मुरादाबाद खंड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के लिए मतदान प्रक्रिया शांतिपूर्ण माहौल में सम्पन्न हुई

आज समाचार सेवा

नहटौर। बरेली-मुरादाबाद खंड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के लिए मतदान प्रक्रिया शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुई। विकासखंड कार्यालय परिसर में बनाए गए मतदान केंद्र पर सुबह से ही शिक्षक मतदाताओं में भारी उत्साह देखने को मिला। सायं 4 बजे तक 80.88 प्रतिशत मतदान हुआ। शुक्रवार को निर्धारित समय सुबह 8रू00 बजे से ही मतदाताओं का केंद्र पर पहुंचना शुरू हो गया था। शुरूआत में मतदान केंद्र पर सुस्त गति रही, लेकिन सायं 4 बजे तक पंजीकृत कुल 455 मतदाताओं में से 368 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। मतदान प्रक्रिया समाप्त होने के बाद पीठासीन अधिकारी शिव कुमार ने जानकारी दी कि केंद्र पर कुल 455 मतदाताओं में से 368 मतदाताओं ने अपने वोट डाले, जिसमें 225 पुरुष और 143 महिला मतदाताओं ने भागीदारी की। घ्सुरक्षा और निष्पक्षता की दृष्टि से मतदान केंद्र पर प्रशासनिक अमला पूरी तरह मुस्तैद रहा। मौके पर न्यायिक मजिस्ट्रेट व डिप्टी कलेक्टर विवेक कुमार, नहटौर परगना के लेखपाल ब्रह्म सिंह रवि और थानाध्यक्ष वीरेंद्र कुमार पुलिस बल के साथ तैनात रहे। पीठासीन अधिकारी शिव कुमार के नेतृत्व में पोलिंग टीम के सदस्यों संजीव मिश्रा, दानिश और राजीव ने चुनावी प्रक्रिया को सुचारू रूप से संपन्न कराया। प्रशासन और पुलिस की सतर्कता के चलते पूरी मतदान प्रक्रिया बिना किसी बाधा के शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो गई।

विशेष कैंप का निरीक्षण कर जिलाधिकारी ने युवा मतदाताओं को मताधिकार के प्रति किया जागरूक

निर्वाचक नामावली में छूटे हुए एवं प्रथम बार मतदान के पात्र युवाओं के नाम जोड़ने के लिए आयोजित किए गए विशेष कैंप

आज समाचार सेवा

बिजनौर। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के क्रम में निर्वाचक नामावली में पंजीकरण से छूटे हुए तथा प्रथम बार मतदान के पात्र युवा मतदाताओं के नाम सम्मिलित किए जाने के उद्देश्य से शनिवार को विशेष कैंप आयोजित किए गए।

जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी उमेश प्रताप सिंह ने विभिन्न शिक्षण संस्थानों में आयोजित विशेष कैंपों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा युवाओं को मतदाता के रूप में पंजीकरण कराने और अपना ईपीआईसी कार्ड बनवाने के लिए प्रेरित किया।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान के अंतर्गत निर्वाचक नामावली में पंजीकरण से छूटे हुए तथा 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके ऐसे युवा, जिनका नाम अभी तक मतदाता सूची में शामिल नहीं है, उनके नाम निर्वाचक नामावली में सम्मिलित कराने के लिए दिनांक 24 अक्टूबर 2026 (शनिवार) को विशेष कैंप आयोजित किए गए। जिला निर्वाचन अधिकारी ने वर्धमान डिग्री कॉलेज, आर्य वैदिक इंटर कॉलेज, डीएवी इंटर कॉलेज व राजकीय इंटर कॉलेज में संचालित विशेष कैंपों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को भारत निर्वाचन आयोग की मंशा के अनुरूप सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने तथा पात्र युवाओं का नाम निर्वाचक नामावली में सम्मिलित कराने के लिए निर्धारित प्रक्रिया का प्रभावी ढंग से पालन करने के निर्देश दिए। उन्होंने कैंप में प्राप्त फॉर्म-6 का अवलोकन कर पंजीकरण संबंधी कार्यों की जानकारी भी प्राप्त की। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने नए युवा मतदाताओं से संवाद स्थापित करते हुए उन्हें लोकतंत्र में मतदान के महत्व से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए प्रत्येक पात्र नागरिक का निर्वाचक नामावली में पंजीकरण और निर्वाचन प्रक्रिया में सहभागिता आवश्यक है। युवाओं को आगे आकर अपना नाम मतदाता सूची में दर्ज कराना चाहिए तथा निर्वाचन के दौरान अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करना चाहिए। उन्होंने कहा कि निर्वाचन लोकतंत्र की स्वस्थ परंपरा है और मतदान प्रत्येक नागरिक का महत्वपूर्ण अधिकार होने के साथ-साथ उसकी जिम्मेदारी भी है। युवा मतदाताओं की सक्रिय भागीदारी से लोकतांत्रिक व्यवस्था को और अधिक सशक्त बनाया जा सकता है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि पंजीकरण से वंचित पात्र युवाओं को जागरूक करते हुए उनका नाम मतदाता सूची में शामिल कराने की प्रक्रिया को सुचारु रूप से संपन्न कराया जाए। इस अवसर पर संबंधित विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

शनि देव मंदिर पर भंडारे का आयोजन, बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे

आज समाचार सेवा

नजीबाबाद। मौहल्ला मकबरा स्थित शनि देव मंदिर पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। शनि मंदिर पर पिछले वर्ष मूर्ति की स्थापना की गई थी, जिसकी प्रथम वर्षगांठ के अवसर पर यह भंडारा आयोजित किया गया है। भंडारे का शुभारंभ पंड़ित चेतन शर्मा व पड़ित राजेश शर्मा ने पूजन-अर्चना व हवन के साथ किया गया।

उसके उपरांत शनि देव की विशेष पूजा की गई तथा सुख-समृद्धि व क्षेत्र की खुशहाली के लिए प्रार्थना की गई। इसके बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें सैकेड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर धर्मलाभ कमाया। भंडारे में आने वाले सभी श्रद्धालुओं के लिए बैठने व प्रसाद की समुचित व्यवस्था की गई थी। मंदिर समिति के सदस्यों ने बताया कि पिछले वर्ष शनि देव की मूर्ति की स्थापना की गई थी। तभी से यहां हर शनिवार को विशेष पूजा होती है। समिति ने कहा कि आगे भी धार्मिक आयोजनों का क्रम जारी रहेगा। इस अवसर पर वेदप्रकाश आर्य, संजीव राजपूत, आशीष राजपूत, पवन राजपूत, डा. धर्मेन्द्र राजपूत, सतेन्द्र सिंह, चैधरी नरेन्द्र सिंह, विनय राजपूत, हिमांशु राजपूत, बिटटू, आशीष एडवोकेट, अंकित राजपूत, परविंदर, हरेन्द्र राजपूत, प्रदीप राजपूत, अतुल राजपूत, प्रमोद शर्मा, अर्जुन राजपूत, भीम सिंह एडवोकेट, प्रशांत राजपूत, राजकुमार, मुनेश राजपूत सहित मंदिर समिति के सभी सदस्य व काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

22 नवम्बर को होने वाले कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार हुई

आज समाचार सेवा

बिजनौर। सह-प्रमुख संयोजक अनिल गंभीर के सौजन्य से नागरिक अधिकार एवं विकास समिति, बिजनौर के वार्षिकोउत्सव एवं मेधावी छात्र सम्मान समारोह संयोजक समिति की सभा प्रमुख संयोजक पियूष कुमार की अध्यक्षता एवं सचिव नवदीप सिंह के संचालन में इम्प्रैशन रेस्टॉरेंट में संपन्न हुई और समारोह को भव्यता से करने हेतु रूपरेखा तैयार की गई. समिति के अध्यक्ष प्रशांत कुमार गोयल ने सभा को सम्बोधित करते हुए अवगत कराया कि ये समारोह दिनांक 22 नवम्बर 2026 को होना सुनिश्चित किया गया। बिजनौर शहर के लगभग 25 कॉलेज के सर्वोच्च अंक प्राप्त करता छात्र- छात्राओं को इस समारोह में सम्मानित किया जायेगा। इस अवसर पर मुख्य एवं विशिष्ठ अथिति बेंगलुरु से वैज्ञानिक एवं उत्तरप्रदेश कैडर से आईएएस अधिकारी पधार रहे हैं। सभी सदस्यों से समारोह को सफल बनाने हेतु तन मन धन से सहयोग करने का अहावन किया गया। सभी उपस्थित सदस्यों ने पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। सभा में सर्वश्री एस0 के0 बबली, एड0, फारूक बिजनौरी, विवेक गुप्ता, एड0, सुरेन्द्र कपूर, कमाल सफदर, एड0, भूदेव सिंह गौतम, एड0, गणेश ठाकुर, राजवीर सिंह,एड0 कोषाध्यक्ष,देवेंद्र पाल सिंह, एड0, नवनीत अग्रवाल, विशाल अग्रवाल, एड0, अखिल अग्रवाल,श्रीमती सविता सिंह, एड0, संजीव राजन, अतुल विक्रम सिंह, एड0, हरदीप चैधरी, एड0, सुरेश चंद्रा,गणेश ठाकुर आदि उपस्थित रहे।

वाल्मीकि बस्ती में महर्षि वाल्मीकि प्रकट दिवस के अवसर से पूर्व वाल्मीकि बस्ती में विशेष सफाई अभियान चलाया गया

आज समाचार सेवा

नजीबाबाद। मौहल्ला मकबरा वाल्मीकि बस्ती में महर्षि वाल्मीकि प्रकट दिवस के अवसर से पूर्व वाल्मीकि बस्ती में विशेष सफाई अभियान चलाया गया। शुक्रवार को मौहल्ला मकबरा स्थित वाल्मीकि बस्ती में नगर पालिका अधिशासी अधिकारी मुक्ता कुमारी व सफाई एवं खाद्य निरीक्षक आदेश कुमार सैनी के दिशा निर्देश में विशेष सफाई अभियान चलाया गया। सफाई नायक शकुंतला देवी की देखरेख में सफाईकर्मियों ने नालों, नालियों व सड़कों की साफ सफाई की। इस दौरान सफाई नायक शकुंतला देवी ने मौहल्ले वासियों को सफाई के प्रति जागरूक करते हुए कहा कि कूडाघ्कूड़ा-गाड़ी आने पर ही डाले, अपने घरों के आस पास साफ सफाई का विशेष ध्यान रखे। जिससें होने वाली गंभीर बीमारियों व संक्रमण से बचा जा सके।

नगर पालिका परिषद के कर्मचारी का बीमारी के चलते हुआ निधन, शोक की लहर दौड़ी

नहटौर। नगर के मोहल्ला मौलवियान छत्ता निवासी सभासद महफूज उर्फ गुड्डू के छोटे भाई और नगर पालिका परिषद के कर्मचारी अकरम इब्राहिम (33 वर्ष) का बीमारी के चलते इंतकाल हो गया। उनके निधन से पूरे नगर में शोक की लहर दौड़ गई। परिजनों के मुताबिक, अकरम इब्राहिम पिछले काफी समय से बीमार चल रहे थे। वह अपने मिलनसार और हंसमुख स्वभाव के कारण नगर में बेहद लोकप्रिय थे। उनके आकस्मिक निधन की खबर मिलते ही मोहल्ले और नगर में शोक छा गया। शुक्रवार को बाद नमाज मगरिब गमगीन माहौल के बीच उन्हें कदीमी कब्रिस्तान में सुपुर्द-ए-खाक किया गया। उनके जनाजे की नमाज में चेयरपर्सन पति जैद रशीद, पूर्व चेयरपर्सन पुत्र राजा अंसारी, समाजसेवी आमिर खान, सभासद विशाल हाशमी, जाहिद अहमद, नबील अहमद, शमशीर पोंटिंग, शेख आलम, मोबिन अहमद, फैजान, शादाब अहमद, उमैर अख्तर, शादाब सिद्दीकी, इकबाल सिद्दीकी, डॉ. परवेज, डॉ. खलील, डॉ. दानिश, ईशान, शबाहत, फरमान अहमद, सलीम अहमद, शाहजेब आलम, मुहम्मद नाजिम, जावेद जाट सहित तमाम राजनीतिज्ञों, समाजसेवियों, नगर पालिका कर्मचारियों और भारी संख्या में स्थानीय लोगों ने शिरकत कर उनकी मगफिरत की दुआ मांगी और शोकाकुल परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की।

दो बाइकों में आमने-सामने टक्कर हुई, एक युवक की मौत दूसरा गंभीर रूप से घायल हुआ

आज समाचार सेवा

नजीबाबाद। बुंदकी मार्ग पर दो बाइकों में आमने-सामने टक्कर हो गई। हादसे में बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना से परिजनों में कोहराम मच गया। ग्राम सिकंदरपुर बसी निवासी जयप्रकाश का 20 वर्षीय पुत्र लक्की बाइक से नजीबाबाद से गांव सिकंदरपुर बसी जा रहा था। नजीबाबाद-बुंदकी मार्ग पर दो बाइक आमने-सामने टकरा गई। गंभीर रूप से घायल लक्की को प्राइवेट नर्सिंग होम में उपचार के लिए लाया गया, जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर थाना प्रभारी अमित कुमार ने अस्पताल पहुंचे। पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए कब्जे में ले लिया। दूसरे घायल को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया।

गांव खुशहालपुर मड़का में एक बार फिर गुलदार देखे जाने से ग्रामीणों में दहशत का माहौल

नजीबाबाद। ग्राम पंचायत जालबपुर गूदड़ की पंचायत के गांव खुशहालपुर मड़का में एक बार फिर गुलदार देखे जाने से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। शुक्रवार को तड़के गांव के पास एक जानवर के अवशेष मिलने के बाद ग्रामीणों में भय और बढ़ गया है। सुरेंद्र सिंह, जितेंद्र सिंह, दीपक कुमार, अनिल चैधरी, लोकमणि आदि ग्रामीणों ने बताया कि गुलदार कई दिनों से गांव के आसपास देखा जा रहा था। सुबह गांव के पास शिकार किए गए जानवर के अवशेष मिले हैं। बताया कि करीब दो माह पहले गुलदार ने गांव के आठ वर्षीय बालक नक्श को निवाला बनाया था। इसके बाद वन विभाग ने पिंजरा लगाकर गुलदार को पकड़ने का प्रयास किया था, लेकिन वह पकड़ में नहीं आया। सामाजिक वानिकी के डिप्टी रेंजर हरगोविंद ने बताया कि टीम भेजकर जांच कराई जाएगी।

डीआरएम ने नगीना रेलवे स्टेशन का किया निरीक्षण

आज समाचार सेवा

नगीना। अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत रेलवे स्टेशन के सुंदरीकरण के हुए कार्य का निरीक्षण करने डीआरएम विनीता श्रीवास्तव शुक्रवार दोपहर नगीना रेलवे स्टेशन पहुंची।उन्होंने रेलवे अधिकारियों के साथ नगीना रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया। उन्होंने स्टेशन परिसर में कराए गए कार्यों को बारीकी से परखा और मौके पर मिली खामियों को तत्काल दूर करने के निर्देश दिए। इस दौरान पूर्व विधायक सतीश कुमार गौतम के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने डीआरएम से मुलाकात कर स्टेशन से जुड़ी विभिन्न समस्याओं को उठाते हुए उनके समाधान की मांग की।

पूर्व विधायक सतीश गौतम ने कहा कि नगीना रेलवे स्टेशन पर प्लेटफार्म नंबर दो और तीन की लंबाई बढ़ाने की मांग लंबे समय से की जा रही है। इसके बावजूद अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत सुंदरीकरण के दौरान भी प्लेटफार्म की लंबाई नहीं बढ़ाई गई। इससे यात्रियों को असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने प्लेटफार्म नंबर एक और दो पर अधूरे टीन शेड तथा प्लेटफार्म नंबर एक पर क्षतिग्रस्त टीन शेड की समस्या भी डीआरएम के सामने रखी। इस पर डीआरएम ने संबंधित अधिकारियों को खामियां दूर करने के निर्देश दिए।प्रतिनिधिमंडल ने रेलवे स्टेशन पर जीआरपी पुलिस चैकी स्थापित करने, पेयजल की समुचित व्यवस्था करने और शौचालयों की स्थिति में सुधार कराने की मांग की। इसके साथ ही नगीना स्टेशन पर प्रमुख ट्रेनों का ठहराव सुनिश्चित कराने का मुद्दा भी उठाया गया, ताकि क्षेत्र के यात्रियों को आवागमन में सुविधा मिल सके।पूर्व विधायक ने कालाखेड़ी रेलवे फाटक पर निमार्णाधीन अंडरपास की धीमी गति का मामला भी उठाते हुए कार्य में तेजी लाने की आवश्यकता बताई। डीआरएम ने प्रतिनिधिमंडल को समस्याओं के समाधान का भरोसा दिलाया।इस मौके पर व्यापारी नेता अब्दुल कय्यूम राईन ,रोहित कुमार रवि,सुगम चंद सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

खामियां दूर करने के दिए निर्देश

सात दिवसीय श्रीमदभागवत कथा के दूसरे दिन श्रृद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा

आज समाचार सेवा

नहटौर। क्षेत्र के ग्राम सदरुद्दीन नगर में चल रही सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के दूसरे दिन श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। कथा व्यास पंडित आरती किशोरी ने अपनी मधुर वाणी से कथा का रसपान कराते हुए भगवान की महिमा का सुंदर वर्णन किया, जिससे पूरा कथा स्थल भक्तिमय रंगों में सराबोर हो गया। द्वितीय दिवस की कथा का शुभारंभ मुख्य यजमान संजय सैनी एवं उनकी पत्नी सरोज देवी ने विधिवत पूजा-अर्चना और व्यास पीठ का पूजन कर-के किया। कथा व्यास ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि श्रीमद्भागवत कथा का श्रवण मनुष्य के जीवन के समस्त विकारों और दुखों को दूर कर देता है। कलयुग में भगवान का नाम स्मरण और कथा श्रवण ही भवसागर से पार लगाने का एकमात्र साधन है। मनुष्य को अपने व्यस्त जीवन से कुछ समय निकालकर धर्म और अध्यात्म के मार्ग पर चलना चाहिए, क्योंकि सत्संग से ही सद्बुद्धि और शांति की प्राप्ति होती है। घ्कथा व्यास पंडित आरती किशोरी ने श्रद्धालुओं को धर्म, भक्ति और सद्कर्म का महत्व बताते हुए कहा कि कथा के प्रसंग जीवन को सही दिशा देने वाले संदेश देते हैं। मनुष्य को अहंकार और द्वेष का त्याग कर प्रेम, सद्भाव और सेवा की भावना अपनानी चाहिए। सच्ची भक्ति केवल पूजा-पाठ तक सीमित नहीं है, बल्कि इसका प्रभाव मनुष्य के व्यवहार में भी दिखाई देना चाहिए। दूसरों की सहायता करना और अपने कर्तव्यों का पालन करना भी अच्छे जीवन का हिस्सा है। कथा के दौरान जब मधुर भजन प्रस्तुत किए गए, तो पंडाल में मौजूद श्रद्धालु भावविभोर होकर झूम उठे। कथा के अंत में महाआरती के उपरांत सभी श्रद्धालुओं को प्रसाद का वितरण किया गया। घ्इस धार्मिक आयोजन के दौरान टिंकू सैनी, धर्मेन्द्र चैधरी, अजय गुप्ता, कुन्ती सैनी, जॉनी चैधरी, कुलदीप चैधरी, राजा चैधरी, लक्ष्मण सैनी, संजय सैनी, मोहित चैधरी, राजेश चैधरी, नरेश प्रधान, छोटू चैधरी, मुंकुश सैनी, संदीप चैधरी, देवेन्द्र सैनी, पवन सैनी, अंकित चैधरी, विपिन चैधरी, राहुल चैधरी, सुनील चैधरी, शिवम चैधरी, अंकित सैनी, हरिसिंह सैनी, आशु चैधरी, विक्रम सैनी सहित क्षेत्र के तमाम गणमान्य लोग एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

फिल्मी स्टाइल में लड़की को उठाया, मचा अपहरण का शोर, सच जान लोग रह गए हक्के-बक्के

आज समाचार सेवा

बिजनौर। रोडवेज स्टैंड से इनोवा कार सवार कुछ लोगों द्वारा लड़की को फिल्मी स्टाइल में उठा लिया गया। कुछ देर बाद गाड़ी को नूरपुर रोड की ओर दौड़ा दिया। वहां खड़े कुछ युवकों ने कार का पीछा किया और कोतवाली पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने कार को रोका लिया। जांच में पता चला कि सभी जयपुर के पुलिस कर्मी थे और चोरी के मामले में लड़की को उठाया था। जांच के बाद टीम लड़की को लेकर चली गई।

एक इनोवा कार अचानक रोडवेज स्टैंड के बाहर आकर रुकी। इसमें चार से पांच लोग सवार थे, उनमें एक महिला भी थी। सभी लोग अलग-अलग जगह खड़े हुए और महिला इधर-उधर टहलने लगी। कुछ देर बाद महिला ने स्टैंड पर एक चाय के ठेले के पास बैठी लड़की की ओर इशारा किया। तभी कार तेजी के साथ स्टैंड में पहुंची और लड़की को उसमें बैठा लिया। फिर तेजी के साथ अन्य लोग भी उसमें बैठ गए। यह नजारा वहां खड़े कुछ युवक देख रहे थे। इनोवा पहले चैधरी चरण सिंह चैक पर धीमी हुई और फिर नूरपुर रोड की ओर चली गई। इसी बीच यह सब देख रहे युवकों ने इनोवा कार का पीछा करते हुए कोतवाली पुलिस को लड़के के अपहरण की सूचना दे दी। बाइक व गाड़ी में सवार होकर कोतवाली की पुलिस नूरपुर रोड पर पहुंची और इनोवा को रोक लिया। जांच पड़ताल की तो इनोवा सवार सभी लोग जयपुर पुलिस कर्मी थे। पुलिस सभी को कोतवाली लेकर पहुंची। क्राइम इंस्पेक्टर दिनेश यादव ने बताया कि जांच में पता चला कि इनोवा सवार सभी जयपुर के एमएसएस अस्पताल थाने की पुलिस टीम थी। सभी के पास आईडी भी थी। एसआई सूरजमल के नेतृत्व में वह यहां पहुंचे थे। बताया कि जयपुर में बड़ी चोरी हुई थी, जिसमें मुरादाबाद के उमरी क्षेत्र की एक लड़की का नाम सामने आया था।

सेक्टर-126 में भीषण आग से मचा हड़कंप, 5-6 दुकानें चपेट में

नोएडा के सेक्टर-125 स्थित कृष्णा फूड प्वाइंट में शनिवार दोपहर भीषण आग लग गई। लपटें आसपास की कई खाने-पीने की दुकानों तक पहुंचीं और सिलेंडर फटने की आवाज से इलाके में अफरा-तफरी मच गई।

आज समाचार सेवा

नोएडा। सेक्टर-125 स्थित कृष्णा फूड प्वाइंट में शनिवार दोपहर लगी भीषण आग ने आसपास के इलाके को दहला दिया। आग इतनी तेजी से फैली कि पास की खाने-पीने की कई दुकानें भी इसकी चपेट में आ गईं। कुछ ही देर में मौके पर धुएं का घना गुबार छा गया और लोगों में भगदड़ जैसी स्थिति बन गई। स्थानीय लोगों के मुताबिक, आग के बीच गैस सिलेंडर फटने की कई तेज आवाजें सुनाई दीं। सूचना मिलते ही सेक्टर-126 थाना पुलिस और दमकल विभाग की टीमें मौके पर पहुंचीं। शुरुआती जानकारी में करीब पांच दुकानों के प्रभावित होने की बात सामने आई है। फिलहाल आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है, लेकिन अधिकारियों ने इसकी अंतिम पुष्टि नहीं की है।

जानकारी के अनुसार , आग की शुरुआत कृष्णा फूड प्वाइंट से हुई। यह स्थान सेक्टर-126 थाना क्षेत्र में आता है और सेक्टर-125 में स्थित है। दोपहर के समय होटल और आसपास की दुकानों पर गतिविधि बनी हुई थी, तभी अचानक धुआं उठता दिखाई दिया। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया। लपटें पास की चाय-नाश्ते और अन्य खाद्य दुकानों तक पहुंच गईं। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि आग बढ़ने के साथ दो से लेकर कई सिलेंडर फटने जैसी आवाजें सुनाई दीं, जिससे लोग सुरक्षित दूरी की ओर भागने लगे। दमकलकर्मियों ने मौके पर पहुंचकर मोर्चा संभाला और आग को आगे फैलने से रोकने का प्रयास किया। पुलिस ने भीड़ को हटाकर राहत कार्य के लिए रास्ता साफ कराया। शुरुआती रिपोर्टों में किसी जनहानि की पुष्टि नहीं हुई है।

दमकल विभाग की करीब दस गाड़ियां आग बुझाने के अभियान में लगाई गईं। आग की तीव्रता और दुकानों में रखे ज्वलनशील सामान के कारण राहत दल को सावधानी के साथ काम करना पड़ा। मुख्य अग्निशमन अधिकारी प्रदीप कुमार चौबे के अनुसार, सूचना पांच दुकानों में आग लगने की मिली थी और टीमें तत्काल रवाना कर दी गई थीं। अधिकारियों ने बताया कि आग के कारण का पता जांच के बाद ही साफ होगा। शुरुआती तौर पर विद्युत शॉर्ट सर्किट की आशंका जताई जा रही है। दुकानों में एलपीजी सिलेंडर और खाना पकाने का सामान मौजूद होने के कारण आग तेजी से फैलने की संभावना बताई गई है। सिलेंडर विस्फोट की सूचना की भी जांच की जा रही है। नुकसान का पूरा आकलन आग पूरी तरह शांत होने और स्थल का निरीक्षण पूरा होने के बाद किया जाएगा।

घटना के बाद पुलिस ने आसपास के लोगों और दुकानदारों को मौके से दूर किया, ताकि दमकलकर्मियों को काम करने में परेशानी न हो। धुएं के कारण कुछ समय तक आसपास के मार्गों पर भी दबाव बना रहा। स्थानीय लोगों ने बताया कि विस्फोट जैसी आवाजों के बाद दहशत बढ़ गई थी और कई दुकानदार अपना सामान छोड़कर बाहर निकल आए। जानकारी के अनुसार अभी तक किसी व्यक्ति के घायल होने या मौत की आधिकारिक सूचना नहीं थी। हालांकि, पुलिस और प्रशासन ने एहतियात के तौर पर पूरे क्षेत्र की निगरानी बढ़ा दी। आग बुझने के बाद विद्युत वायरिंग, गैस कनेक्शन और सिलेंडरों की स्थिति की जांच की जाएगी। अधिकारियों का कहना है कि जांच के आधार पर आग की असली वजह और संपत्ति के नुकसान का स्पष्ट विवरण सामने आएगा।

महिला सुरक्षा और अपराधों की रोकथाम पर चर्चा

नोएडा। सेक्टर-61 में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने और अपराधों की रोकथाम के लिए पुलिस ने आरडब्ल्यूए पदाधिकारियों के साथ बैठक की। थाना सेक्टर-58 क्षेत्र में आयोजित गोष्ठी में महिला सुरक्षा, आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने और पुलिस व आम लोगों के बीच बेहतर तालमेल बनाने पर चर्चा हुई। पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह के निर्देशन में हुई बैठक में एसीपी-2 नोएडा मयंक तिवारी ने स्थानीय सुरक्षा समस्याओं और उनके समाधान पर विचार-विमर्श किया। पुलिस अधिकारियों ने लोगों से किरायेदारों, घरेलू सहायकों और सुरक्षा कर्मियों का पुलिस सत्यापन कराने की अपील की। इससे संदिग्ध व्यक्तियों की पहचान करने और संभावित अपराधों को रोकने में मदद मिलेगी।साथ ही, किसी संदिग्ध व्यक्ति या गतिविधि की जानकारी तत्काल पुलिस को देने के लिए कहा गया। बैठक के बाद एसीपी-2 ने पुलिसकर्मियों के साथ क्षेत्र में पैदल गश्त कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने पीआरवी और पीसीआर वाहनों को लगातार क्षेत्र में भ्रमणशील रहने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्थानीय लोगों के सहयोग से सुरक्षा व्यवस्था बेहतर बनाने और अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाने का प्रयास किया जा रहा है।

पूर्व वायुसेना कर्मी से 10 लाख की ठगी

आरोपियों ने उन्हें अधिक मुनाफा मिलने का भरोसा दिलाया। इसके बाद 18 अक्तूबर तक उनसे छह लाख रुपये अलग-अलग खातों में ट्रांसफर करा लिए।

आज समाचार सेवा

नोएडा। साइबर अपराधियों ने शेयर बाजार में निवेश कर रकम दोगुनी करने का झांसा देकर सेवानिवृत्त वायुसेना कर्मचारी से 10 लाख रुपये ठग लिए। पीड़ित ने साइबर क्राइम थाने में शिकायत दर्ज कराई है। सेक्टर-21 निवासी शशिकांत एयरफोर्स से सेवानिवृत्त हैं। उनकी शिकायत के मुताबिक एक व्यक्ति ने दो अक्टूबर को शेयर बाजार का विशेषज्ञ बनकर वाट्सऐप पर संपर्क किया।

आरोपी ने शेयर में निवेश करने पर रकम दोगुनी होने का दावा किया। इसके बाद एक वेबसाइट पर उनका पंजीकरण कराया। शुरुआत में उनसे छोटी-छोटी रकम निवेश कराई गई। खाते में मुनाफा दिखने और कुछ रकम बैंक खाते में वापस आने से उन्हें आरोपी पर भरोसा हो गया। इसके बाद उसने अलग-अलग बैंक खातों में उनसे करीब 10 लाख रुपये ट्रांसफर करा लिए।

कुछ समय बाद शशिकांत को रुपये की जरूरत पड़ी तो उन्होंने निवेश की रकम निकालने की कोशिश की। इस पर आरोपी ने टैक्स के नाम पर अतिरिक्त रकम जमा कराने को कहा। रुपये न देने पर खाता फ्रीज करने की चेतावनी भी दी। शशिकांत ने अतिरिक्त रकम देने से इनकार किया तो आरोपी ने उनसे बातचीत बंद कर दी।जालसाजों ने ग्रेटर नोएडा निवासी प्रशांत को शेयर बाजार में निवेश के नाम पर अपने जाल में फंसाया। आरोपियों ने उन्हें अधिक मुनाफा मिलने का भरोसा दिलाया। इसके बाद 18 अक्तूबर तक उनसे छह लाख रुपये अलग-अलग खातों में ट्रांसफर करा लिए। जब प्रशांत ने मुनाफे समेत अपनी रकम निकालने का प्रयास किया तो आरोपियों ने जवाब देना बंद कर दिया। उन्होंने राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल (एनसीआरपी) पर शिकायत करने के साथ साइबर क्राइम थाने में भी संपर्क किया। साइबर क्राइम थाना प्रभारी ने बताया कि शिकायतों के आधार पर मामले दर्ज कर लिए गए हैं। ठगी में इस्तेमाल किए गए बैंक खातों की जानकारी जुटाई जा रही है। पुलिस ने लोगों से अनजान व्यक्तियों के कहने पर निवेश नहीं करने और किसी भी तरह की एपीके फाइल डाउनलोड करने से बचने की अपील की है।

शेयर बाजार में निवेश करने से पहले संबंधित कंपनी, ब्रोकर और निवेश प्लेटफॉर्म की जांच करें। वाट्सएप या टेलीग्राम पर मिलने वाले ऐसे समूहों से सावधान रहें, जहां निश्चित या दोगुना मुनाफा देने का दावा किया जाता है। शुरुआत में छोटी रकम लौटाकर भरोसा जीतना भी ठगी का तरीका हो सकता है। निवेश की रकम निकालने के लिए टैक्स, फीस या अन्य शुल्क के नाम पर निजी बैंक खाते में पैसे मांगे जाएं तो सतर्क हो जाएं। अनजान लिंक पर क्लिक न करें और एपीके फाइल डाउनलोड न करें। ठगी होने पर तुरंत बैंक को सूचना दें और 1930 साइबर हेल्पलाइन या cybercrime.gov.in पर शिकायत दर्ज कराएं।

घर का ताला तोड़कर नकदी और गहने चुराए

ग्रेटर नोएडा। सेक्टर डेल्टा-2 में बदमाशों ने बंद घर का ताला तोड़कर नकदी और गहने चोरी कर लिए। परिवार के लोग किसी काम से बाहर गए थे। इसी दौरान वारदात हुई। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सूरजपुर कोतवाली पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक सेक्टर डेल्टा-2 में डॉ. सीपी शर्मा परिवार के साथ रहते हैं। वह 16 सितंबर को घर पर ताला लगाकर परिवार के साथ बाहर गए थे। करीब एक महीने बाद 19 अक्तूबर को वापस लौटे तो ताला टूटा मिला। अलमारी में रखे 15 हजार रुपये और सोने-चांदी गहने गायब मिले।

पार्कों की बदहाली दूर कराने की मांग

आज समाचार सेवा

ग्रेटर नोएडा। सेक्टर एक्सयू-3 के सी ब्लॉक स्थित पार्कों की बदहाल स्थिति को लेकर आरडब्ल्यूए ने ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण से मरम्मत और सौंदर्यीकरण कराने की मांग की है। आरडब्ल्यूए अध्यक्ष देवेंद्र भाटी ने प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी एनजी रवि कुमार को पत्र लिखकर पार्कों में टूटी जालियों, गड्ढों, जर्जर हट और बिखरे मलबे की समस्या से अवगत कराया है। उन्होंने दीपावली से पहले सभी समस्याओं का समाधान कराने की मांग की है। आरडब्ल्यूए अध्यक्ष देवेंद्र भाटी ने बताया कि पार्कों में कई जगह सुरक्षा के लिए लगाई गई जालियां टूट चुकी हैं। वहीं, जगह-जगह गड्ढे होने से बच्चों के खेलने और बुजुर्गों के टहलने के दौरान चोटिल होने का खतरा बना हुआ है।पार्कों में बने हट भी जर्जर हालत में हैं। उनके फर्श टूट चुके हैं, जिससे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इसके अलावा, टूटी दीवारों की मरम्मत के बाद बचा मलबा भी पार्कों से नहीं हटाया गया है। इससे पार्कों की साफ-सफाई और सुंदरता प्रभावित हो रही है। देवेंद्र भाटी ने पत्र में पार्कों की चारदीवारी, बेंच और हट की रंगाई-पुताई कराने की मांग भी उठाई है। उनका कहना है कि पार्क सेक्टर के निवासियों और बच्चों के लिए महत्वपूर्ण सार्वजनिक स्थल हैं। ऐसे में इनकी नियमित देखरेख और समय पर मरम्मत जरूरी है। आरडब्ल्यूए ने प्राधिकरण से संबंधित अधिकारियों को निर्देश देकर सभी समस्याओं का जल्द निस्तारण कराने की अपील की है, ताकि त्योहार से पहले पार्कों को सुरक्षित और साफ-सुथरा बनाया जा सके।

ग्रेटर नोएडा वेस्ट में पुलिस मुठभेड़, दो चोर गिरफ्तार; जेवरात और नकदी बरामद

ग्रेटर नोएडा। ग्रेटर नोएडा वेस्ट में बंद मकानों और फ्लैटों में चोरी की घटनाओं के मामले में बिसरख थाना पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। रोजा गोलचक्कर के पास वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस और आरोपियों के बीच मुठभेड़ हुई। पुलिस के अनुसार, आरोपियों ने भागने की कोशिश करते हुए फायरिंग की, जिसके जवाब में की गई कार्रवाई में जितेंद्र उर्फ जीतू के पैर में गोली लगी। उसके साथी पिंटू को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। घायल आरोपी को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है। पुलिस के मुताबिक, गिरफ्तार आरोपियों पर 13 अक्टूबर 2026 को बिसरख क्षेत्र की एक कॉलोनी में बंद मकान से सोने-चांदी के आभूषण और नकदी चोरी करने का आरोप है। पुलिस आसपास के क्षेत्रों में हुई अन्य चोरी की घटनाओं से भी उनके संबंधों की जांच कर रही है। आरोपियों के कब्जे से मंगलसूत्र, हार, अंगूठियां, पायल और कड़े सहित आभूषण, 11,450 रुपये नकद, एक मोटरसाइकिल, अवैध तमंचा, कारतूस, चोरी में इस्तेमाल होने वाले औजार और तीन एंड्रॉयड मोबाइल फोन बरामद किए जाने की जानकारी दी गई है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि आरोपी बंद मकानों और फ्लैटों को निशाना बनाते थे। पुलिस के अनुसार, मुख्य आरोपी जितेंद्र उर्फ जीतू के खिलाफ विभिन्न स्थानों पर चोरी, लूट, आर्म्स एक्ट और हत्या के प्रयास समेत 14 से अधिक मुकदमे दर्ज हैं। वहीं, पिंटू के खिलाफ भी बिसरख थाने में दो मामले दर्ज बताए गए हैं। पुलिस इस मामले में संदीप नामक एक अन्य संदिग्ध की तलाश कर रही है और अन्य वारदातों में आरोपियों की भूमिका की जांच जारी है।

टीम लीडर पर डिलीवरी ब्वॉय से मारपीट करने का आरोप

ग्रेटर नोएडा। सेक्टर बीटा-2 कोतवाली क्षेत्र में टीम लीडर ने अपने साथियों के साथ मिलकर डिलीवरी ब्वॉय को पीटा और उसे सड़क पर फेंक कर भाग गए। घायल का अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस ने इस मामले में टीम लीडर समेत तीन के खिलाफ केस दर्ज किया है। सेक्टर बीटा-2 कोतवाली पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक जुनपत गांव के रहने वाले विशाल ने बताया कि उसका चचेरा भाई जोंटी बिरौंडा गांव स्थित जेप्टो सुपर मार्केट में डिलीवरी ब्वॉय का काम करता है। आरोप है कि टीम लीडर बॉबी नागर ने 21 अक्तूबर को अपने साथी शिवम और हर्ष के साथ मिलकर जोंटी के साथ बुरी तरह मारपीट की।आरोपी उसे अधमरी हालत में सड़क किनारे फेंक कर भाग गए। राहगीरों की सूचना पर परिजन मौके पर पहुंचे और घायल को अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल में जोंटी का इलाज चल रहा है। अब इस मामले में पुलिस ने विशाल की शिकायत पर मुकदमा दर्ज किया है।

बसों के लिए बना पिक एंड ड्रॉप प्वाइंट शोपीस, परी चौक पर अब भी जाम

आज समाचार सेवा

ग्रेटर नोएडा। ग्रेटर नोएडा में परी चौक पर ट्रैफिक जाम से राहत के लिए प्राधिकरण की योजना सफल नहीं हो पाई।

यहां गुर्जर शोध संस्थान के पास पार्क में 20 लाख रुपये की लागत से बनाया गया वन-वे पिक एंड ड्रॉप प्वाइंट शोपीस बना हुआ है। बसें आज भी तय स्थान की जगह परी चौक और तुगलपुर अंसल प्लाजा कट पर ही सवारियां भर रही हैं। दरअसल प्राधिकरण ने बीते सितंबर माह में आयोजित यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो से पहले पिक एंड ड्रॉप प्वाइंट को शुरू करने की योजना बनाई थी, ताकि सभी सरकारी और निजी बसें यहीं से सवारी लें और परी चौक पर बेतरतीब खड़ी बसों से जाम न लगे, लेकिन निर्माण में देरी के कारण ट्रेड शो के दौरान यह शुरू नहीं हो सका। अब निर्माण पूरा होने के बाद भी इसका उपयोग नहीं हो रहा है। मौके पर न कर्मचारी तैनात है और न ही बसों को निर्धारित प्वाइंट तक जाने के लिए जरूरी दिशा निर्देश दिए जा रहे हैं।

चालक सवारी के लालच में सीधे परी चौक पर ही बसें रोक देते हैं, जिससे सुबह और शाम को व्यस्त घंटों में लंबा जाम लग जाता है। परी चौक पर जाम की समस्या लंबे से बनी हुई है। इससे निजात के लिए प्राधिकरण कई बार योजना बना चुका है। प्राधिकरण के वरिष्ठ प्रबंधक राजेश कुमार निम का कहना है कि प्वाइंट बनकर तैयार है, जल्द ही बसों को यहां शिफ्ट किया जाएगा।